kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-254 ❑ शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12




प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना बुंदेलखंड की कृषि अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगी। यह 24 हजार करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी योजना किसानों की आय बढ़ाने और प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर साबित होगी।

आनंदीबेन पटेल


केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने गुणवत्ता और संस्कृति पर ध्यान देते हुए समयसीमा पर कार्यपूर्ण करने के दिए निर्देश 11

बिहार विधानसभा चुनाव : भाजपा की राह पर बिहार में राजग के सहयोगी 12


राजद-कांग्रेस पर योगी का निशाना

# अब कोई भी बिहार को पुराने लालटेन युग में नहीं ले जा पाएगा : योगी

एजेंसी

पटना। भाजपा के नेता एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिहार विधानसभा के चुनावी रण में उतर चुके हैं। उन्होंने गुरुवार को दूसरी जनसभा सहरसा में की। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बिहार को आज जब मेट्रो, रेल कनेक्टिविटी, हाईवे, एक्सप्रेस वे, एयरपोर्ट, वाटरवे के रूप में पहचान मिल रही है तो इस पहचान को फिर से धूमिल करने के लिए राष्ट्रीय जनता दल (राजद)-कांग्रेस ने शिगूफा छोड़ा है कि विकास नहीं, बुर्का चाहिए। इससे यह लोग फर्जी मतदान कराकर गरीबों-दलितों के हकों पर डकैती डाल सकें। चुनाव में यह विकास की बात नहीं कर रहे। उन्होंने कहा कि बिहार अब पुराने लालटेन युग में नहीं जाएगा, नीतीश जी (मुख्यमंत्री नीतीश कुमार) इसे एलईडी की दूधिया लाइट में लेकर आगे बढ़ चुके हैं। योगी आदित्यनाथ ने यहां नामांकन रैली में सहरसा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार आलोक रंजन झा, सोनबरसा से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार रत्नेश सादा, महिषी से गुंजेश्वर शाह व सिमरी बख्तियारपुर से संजय सिंह (लोजपा) को जिताने की अपील की। योगी ने दोनों विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि फर्जी वोट डलवाएंगे, लेकिन चेहरा नहीं दिखवाएंगे। तीर्थयात्रा में विदेश जाएंगे, एयरपोर्ट पर चेहरा दिखाएंगे, पासपोर्ट पर फोटो भी दिखाएंगे, लेकिन बिहार में वोटिंग पर कहेंगे कि बुर्का को छेड़ो मत, चेहरा दिखाओ मत, फर्जी वोट डलवाने दो। कांग्रेस व राजद फिर से गरीबों के हकों पर डकैती डालने की साजिश कर रहे हैं। इनकी साजिश को सफल नहीं होने देना है, क्योंकि कांग्रेस व राजद ने बिहार के सामने पहचान का संकट खड़ा किया था। उप्र मुख्यमंत्री योगी ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि यह अपने शासनकाल में भारत को अपमानित करते थे। घुसपैठ कराकर अराजकता फैलाते थे। राजद ने बिहार का नहीं, परिवार का विकास किया। राजग पूरे भारत के लिए सोचता है। 20 वर्षों में नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। बिहार में विकास नई आभा के साथ आगे बढ़ रहा है। बाढ़ की समस्या का समाधान बढ़ रहा है। अब गरीबों को योजनाओं का लाभ मिलता है। पहले यह कांग्रेस-राजद व उनके पार्टनर्स में बंट जाता था। योगी ने कहा ● शेष पेज 11 पर



### बिहार विस चुनाव के लिए भाजपा ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची

नई दिल्ली। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ 40 नेताओं के नाम शामिल हैं। स्टार प्रचारकों में अमित शाह, राजनाथ सिंह और जेपी नड्डा, नितिन गडकरी, धर्मेन्द्र प्रधान, महामंत्री विनोद तावड़े, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जैसे ● शेष पेज 11 पर

### विकास बनाम बुर्के की शरारत',योगी आदित्यनाथ ने राजद-कांग्रेस पर साधा निशाना

दानापुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिहार चुनाव में उतर चुके हैं। गुरुवार को उन्होंने दानापुर में भाजपा उम्मीदवार रामकृपाल के समर्थन में आयोजित सभा को सम्बोधित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राजद-कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों ने बुर्के पर बहस शुरू कर दी है। ये फर्जी पोलिंग के पक्ष में हैं जो लोकतंत्र के लिए बड़ी चुनौती है।
राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा कि बिहार के विकास को रोकने के लिए राजद-कांग्रेस ने फिर एक शरारत शुरू की है। विकास बनाम बुर्के की शरारत शुरू की गई है। ऐसा तब है जब बिहार विकास की बात कर रहा है। जब बिहार के नौजवानों के मुंह पर विकास की चर्चा है, तब यहां पर बुर्के को लेकर कांग्रेस और राजद ने नई बहस को आगे बढ़ाया है। मुझे बताइए क्या इनको फर्जी पोलिंग करने का अधिकार देना चाहिए। क्या विदेशी घुसपैठियों को बिहार आकर यहां के नागरिकों के अधिकार में डकैती डालने की छूट देनी चाहिए। योगी ने कहा कि ये लोग दुष्प्रचार का सहारा ले रहे हैं। दुनिया में कहीं भी जाने पर अपनी पहचान दिखानी पड़ती है। चेहरा दिखाना पड़ता है लेकिन ये लोग चाहते हैं कि बिना चेहरा और पहचान पत्र देखे, जिसकी मर्जी आए वह वोट डाल दे। इसीलिए यह चाहते हैं कि ईवीएम मशीन न रहे। ये लोग जबरदस्ती मतदान कर गरीब के हक पर डाका डालते थे। फिर वही करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि 1990 से 2005 तक बिहार के जंगल राज और वंशवादी राजनीति के बारे में कौन नहीं जानता। आपने देखा होगा कि वो कौन लोग थे जिन्होंने बिहार की ज्ञान की आध्यात्मिक भूमि को वंशवादी राजनीति और अपराध की भूमि में बदल दिया, जिससे हमारे युवाओं के लिए पहचान का संकट पैदा हो गया। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर यहां किस तरह अराजकता फैलाई गई, यह किसी से छिपा नहीं है। बिहार में युवाओं के सामने पहचान के संकट के बीच, जो लोग राज्य के लिए कुछ करना ● शेष पेज 11 पर

प्रत्यर्पण प्रक्रिया सुगम बनाने के लिए

# राज्य सरकारें भगोड़े अपराधियों का विशेष सेल स्थापित करें : शाह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को सभी राज्य सरकारों से अपील की कि वे अपने-अपने राज्य की राजधानी में भगोड़े अपराधियों के लिए एक विशेष प्रकोष्ठ (स्पेशल सेल) स्थापित करें, ताकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपराधियों के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया को सुचारू और प्रभावी बनाया जा सके। शाह ने कहा कि ऐसे प्रकोष्ठ की उपलब्धता नहीं होने से कई बार विदेशी न्यायालयों में भारत की ओर से पेश किए जाने वाले प्रत्यर्पण मामलों में मानवाधिकार और कारागार स्थितियों जैसे बहाने सामने आते हैं, जिससे प्रक्रिया जटिल हो जाती है। वे यहां गुरुवार को आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन के 'भगोड़े अपराधियों का प्रत्यर्पण- चुनौतियां और रणनीतियां' के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस सम्मेलन का आयोजन केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा किया गया है, जिसमें केंद्र और राज्य स्तर की विभिन्न जांच एवं सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी शामिल हुए। अमित शाह ने कहा कि भारत में अब एक संस्थागत और संगठित तंत्र की आवश्यकता है, जो भगोड़े अपराधियों की खोज, गिरफ्तारी और प्रत्यर्पण की दिशा में ठोस कार्य करे। उन्होंने कहा कि हमारा देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार, अपराध और आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ मजबूती से आगे बढ़ रहा है। लेकिन हमें उन अपराधियों के खिलाफ भी उतनी ही सख्ती दिखानी होगी जो विदेशों में बैठकर भारत विरोधी गतिविधियां चला रहे हैं।



- ❑ इस वर्ष अब तक 35 भगोड़ों का प्रत्यर्पण कर भारत लाने में सफलता
- ❑ विभिन्न देशों में प्रत्यर्पण के 338 प्रस्ताव लंबित: सीबीआई निदेशक
- ❑ दो दिनों में 258 नक्सलियों का आत्मसमर्पण नक्सलवाद के विरुद्ध लड़ाई में बड़ी सफलता : अमित शाह
- ❑ अबूझमाड़ और नॉर्थ बस्तर नक्सल मुक्त घोषित, आत्मसमर्पण करें या सुरक्षा बलों की कार्रवाई झेलें

गृह मंत्री ने कहा कि भारत में लंबे समय से भगोड़े अपराधियों के प्रत्यर्पण के मामले में संगठित प्रयास और स्पष्ट रोडमैप का अभाव रहा है। उन्होंने कहा कि प्रक्रियाएं तो थीं लेकिन उनमें समन्वय और साझा दृष्टिकोण की कमी थी। अब यह सम्मेलन उस दिशा में नई शुरुआत है।

शाह ने सभी राज्यों से कहा कि वे अपने यहां भगोड़े अपराधियों के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप कारागार प्रकोष्ठ बनाएं। विदेशी न्यायालयों में कई बार अपराधी यह दलील देते हैं कि भारतीय जेलों की स्थिति मानक के अनुरूप नहीं है। शाह ने कहा कि भले ही यह बहाना हो लेकिन ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### पंजाब से निर्विरोध निर्वाचित राज्य सभा सदस्य उद्योगपति राजिंद्र गुप्ता को जीत का सर्टिफिकेट सौंपा

चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा के सचिव-कम-रिटर्निंग अधिकारी राम लोक खटाना ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी के पंजाब से निर्विरोध चुने गये राज्यसभा उम्मीदवार रजिंदर गुप्ता को जीत का सर्टिफिकेट सौंपा।
पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां की उपस्थिति में यह सर्टिफिकेट दिया गया। इस अवसर पर रजिंदर गुप्ता के साथ उनकी पत्नी मधु गुप्ता भी मौजूद थी। राजिंदर गुप्ता के मुकाबले निर्दलीय नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशियों के नामांकन पत्र पहले ही रद्द हो चुके थे। नामांकन पत्रों की जांच में राजिंदर गुप्ता का नामांकन सही पाया गया, जिसके बाद 24 अक्टूबर को उन्हें निर्विरोध चुन लिया गया था।

### मोदी और ट्रंप के बीच कल कोई बातचीत नहीं हुई : रणधीर जायसवाल

नई दिल्ली। भारत ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच पिछले एक-दो दिन में टेलीफोन पर वार्ता होने की उन्हें कोई जानकारी नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया था कि उनकी प्रधानमंत्री मोदी से रूसी तेल खरीद पर रोक लगाने के बारे में बातचीत हुई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में राष्ट्रपति ट्रम्प के बयान पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, ॠमेरी जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच कल कोई बातचीत नहीं हुई है। प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प की गत 9 अक्टूबर को गाजा शांति समझौते के संबंध में बातचीत हुई थी। इस दौरान मोदी ने शांति समझौते के लिए ट्रम्प को बधाई दी। साथ ही उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने पर भी चर्चा की थी। राष्ट्रपति ट्रम्प के बयान तथा ब्रिटेन की ओर से एक भारतीय कंपनी पर प्रतिबंध लगाए जाने पर प्रवक्ता ने कहा कि देश के उपभोक्ताओं के हित, बाजार के हालात और देश की ऊर्ज़ा सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है। साथ ही ऊर्ज़ा हासिल करने के बारे में किसी तरह के दोहरे मानदंड नहीं होने चाहिए।

### यूट्यूबर एल्विश व सिंगर फाजिलपुरिया के खिलाफ ईडी ने दाखिल की चार्जशीट

गुरुग्राम। अपने गानों में सांपों का इस्तेमाल कर वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन एक्ट का उल्लंघन करने के आरोपों में फंसे यूट्यूबर एल्विश यादव और सिंगर राहुल फाजिलपुरिया की मुश्किलें बढ़ गई हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को विशेष पीएमएलए अदालत गुरुग्राम में चार्जशीट दाखिल कर दी। चंडीगढ़ की म्यूजिक कंपनी स्काई डिजिटल को सह-आरोपी बनाया गया। अब ईडी ने पीएमएलए अदालत में दाखिल किए गए आरोप पत्र में कहा है कि स्काई डिजिटल कंपनी इस गैरकानूनी गतिविधि में संलिप्त थी।

## दिल्ली में 80 दिन तक वैश्विक स्तर के संगीत व सांस्कृतिक समारोह होंगे आयोजित : रेखा गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि राजधानी में आने वाले 80 दिनों में 30 से अधिक बड़े और यादगार भारतीय और अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जो पहले कभी नहीं हुए। उन्होंने कहा कि देश की राजधानी को 'इवेंट-फ्रेंडली सिटी' बनाने के लिए ही बड़े स्टेडियमों व सभागारों के किराए में प्रभावी कमी की गई है और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपग्रेड किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार 'विरासत भी-विकास भी' मंत्र के साथ सांस्कृतिक विविधता और राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। दिल्ली सचिवालय में गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने यह जानकारी दी। इसमें दिल्ली के पर्यटन तथा कला, संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा ने भी अपने विचार साझा किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 80 दिनों में देश की राजधानी में सांस्कृतिक व संगीत की लहर चलेगी, जब देश और विदेश के बड़े कलाकार राजधानी में अपनी प्रस्तुति देंगे। इनमें ट्रैविस स्कॉट, कृष्ण दास, जाकिर खान, पैपोन, एपी ढिल्लों, अरमान मलिक, जोनिता गांधी, राधिका दास सहित अनेक सितारे शामिल हैं। यह पहल दिल्ली सरकार, इवेंट एंड एंटरटेनमेंट मैनेजमेंट एसोसिएशन (फ़ेमा) और पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के संयुक्त सहयोग से की जा रही है, ताकि इन कार्यक्रमों का स्तर भी ● शेष पेज 11 पर



❑ देश की राजधानी को 'इवेंट-फ्रेंडली सिटी' बनाने के लिए ही बड़े स्टेडियमों व सभागारों के किराए में प्रभावी कमी की गई है

### अफ़गानिस्तान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता के लिए भारत ने जताई प्रतिबद्धता

नई दिल्ली। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच 48 घंटे के युद्धविराम पर सहमति बनने के अगले दिन गुरुवार को भारत ने कहा कि दोनों देशों के बीच घटनाक्रम पर वह नजर बनाए हुए है। विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान को नसीहत देते हुए भारत की ओर से अफ़गानिस्तान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और स्वतंत्रता के लिए पूरी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में कहा कि हम स्थिति पर कड़ी नज़र रख रहे हैं। भारत अफ़गानिस्तान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और स्वतंत्रता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि तीन बातें स्पष्ट हैं- पहली, पाकिस्तान आतंकवादी संगठनों को पनाह देता है और आतंकवादी गतिविधियों को प्रायोजित करता है। दूसरी, अपनी आंतरिक विफलताओं के लिए अपने पड़ोसियों को दोष देना पाकिस्तान की पुरानी आदत है और तीसरी, पाकिस्तान अफ़गानिस्तान द्वारा अपने क्षेत्रों पर संप्रभुता का प्रयोग करने से नाराज़ है। उल्लेखनीय है कि ● शेष पेज 11 पर

## ऑपरेशन सिंदूर भारत की बढ़ती स्वदेशी शक्ति का ज्वलंत प्रमाण है : राजनाथ सिंह

एजेंसी

मुंबई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को महाराष्ट्र के पुणे में कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' भारत की बढ़ती स्वदेशी शक्ति का एक ज्वलंत प्रमाण है, जो देश में आत्मनिर्भर रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने के सरकार के अथक प्रयासों से प्राप्त हुआ है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज पुणे में सिम्बायोसिस स्किल्स एंड प्रोफ़ेशनल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को विश्वास और दृढ़ता जैसे गुणों के महत्व समझा रहे थे। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि जब सरकार ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना शुरू किया, तो आरंभ में यह कठिन लग रहा था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में घरेलू रक्षा विनिर्माण के विस्तार में कोई कसर न छोड़ते हुए पूरी कोशिश की गई। इसी संकल्प के कारण सकारात्मक परिणाम मिलने लगे।

उन्होंने कहा कि हमने रक्षा क्षेत्र में बदलाव का संकल्प लिया है क्योंकि देश की स्वतंत्रता के बाद से ही हम हथियारों के लिए दूसरे देशों पर बहुत अधिक निर्भर रहे हैं। हम हथियार खरीदने के आदी हो गए थे क्योंकि हमारे पास भारत में निर्माण करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी थी और हमारे पास रक्षा निर्माण को बढ़ावा देने संबंधी क़ानून भी नहीं थे। इसमें बदलाव की आवश्यकता थी। अब हमारा संकल्प है कि भारत अपने सैनिकों के लिए स्वदेश में निर्मित हथियार बनाए। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूरी दुनिया ने हमारे सैनिकों की वीरता देखी। उन्होंने कहा कि निर्धारित व्यापक लक्ष्य देश में निर्मित रक्षा उपकरणों के उपयोग से ही हासिल किया है।

रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सालाना रक्षा उत्पादन 46 हजार करोड़ रुपये से बढक़र रिकॉर्ड डेढ़ लाख करोड़ रुपये का हो गया है, जिसमें निजी क्षेत्र का योगदान लगभग 33 हजार करोड़ रुपये का है। उन्होंने वर्ष 2029 तक तीन लाख करोड़ रुपये के रक्षा विनिर्माण लक्ष्य और 50 हजार करोड़ रुपये के निर्यात लक्ष्य हासिल होने का विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने विद्यार्थियों से शैक्षणिक उपलब्धियों से आगे बढक़र सृजनकर्ता, नवोन्मेषक और राष्ट्रीय विकास में योगदानकर्ता बनने का आह्वान किया। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि सच्ची सफलता केवल शैक्षणिक उपाधि हासिल ● शेष पेज 11 पर



❑ उन्होंने कहा कि हमने रक्षा क्षेत्र में बदलाव का संकल्प लिया है क्योंकि देश की स्वतंत्रता के बाद से ही हम हथियारों के लिए दूसरे देशों पर बहुत अधिक निर्भर रहे हैं।

## एनडीए का मतलब नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस ही नहीं इसका मतलब नेशनल डेवलपमेंट एलायंस : अनुराग ठाकुर

एजेंसी

अररिया। अररिया के कुर्साकांटा सुभाष स्टेडियम में केंद्र सरकार के पूर्व मंत्री एवं हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर से सांसद अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को सिकटी के भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार मंडल के नामांकन सह आशीर्वाद यात्रा के तहत आयोजित जनसभा में जमकर दहाड़ा।उन्होंने कहा कि एनडीए के मतलब नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस ही नहीं इसका मतलब नेशनल डेवलपमेंट एलायंस भी है।अर्थात जहां एनडीए है वहां विकास है,विश्वास है,सुशासन है,बढ़िया उद्योग है,जनता का राज है,पूरे होते काज हैं,बढ़िया लॉ एंड ऑर्डर है,सुरक्षित बॉर्डर है और युवाओं के हाथ में काम है। अपने संबोधन में सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नीतीश कुमार की जोड़ी के समान ही अररिया में सांसद प्रदीप कुमार सिंह और विधायक विजय कुमार मंडल की जोड़ी है।जिन्होंने मिलकर अररिया में विकास की कई नई गाथा को लिखने का काम किया।अररिया गलगलिया नई रेल लाइन चली तो वंदे भारत और अमृत भारत एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें भी चली।सड़क बने तो बिजली मिली।पॉलीटेक्निक कॉलेज से लेकर मेडिकल कॉलेज तक बना।

सांसद अनुराग ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार की धरती माता जानकी,भगवान बुद्ध,भगवान महावीर,गुरु गोविंद सिंह की जन्मभूमि के साथ बिहार के वीर सपूतों वाली सैनिकों की धरती है और इस धरती को नमन करते हैं।उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के नापाक इरादों के खिलाफ मोदीजी ने भारतीय सैनिकों को खुली छूट दे दी।जिसके परिणाम स्वरूप सर्जिकल स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर जैसे ऑपरेशन सफल हुए। बिहार में लालू राबड़ी शासनकाल को याद करते हुए श्री ठाकुर ने कहा कि लालू के जंगलराज में सूर्य अस्त,बिहार त्रस्त,जनता पस्त और अपराधी मस्त थे।लेकिन एनडीए के शासनकाल में स्थिति बदली।एनडीए की सरकार ने विकास की नई लकीर खींची और बिहार आज केंद्र प्रायोजित योजनाओं में सबसे आगे है।उन्होंने जीविका दीदी को दिए गए दस दस हजार रूपये को लेकर कहा कि जब मोदी और नीतीशजी दस दस हजार रूपये दे सकते हैं तो विश्वास रखिए दो दो ● शेष पेज 11 पर



चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में राज्य नई औद्योगिक क्रांति, तकनीकी नवाचार और रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा

# आंध्र प्रदेश बन रहा आत्मनिर्भर भारत की सफलता का प्रमुख केंद्र : प्रधानमंत्री

एजेंसी

कुरनूल (आंध्र प्रदेश)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में आंध्र प्रदेश एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में राज्य नई औद्योगिक क्रांति, तकनीकी नवाचार और रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।

आंध्र प्रदेश के कुरनूल में आज 13,430 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों ने आंध्र प्रदेश की क्षमताओं को नज़रअंदाज़ कर न केवल राज्य का बल्कि पूरे देश का नुकसान किया। वह राज्य जो भारत के विकास को गति दे सकता था, उसे खुद अपने विकास के लिए संघर्ष करना पड़ा। लेकिन अब एनडीए सरकार के तहत आंध्र प्रदेश की तस्वीर बदल रही है। यह राज्य आत्मनिर्भर भारत की नई ताकत बन रहा है।



उन्होंने कहा कि आज 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में आंध्र प्रदेश की भूमिका अहम है। उन्होंने कहा, ॠ2047 के विकसित भारत के संकल्प को 'स्वर्ण आंध्रा' के लक्ष्य से नई ऊर्ज़ा मिल रही है। तकनीक और नवाचार में आंध्र प्रदेश और उसके युवा हमेशा अग्रणी रहे हैं। डबल इंजन की सरकार के तहत हम इस क्षमता को और सशक्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि गूगल आंध्र प्रदेश में भारत का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हब स्थापित करने जा रहा है। यह निवेश न केवल राज्य बल्कि पूरे भारत के लिए ऐतिहासिक अवसर है। मोदी ने बताया, ॠगूगल का यह एआई हब विशाखापत्तनम को वैश्विक एआई और कनेक्टिविटी केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। इसमें शक्तिशाली एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर, डेटा सेंटर, ऊर्ज़ा स्रोत और अंतरराष्ट्रीय सबसी केबल नेटवर्क शामिल होंगे, जो भारत के पूर्वी तट से जुड़ेंगे।ॡ उन्होंने इसके लिए आंध्र प्रदेश के लोगों और मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की दूरदर्शिता की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के विकास के लिए आंध्र प्रदेश का विकास आवश्यक है। उन्होंने कहा, आंध्र के विकास के लिए रायलसीमा का विकास भी उतना ही जरूरी है। आज कुरनूल की भूमि पर शुरू हुए प्रोजेक्ट्स रायलसीमा के हर जिले में रोजगार और समृद्धि के नए द्वार खोलेंगे।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार अर्वकल और कोप्पर्थी को आंध्र प्रदेश की नई औद्योगिक पहचान के रूप में विकसित कर रही है। इन औद्योगिक कॉरिडोरों से निवेश बढ़ेगा और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मोदी ने कहा कि आज दुनिया भारत को 21वीं सदी के नए मैन्युफैक्चरिंग सेंटर के रूप में देख रही है। इस सफलता की नींव आत्मनिर्भर भारत का विजन है और आंध्र प्रदेश इस मिशन का प्रमुख केंद्र बन रहा है। प्रधानमंत्री ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुए कहा कि निम्मलुरु में एडवांस्ड नाइट विजन प्रोडक्ट्स फैक्टरी का शुभारंभ भारत की रक्षा क्षमताओं को नई ऊंचाई पर ले जाएगा। यहां ● शेष पेज 11 पर

# प्रयागराज स्मार्ट सिटी लिमिटेड की 29वीं बोर्ड बैठक सम्पन्न

**बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए स्मार्ट सिटी के प्रारूपित वित्तीय विवरणों को अनुमोदित किया गया**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को आयुक्त कार्यालय स्थित गांधी सभागार में प्रयागराज स्मार्ट सिटी लिमिटेड की 29वीं बोर्ड बैठक आयोजित की गई।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए स्मार्ट सिटी के प्रारूपित वित्तीय विवरणों को अनुमोदित किया गया। साथ ही मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी को नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया।बैठक में स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत चल रही प्रमुख परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। मण्डलायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं को सस्टेनेबल और रेवेन्यू जेनेरेटिंग बनाया जाए ताकि उनका दीर्घकालिक संचालन सुनिश्चित हो सके।उन्होंने प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) द्वारा स्थापित बस शेल्टरों की स्थिति की जानकारी ली और जिनका निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, उन्हें शीघ्र हस्तांतरित करने के निर्देश दिए।बैठक में बोट क्लब स्थित फ्लोटिंग रेस्टोरेंट एवं नौकायन सेवा के विस्तार का प्रस्ताव भी रखा गया। यह परियोजना पहले उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा संचालित की जा रही थी। अब इसके संचालन के विस्तार हेतु एक नई निविदा जारी की गई है, जिससे महाकुंभ 2025 के मद्देनज़र नगर में पर्यटन को और बढ़ावा मिलने की संभावना है।मण्डलायुक्त ने कहा कि सभी परियोजनाएं समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और निर्धारित बजट के भीतर पूरी की जाएं।बैठक में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अमित पाल शर्मा, नगर आयुक्त साई तेजा, तथा स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नगराम पुलिस की तत्परता से बचा युवक , सात मिनट में पहुंची थी पुलिस



नगराम, लखनऊ । गुरुवार को मेटा एआई की तकनीकी सतर्कता और नगराम पुलिस की फुर्ती से 19 वर्षीय युवक की जान बच गई। नगराम के ग्राम कपेरा मदारपुर निवासी हर्षित वर्मा ने महिला मित्र से विवाद के बाद इंस्टाग्राम पर आत्महत्या की स्टोरी पोस्ट की थी। मेटा एआई सिस्टम ने पोस्ट को आत्मघाती प्रवृत्ति मानते हुए पुलिस मुख्यालय को अलर्ट भेजा। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष विवेक कुमार चौधरी ने तत्काल दरोगा प्रदीप कुमार, सैयद हाशमी समेत टीम को रवाना किया और केवल सात मिनट में पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने युवक की काउंसलिंग कर पोस्ट डिलीट कराई और उसे समझाया। परिजनों ने नगराम पुलिस की तत्परता की सराहना की। थानाध्यक्ष ने कहा कि सोशल मीडिया पर ऐसे संवेदनशील पोस्ट गंभीर होते हैं, युवाओं को भावनात्मक आवेश में ऐसा कदम नहीं उठाना चाहिए।

# नगर अध्यक्ष निर्माण कार्य की गुणवक्ता की कर रहे परख



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोराव, प्रयागराज । जबसे नगर पंचायत कोराव की जिम्मेदारी नगर अध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी को जनता ने दिया है तभी से लगातार प्रयास कर रहे है कि हर गली मोहल्ला नगर में रह रहे लोगो को कोई परेशानी न उठाना पड़े इसके लिए लगातार तत्परता से उन बिंदुओं में प्रकाश डालकर जनहित में काम कर रहे है अब तक कई गली मोहल्ला में इंटर लॉकिंग सहित अन्य मोहल्ला में आवागवन सुचारू रूप से बनाये रखने के लिए काम करते चले आ रहे साथ ही जो निर्माण कार्य हो रहा है वह मानक के अनुसार कराया जा रहा है या नही इसके लिए समय - समय पर मौके पर खुद जाकर निरीक्षण भी करते है इसी क्रम में गुरुवार को कोराव नगर के शहीद नगर वार्ड मे इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के लिए जिम्मेदार को कड़ाई से निर्देशित किया।निरीक्षण के दौरान नगर के सभासद राजकुमार केशरी , निशांत केशरी , सुफल पांडेय , रामेश्वर सिंह , अजय सिंह व अन्य मुहल्ले के लोग उपस्थित रहे।

### मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर पर कार्रवाई

**प्रयागराज।** प्रयागराज स्थित मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में नेफ्रोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद गुप्ता पर बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई हुई है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर उनकी तीन वेतन वृद्धियां स्थाई रूप से रोक दी गई हैं। डॉ. गुप्ता पर प्राइवेट प्रैक्टिस का आरोप लगा था। जांच में आरोप सही पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई। डॉ. अरविंद गुप्ता कॉलेज में प्रोफ़ेसर भी हैं। मेडिकल क्षेत्र में शुचिता बनाए रखने के उद्देश्य से यह कठोर कदम उठाया गया है। शासन ने साफ किया है कि सरकारी डॉक्टरों द्वारा निजी प्रैक्टिस बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### एफआईआर नहीं लिखने पर फटकार, घूरपुर थाना मामला

**प्रयागराज।** प्रयागराज के यमुनानगर क्षेत्र के घूरपुर थाने में एक गरीब महिला की एफआईआर दर्ज न होने का मामला सामने आया है। दबंगों द्वारा महिला के घर में घुसकर फायरिंग और मारपीट की गई, लेकिन शिकायत के बावजूद पुलिस ने मुकदमा नहीं लिखा। पीड़िता ने पुलिस कमिश्नर जोगेंदर कुमार से शिकायत की, जिस पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने डीसीपी यमुनानगर को कार्रवाई के निर्देश दिए। थाना प्रभारी की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। आरोप है कि पुलिस अपराधियों को बचाने में लगी थी। पूरे प्रकरण की जांच के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं।

### रोडवेज बस अड्डे पर मारपीट का मामला

**प्रयागराज।** प्रयागराज के सिविल लाइंस स्थित रोडवेज बस अड्डे पर डग्गामार बस चालकों और मालिकों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। आरोप है कि फ़ेरे लगाने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में हाथापाई शुरू हो गई। यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया। यह घटना परिवहन व्यवस्था की लापरवाही को उजागर करती है। विभागीय अधिकारियों ने मामले की जांच की बात कही है। डग्गामार वाहनों पर पहले भी कई बार कार्रवाई हो चुकी है।

### फूलपुर हत्या कांड का खुलासा

**प्रयागराज।** जिले के फूलपुर इलाके में हुई हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। कुछ दिन पूर्व हुई इस वारदात में चार बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने उनके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल और एक फॉर्च्यूनर गाड़ी भी बरामद की है। डीसीपी गंगानगर कुलदीप गुनावत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस सफलता की जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, आपसी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया गया था। मामले में अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। जल्द ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी भी हो सकती है।

### पटाखा माफिया को हाईकोर्ट से झटका

**प्रयागराज।** जनपद से इलाहाबाद हाईकोर्ट की बड़ी खबर सामने आई है। करोड़ों की ठगी मामले में फरार चल रहे पटाखा माफिया कादिर की अग्रिम जमानत याचिका हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। अदालत ने याचिका को गंभीर अपराध मानते हुए यह निर्णय लिया। कादिर पर कई राज्यों में आर्थिक अपराधों के मामले दर्ज हैं। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। कोर्ट ने साफ कहा कि गंभीर अपराधों में अग्रिम जमानत नहीं दी जा सकती। इस फैसले से प्रशासन को आरोपी की गिरफ्तारी में मदद मिलेगी। कादिर अब किसी भी समय गिरफ्तार किया जा सकता है।

### एसआरएन अस्पताल में बिना ओपन सर्जरी दिल का इलाज

**प्रयागराज।** प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल में डॉक्टरों ने चिकित्सा क्षेत्र में नया इतिहास रच दिया है। यहां 21 वर्षीय युवक के दिल में मौजूद 6 मिमी के छेद को बिना ओपन हार्ट सर्जरी के सफलतापूर्वक बंद कर दिया गया। डॉक्टरों की टीम ने कैथेटर तकनीक के माध्यम से यह उपलब्धि हासिल की। डॉ. विमल निषाद और डॉ. वैभव श्रीवास्तव की अगुवाई में टेक्नीशियन ओमवीर और योगेश ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विभागाध्यक्ष ने इसे प्रयागराज के लिए बड़ी उपलब्धि बताया है। यह तकनीक मरीजों के लिए कम खर्चीली और सुरक्षित साबित हो रही है।

### युवक पर जानलेवा हमला, पुलिस पर लापरवाही का आरोप

प्रयागराज। प्रयागराज के मुंडेरा मंडी, धूमनगंज में एक युवक पर जानलेवा हमला हुआ। आरोपियों ने युवक की बेरहमी से पिटाई की, लेकिन पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज नहीं किया। इससे नाराज राष्ट्रीय हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। संगठन ने पुलिस पर जबरन तहरीर बदलवाने का भी आरोप लगाया। पीड़ित युवक डर के कारण दुकान नहीं खोल पा रहा है। पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े हो गए हैं। मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग जोर पकड़ रही है।

### सांसद-विधायक खेल स्पर्धा को लेकर बैठक

प्रयागराज। प्रयागराज के संगम सभागार में सांसद एवं विधायक खेल स्पर्धा को लेकर अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह ने की। इस दौरान क्षेत्रीय खेल अधिकारी प्रेम कुमार, गुलशन कुमार (जिला युवा समाज कल्याण अधिकारी) ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की। सभी सांसद, विधायक व उनके प्रतिनिधियों से सुझाव लिए गए। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक पी.के. सिंह, ओलंपिक एसोसिएशन के संयुक्त सचिव आर.एस. बेदी, वॉलीबॉल सचिव आर.पी. शुक्ला, कबड्डी सचिव पांडेय सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई।

### महाराजा लाखन पासी की जयंती पर सरोजनीनगर में गूँजा पराक्रम और प्रगति का संदेश



**लखनऊ।** महाराजा लाखन पासी जयंती के उपलक्ष्य में सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सभा गहरू में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। इस अवसर पर विधायक ने महाराजा लाखन पासी के पराक्रम, नीतियों एवं गौरवशाली इतिहास को नमन किया। इस अवसर पर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह जी ने मेधावी छात्र-छात्राओं, बेटियों और मातृशक्ति को सम्मानित करते हुए शिक्षा, स्वावलंबन और समाज के उन्नयन का संदेश दिया।विधायक डॉ. सिंह ने कहा कि, पासी समाज का इतिहास धर्म की रक्षा, देश की रक्षा, स्वाभिमान की रक्षा का गौरवशाली परंपरा का साक्षी है, महाराजा बिजली पासी जी अपनी नीतियों से लोकनायक कहलाए, वीरा पासी जी, जिन्होंने अंग्रेजों से गुरिल्ला युद्ध किया। वीरांगना उदा देवी पासी, जिन्होंने 36 अंग्रेज सैनिकों को मार कर वीरगति पाई, मदारी पासी, जिन्होंने एका आन्दोलन का नेतृत्व किया, मसूरिया दीन पासी, जिन्होंने बहुजन अधिकारों के लिए संसद से लेकर सड़क तक संघर्ष किया।हमारा इतिहास हमें बताता है कि, हम पर 700 वर्षों तक मुगलों, 200 वर्षों तक अंग्रेजों ने शासन किया, इतिहास के किसी भी कालखंड में भारत में 2 लाख से अधिक अंग्रेज भारत में नहीं रहे, लेकिन 30 करोड़ भारतीयों पर शासन किया, क्योकि वे एकजुट थे और हम बिखरे हुए। महापुरुषों का बलिदान हमें यही सिखाता है कि देश की स्वतंत्रता, स्वाभिमान और समृद्धि के लिए हमें एकजुट रहना है। युवा उनके त्याग बलिदान से प्रेरणा प्राप्त करें इसके लिए लगातार महापुरुषों की प्रतिमाएं भी स्थापित की जा रही है।डॉ. सिंह ने युवा पीढ़ी को सचेत करते हुए कहा कि भविष्य डिजिटल शिक्षा का है, हमें भविष्य में अपने देश को मात्र शस्त्रों से नहीं, बल्कि स्किल्स से सुरक्षित रखना है, इसके लिए उन्हें डिजिटल स्किल्स सीखना आवश्यक है। विधायक ने बताया की इसी संकल्प के अनुरूप सरोजनीनगर में 14 रण बहादुर सिंह डिजिटल शिक्षा एवं युवा सशक्तिकरण केंद्र संचालित है। डिजिटल शिक्षा के प्रोत्साहन क्रम में 5 मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरणः डॉ. सिंह ने 5 मेधावी विद्यार्थियों – वैशाली (84.5%) पिताः श्री संतोष कुमार, निवासी दांदूपुर, विश्व प्रताप (81.5%) पिताः देवेंद्र, निवासी दांदूपुर, रुद्रादित्य देवराज पिताः दिलीप रावत, निवासी गहरू, अंजलि कुमारी (75.6%) पिताः राकेश कुमार, निवासी अवध विहार कॉलोनी, सौम्या राजीव (74.4%) पिताः राजीव रावत, निवासी सदरौना को लैपटॉप प्रदान कर सम्मानित किया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की बैठक

**दीपावली पर्व पर मिलावटी खाद्य पदार्थों पर सख्त निगरानी के निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को संगम सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय द्वारा पिछली बैठक की कार्यवाही का विवरण प्रस्तुत किया गया।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की कैंटीनों, जनपद के कोल्ड स्टोरेजों तथा सभी कोटेदारों को अनिवार्य रूप से लाइसेंस एवं पंजीकरण के अंतर्गत लाया जाए। साथ ही सभी शराब प्रतिष्ठानों और आंगनबाड़ी केंद्रों को भी लाइसेंस से आच्छादित करने के निर्देश दिए गए।उन्होंने बताया कि मानकों के विपरीत पाए गए खाद्य नमूनों के संबंध में माह सितंबर तक दर्ज वादों की समीक्षा की गई है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को न्यायालय में लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने जनपद के छात्रावासों, हॉस्पिटलों, पीजी, आश्रम पद्धति विद्यालयों, कस्तूरबा गांधी विद्यालयों तथा खाने की पैकिंग यूनिटों की कैंटीनों में नियमित निरीक्षण एवं निगरानी के निर्देश दिए, ताकि खाद्य मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।उन्होंने कहा कि मिलावटी खाद्य पदार्थों पर रोक लगाने के लिए निरंतर सैम्पलिंग अभियान चलाया जाए, और यदि कहीं भी मिलावट पाई जाए तो तत्काल कार्रवाई कर सामग्री नष्ट की जाए।जिलाधिकारी ने औषधि निरीक्षक को कोल्ड ड्रिफ कफ सिरप पर विशेष सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए और कहा कि दीपावली पर्व के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों पर विशेष निगरानी रखी जाए, ताकि उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।बैठक में नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह, सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सुशील कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा के स्टार प्रचारक होंगे सांसद रवि किशन शुक्ला

**सांसद रवि किशन शुक्ला ने कहा बिहार मेरा अपना है, मेरी मिट्टी है**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। गोरखपुर के लोकप्रिय सांसद, फिल्म अभिनेता और जनप्रिय नेता रवि किशन शुक्ला को भारतीय जनता पार्टी द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारक घोषित किया गया है।

पार्टी के इस निर्णय का स्वागत करते हुए रवि किशन ने कहा कि वे बिहार की धरती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के विकसित भारत–समृद्ध बिहार के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। सांसद रवि किशन शुक्ला ने कहा बिहार मेरा अपना है, मेरी मिट्टी है। आज बिहार विकास, रोजगार, शिक्षा और आत्मनिर्भरता के नए युग की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने जो प्रगति का मार्ग अपनाया है, उसी राह पर बिहार को और आगे ले जाना ही मेरा संकल्प है।ङ्कउन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियाँ सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूलमंत्र पर आधारित हैं। बिहार के युवा, किसान, महिलाएँ और व्यापारी आज मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं, जिससे राज्य के विकास की रफ्तार तेज हुई है।रवि किशन शुक्ला ने कहा कि वे चुनावी प्रचार के दौरान गांव-गांव, शहर-शहर जाकर भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं और प्रधानमंत्री मोदी जी के विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को जनता के बीच रखेंगे।> ल्लबिहार की जनता विकास चाहती है, स्थिरता चाहती है, रोजगार और सम्मान चाहती है – और भाजपा उसी का प्रतीक है। मैं बिहार की जनता से सीधा संवाद करूंगा, क्योंकि जनता ही हमारी ताकत है।ङ्कसांसद रवि किशन शुक्ला ने कहा कि वे प्रचार के दौरान बिहार के युवाओं को यह संदेश देंगे कि–> ल्लफिट युवा ही बनेगा विकसित भारत का आधार, और आत्मनिर्भर बिहार उसका सशक्त स्तंभ।

# महाराजा लाखन पासी जयंती धूमधाम से सम्पन्न, बच्चों को मिली पठन सामग्री

**पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने आसपास के किला के संबंध में बताया ऐतिहासिक**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मोहनलाल गंज के ग्राम टिकरासानी में महाराजा लाखन पासी सामाजिक उत्थान समिति द्वारा महाराजा लाखन पासी जयंती बड़े हर्षोल्लास से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सपा सांसद आर.के. चौधरी और विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर शामिल हुए। दोनों नेताओं ने महाराजा लाखन पासी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। सांसद चौधरी ने कहा कि महाराजा लाखन पासी और बिजली पासी जैसे योद्धाओं ने समाज को गौरव और न्याय का मार्ग दिखाया। उन्होंने युवाओं से शिक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की। वहीं अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने पासी राजाओं के सांस्कृतिक योगदान का उल्लेख करते हुए ऐसे आयोजनों को समाज में एकता का प्रतीक बताया। कहा कि लखनऊ का ऐतिहासिक नामकरण और इसके आस-पास के किलों का संबंध महाराजा बिजली पासी, सातन पासी, सुहैल देव पासी, डाल देव पासी जैसे महान राजाओं से जुड़ा है। समारोह में बच्चों को पठन व लेखन सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम का समापन भंडारे और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। आयोजकों ने संकल्प लिया कि यह आयोजन हर वर्ष और भी भव्य रूप से किया जाएगा।

# बीते दिनों हुए कातिलाना हमले में एक ज्ञात दो अज्ञात के विरुद्ध कोरावं पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**आरोपियों को पहचान करने वालो को 25 हजार इनाम देगी पुलिस**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोराव प्रयागराज। गोपाल विद्यालय इंटर कालेज कोराव इंग्लिश मीडियम में संस्कार शुक्ल उम्र लगभग 16 वर्ष पुत्र विनय शुक्ल कक्षा 10 वी छात्र है परीक्षा देकर वापस दोपहर अपने घर भलुवा जा रहा था जब छात्र सेमरी बाघराय के पासपहुँचा उसी समय एक बिना नंबर प्लेट की दो पहिया पैशन प्रो वाहन से दो लोग सवार होकर पहुचे और धारदार से हमला करने लगे आसपास के लोगो ने बताया कि 27 बार मारने के लिए वार किया गया था जब तक आसपास के लोगो को जानकारी हुई हमलावर भाग निकले स्थानिय लोगो ने तत्काल इलाकाई पुलिस को सूचना दिया जब तक पुलिस पहुची उसके पहले ही स्थानीय लोग सीएचसी कोराव लेकर इलाज के लिए पहुँच चुके थे गंभीर चोट आने के कारण प्रयागराज मोती लाल नेहरू हास्पिटल रेफर किया गया था इलाज चल रहा हैफिलहाल इस घटना में कोराव पुलिस ने एक नामजद दो अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए हर संभव प्रयास में पुलिस जुटी है साथ ही उच्चाधिकारियों द्वारा कुछ अलग से भी टीम घटना का खुलासा करने के लिए लगाया गया है लेकिन स्थानीय लोगो का कहना है कि दिन दहाड़े इतनी बड़ी घटना घटी लेकिन अभी तक आरोपी गिरफ्तार नही हुए इस मामले में प्रभारी निरीक्षक कोराव राकेश कुमार वर्मा ने बताया कि हर संभव प्रयास घटना का अनावरण करने के लिए प्रयास निरन्तर जारी है

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन से प्रेरित फिट युवा विकसित भारत की दिशा में एक और बड़ा कदम

**सांसद खेल महोत्सव 2025 की तैयारी बैठक एनेक्सी भवन सभागार में सम्पन्न**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'फिट इंडिया, हिट इंडिया' और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'समृद्ध, आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' के विजन को साकार करने की दिशा में आज एनेक्सी भवन सभागार में सांसद खेल महोत्सव 2025 की योजना बैठक सम्पन्न हुई। यह आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने का माध्यम बनेगा, बल्कि युवाओं में अनुशासन, स्वास्थ्य और राष्ट्रीय चेतना का भी संचार करेगा।बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह, माननीय विधायक श्री प्रदीप शुक्ला, गोरखपुर महानगर संयोजक राजेश गुप्ता, जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी तथा संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस बैठक में सांसद खेल महोत्सव–फिट युवा, फॉर विकसित भारत की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा हुई।21 सितम्बर से 25 दिसम्बर 2025 तक आयोजित होने वाले इस महोत्सव की शुरुआत सेवा पखवाड़ा से होगी। यह आयोजन प्रधानमंत्री मोदी के 'फिटनेस इज फ्रीडम' के संदेश और मुख्यमंत्री योगी के 'निरोगी उत्तर प्रदेश' के लक्ष्य को बल देने वाला साबित होगा।सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य है–* ग्रामीण और शहरी युवाओं को खेलों से जोड़कर उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना।* खेल प्रतिभाओं को जिला, मंडल और राज्य स्तर तक अवसर देना।* समाज में 'फिट बॉडी, फिट माइंड, फिट नेशन' का संदेश फैलाना।बैठक में वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत खेल महाशक्ति बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश खेल क्रांति के दौर से गुजर रहा है। गोरखपुर में आयोजित यह खेल महोत्सव इसी परिवर्तन का सशक्त उदाहरण बनेगा।बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि सांसद खेल महोत्सव को जन-जन तक पहुंचाने के लिए युवाओं, स्वयंसेवी संगठनों, विद्यालयों और महाविद्यालयों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि ल्लफिट युवा, विकसित भारतङ्क का सपना साकार हो सके।

# मंडी से अवैध पटाखे बरामद, एक युवक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। कोतवाली दुबग्गा पुलिस और अग्निसमन अधिकारी चौक टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मुअज्जम नगर इलाके से एक युवक को अवैध पटाखों के साथ गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार युवक की पहचान सत्यम कट्यार (22 वर्ष) निवासी मुअज्जमनगर, कैम्पवेल रोड के रूप में हुई है। उसके कब्जे से करीब 2.25 क्विंटल अवैध पटाखे बरामद किए गए, जिनमें चर्खी, शॉर्ट्स, स्वीट-60, लाइट्स सेलिब्रेशन और बम आदि शामिल हैं।पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास पटाखों का कोई लाइसेंस नहीं था। उसके खिलाफ धारा 9ख विस्फोटक अधिनियम 1884 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।छापेमारी टीम में प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार वर्मा, वरिष्ठ उप निरीक्षक राकेश पटेल सहित कई पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि दीपावली से पहले अवैध पटाखों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल– वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | MSS-LKO-AYC-PS-134-25-1 (Misc-Static-Services-Parcel Scanner) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.10.2025 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.10.2025 at 10:30 hrs. |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

सं.: C/ParcelScanner/eauction/2025/SJK Date:- 15.10.2025 3201/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# एक कदम गाँधी के साथ पदयात्रा का कई जगह होगा आयोजन

## गाँधी की शारीरिक हत्या के बाद अब वैचारिक हत्या की कोशिश जारी : हरीश चन्द्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । महात्मा गांधी की शारीरिक हत्या के बाद अब वैचारिक हत्या की कोशिश जारी है। यह बात आज सर्व सेवा संघ के सहयोगी संगठन भारत जन ज्ञान विज्ञान समिति एवं साझी दुनियाँ, साझी विरासत ने एक प्रेस वार्ता में कही। प्रेस वार्ता को पूर्व कुलपति एवं सामाजिक कार्यकर्ता प्रोफ़ेसर रूपरेखा वर्मा, हरीश चन्द्र ,पूर्व आईएएस एवं समाजसेवी आलोक सिंह ने संयुक्त रूप से सम्बोधित करते हुए कहा कि आजादी के बाद पहली बार सबसे ज्यादा खतरा लोकतंत्र और संविधान पर मडरा रहा है। देश की आजादी के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और संविधान निर्माताओं ने भारत को एक धर्म निरपेक्ष, लोकतांत्रिक, समाजवादी देश के रूप में स्थापित करने का सपना देखा था । आजादी के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले महात्मा गाँधी, शहीद-ए-आजम भगत सिंह के अलावा डॉ0 अम्बेडकर, नेहरू, लोहिया, मौलाना आजाद, सरोजनी नायडू आदि के आजादी प्राप्त करने के माध्यम तथा तौर-तरीकों में मतभेद के बावजूद भी देश को समानता, स्वतंत्रता, बन्धुता तथा सभी को सभी क्षेत्रों में बिना जाति, धर्म, लिंग, रूप-रंग का भेद किये बिना न्याय प्रदान करने की संविधान में व्यवस्था की गयी है जिसे बाबा साहेब डा0 अम्बेडकर ने सामाजिक लोकतंत्र की संज्ञा दी थी।

उन्होंने कहा कि हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था में राज्य के कोई भी अंग निरंकुश न हो सके इसके लिए बहुत सारे रोकथाम (चेक बैलेन्सेज) की व्यवस्था की गयी थी, वे सारे मौजूदा समय में छिन्न-भिन्न किये जा रहे है। संविधान में समानता, स्वतंत्रता, बन्धुता स्थापित कर एक सामाजिक लोकतंत्र का ताना-बाना बुना गया है। आज यह सारे ताने-बाने तार-तार हो गये है। ब्रिटिश हुकूमत के दौर में जिस देश में सुई तक नहीं बनती थी, आजादी के बाद देश में बुनियादी ढाँचा यथा नदियों पर बड़े-बड़े बाँध, विद्युत परियोजनाएं, स्टील के कारखाने, टर्वाइन बनाने के कारखाने, देश में रेल, सडको का जाल विछाया गया, इसरो, भाभा आटमिक इनर्जी तथा सार्वजनिक क्षेत्र मे बडे-बडे उद्योग ओएनजीसी आदि स्थापित किये गये थे, जिसे नेहरू ने आधुनिक भारत का मंदिर बताया था, को वर्तमान में अपने साथी मित्रों को कौडियों के भाव लुटाया जा रहा है।

वक्ताओं ने आगे कहा कि संविधान में कानून के राज के स्थापना की व्यवस्था की गयी है, लेकिन मौजूदा समय में लोकतांत्रिक देश में राजा, महाराजा, तानाशाहों जैसा व्यवहार किया जा रहा है। कानून के राज के बजाय बुल्डोजर राज कायम हो गया है। महात्मा गाँधी की फॉसीवादी तत्वों द्वारा शारीरिक हत्या के बाद अब उनके दर्शन, विचार एवं चरित्र की हत्या का निरंतर हमला जारी है। उनके द्वारा स्थापित संस्थाओं साबरमती आश्रम, गुजरात विद्यापीठ, सेवा ग्राम आश्रम, सर्व सेवा संघ वाराणसी मनगढंत आरोप लगाकर अवैधानिक रूप से कब्जा किया जा रहा है।

आज देश में घृणा, नफरत, हिंसा, असहिष्णुता, अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला, शोषित, वंचित समाज के व्यक्तियों की दिन दहाडे हत्या और बहन बेटियों के सामूहिक बलात्कार के बाद हत्या को आत्महत्या का रूप देना, जातीय हिंसा और दूसरे धर्मो के लोगो के प्रति नफरत और भीड़ द्वारा लिंचिग और लोकतंत्र को भीडतंत्र में बदलने का सुनियोजित कार्यक्रम चल रहा है। यह गाँधी, अम्बेडकर, भगतसिंह, नेहरू, लोहिया और मौलाना आजाद, सरोजनी नायडू आदि का भारत तो नहीं हो सकता है?

यदि हम देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वालें शहीदों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं महापुरूषों के सपनों के भारत को अक्षुण नहीं रख सके तो इतिहास हमें माफ नहीं करेगा! इसलिए हमें अपने खून की अन्तिम बूँद तक लोकतंत्र, समाजवाद और संविधान की रक्षा करनी होगी।

# नगराम : पंचशील शांति शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर हुई बैठक

## बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्षों से एमएलसी मतदाता जोड़ने पर दिया जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। नगराम मंडल के हरदोइया बाजार स्थित पंचशील शांति शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य शिक्षक व स्नातक एमएलसी चुनाव एवं मतदाता जोड़ने की रणनीति तय करना रहा। बैठक लखनऊ प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एस.सी. मिश्र ज्ञानी एवं मोहनलालगंज विधानसभा प्रभारी हंसराज रावत के नेतृत्व में की गई। बैठक में भाजपा भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष / जिला प्रभारी त्रयंबक त्रिपाठी ने संगठन के पदाधिकारियों को मतदाता जोड़ने की प्रक्रिया और चुनावी तैयारियों के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ॢआत्मनिर्भर भारतॣ और ॢस्वदेशी अपनाओॣ जैसे अभियानों को जन-जन तक पहुंचाएं। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इस दिशा में सक्रिय रूप से कार्य करें। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार पटेल, नगराम मंडल अध्यक्ष बलिराम कश्यप, निगोहां मंडल अध्यक्ष ललित सिंह, निगोहा मंडल महामंत्री नवीन मिश्रा, अमेठी मंडल अध्यक्ष पंकज नयन, गोसाईगंज एवं मोहनलालगंज के मंडल महामंत्री समेत बूथ अध्यक्ष और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अचली खेड़ा : माखन चोरी व गोवर्धन पूजा का प्रसंग सुन विभोर हुए श्रोता

## जिला पंचायत सदस्य अमरेंद्र भारद्वाज ने कथा श्रवण कर लिया आशीर्वाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। क्षेत्र के गांव अचली खेड़ा में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन व छठे दिन बाराबंकी के कथा वाचक श्रीकृष्णा नन्द ने भगवान श्रीकृष्ण की माखन चोरी संग गोवर्धन लीला का प्रसंग सुनाया। श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। बताया कि ब्रजवासी इंद्र को प्रसन्न करने के लिए यज्ञ की तैयारी कर रहे थे। भगवान श्री कृष्ण ने कहा कि आप इंद्र के लिए यज्ञ क्यों कर रहे हो। नंद बाबा ने कहा कि अगर हम इंद्र के लिए यज्ञ नहीं करेंगे तो इंद्र देवता वर्षा नहीं करेंगे। अगर इंद्र वर्षा नहीं करेंगे तो हमारे खेत में कुछ पैदा नहीं होगा। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा इंद्र देव का यह कर्तव्य है कि भगवान ने उसे यह सेवा दी है। अगर तुम्हें यज्ञ करना है तो गिरिराज गोवर्धन के लिए करो। भगवान कृष्ण ने सभी ब्रज वासियों को गिरिराज के लिए यज्ञ करने के लिए मना लिया। बताया कि गिरिराज गोवर्धन भगवान विष्णु स्वरूप है। भगवान कृष्ण ने गिरिराज के लिए यज्ञ करके यह सिद्ध किया। कहा कि अगर भगवान को प्रसन्न कर लिया जाए तो देवी-देवताओं को प्रसन्न करने की आवश्यकता नहीं रह जाती। इस मनोरम दृश्य व प्रसंग सुनने व के लिए जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज ने गांव स्थित झंडेश्वर धाम पर पहुंचे और कथा श्रवण कर आशीर्वाद लिया।

# निगोहां : डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम स्पोर्ट्स फ़ेस्ट 2025-26 का भव्य शुभारंभ

## 2200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने दिखाया उत्साह

निगोहां, लखनऊ। बाबू सुन्दर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के स्पोर्ट्स ग्राउंड पर डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम स्पोर्ट्स फ़ेस्ट 2025ऽ26 (जोनल स्तर) का भव्य शुभारंभ हुआ। 40 तकनीकी कॉलेजों से आए 2200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, वंदना और एकेटीयू कुलगीत से हुआ। मुख्य अतिथि केशव सिंह (वित्त अधिकारी), विशिष्ट अतिथि डॉ. ओ.पी. सिंह एवं विशेष अतिथि डॉ. मनोज सहित अन्य गणमान्य जन मंचासीन रहे।? मुख्य अतिथि ने कहा कि ॢखेल जीवन में ऊर्जा, अनुशासन और सकारात्मकता का संचार करते हैं। वहीं विशिष्ट अतिथियों ने छात्रों को टीम भावना और सहयोग की भावना अपनाने की प्रेरणा दी। मशाल रैली और खेल शपथ के साथ फ़ेस्ट की शुरुआत हुई। एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज, खो-खो और कबड्डी जैसी प्रतियोगिताएं जोश और प्रतिस्पर्धा के साथ शुरू हुईं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



# दीपोत्सव पर आने वाले पर्यटकों को ईको डेस्टिनेशन भ्रमण कराने की तैयारी

## उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड ने पर्यटकों के लिए तैयार की पांच आइटिनरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । अयोध्या के विश्वप्रसिद्ध दीपोत्सव में देशऽदुनिया से आने वाले पर्यटकों को राज्य के प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण कराने की तैयारी है। पर्यटक अयोध्या के साथ ही लखनऊ, उन्नाव, वाराणसी, चंदौली और गाजीपुर के प्राकृतिक आकर्षणों का आनंद ले सकेंगे। डेस्टिनेशन के अनुसार पांच अलगऽअलग आइटिनरी तैयार की गई हैं, जिनमें से पर्यटक अपनी सुविधा के अनुसार चयन कर सकते हैं।

ईको टूरिज्म विकास बोर्ड ने पहली बार दीपोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं पर केंद्रित आइटिनरी तैयार की है। पहली आइटिनरी दो दिन और एक रात की है, जिसमें पहले दिन अयोध्या भ्रमण और दूसरे दिन गोंडा स्थित पार्वती अर्गा बर्ड सेंचुरी को शामिल किया गया है। दूसरी आइटिनरी तीन दिन और दो रात की है, जिसमें पहले दिन लखनऊ भ्रमण, दूसरे दिन अयोध्या भ्रमण और तीसरे दिन लखनऊ में कुकरैल रिजर्व फॉरेस्ट आदि स्थलों का भ्रमण शामिल है। तीसरी आइटिनरी चार दिन और तीन रात की है, जिसमें रामसर साइट नवाबगंज पक्षी विहार, उन्नाव को जोड़ा गया है।

चौथी आइटिनरी अयोध्या वाराणसी गाजीपुर को जोड़ते हुए तीन दिन और दो रात की तैयार की गई है। इसमें अयोध्या और काशी के प्रसिद्ध स्थलों के साथ-साथ सारनाथ स्थित कछुआ प्रजनन एवं पुनर्वास केंद्र, गंगा दर्पण म्यूजियम तथा गाजीपुर जनपद के सैदपुर क्षेत्र में गंगा नदी में डॉल्फिन दर्शन को शामिल किया गया है। पांचवीं आइटिनरी में अयोध्या, वाराणसी, गाजीपुर के साथ-साथ चंदौली जनपद को भी जोड़ा गया है। यह आइटिनरी पांच दिन और चार रात की है। चौथे दिन चंदौली जिले के राजदरी एवं देवदरी जलप्रपात का भ्रमण कराया जाएगा।

उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड का उद्देश्य है कि दीपोत्सव में देशऽदुनिया से आने वाले श्रद्धालु राज्य के प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव करें, जिससे स्थानीय समुदायों की आय में वृद्धि हो। इन आइटिनरी में उन्हीं स्थलों को शामिल किया गया है जहाँ से पर्यटक अयोध्या भ्रमण के साथ आसानी से यात्रा कर सकें। ये सभी आइटिनरी ईको टूरिज्म विकास बोर्ड की वेबसाइट तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध हैं।

सारनाथ के प्रमुख पर्यटन आकर्षणों में गंगा दर्पण म्यूजियम का महत्वपूर्ण स्थान है। यह नमामि गंगे योजना के अंतर्गत वित्तपोषित है और इसका प्रबंधन वाइल्डलाइफ इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा किया जाता है।

राज्य के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि ॢउत्तर प्रदेश धार्मिक, आध्यात्मिक और ईको टूरिज्म का संगम है। यहां की संस्कृति में प्राकृतिक सम्पदाओं के प्रति अपार आस्था है। उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड का यह प्रयास सराहनीय है, जिससे देशऽदुनिया से आने वाले श्रद्धालु धर्मऽअध्यात्म के साथ-साथ प्राकृतिक पर्यटन का भी आनंद ले सकेंगे।

# लखनऊ में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे राजनाथ सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । लखनऊ से सांसद व केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तीन दिवसीय दौरे पर 17 अक्टूबर को अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचेंगे। इस दौरान राजनाथ सिंह विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। रक्षामंत्री 18 अक्टूबर को सिटी मोंटसरी विशाल खंड गोमती नगर हाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं और पार्षदों के साथ आयोजित 'कार्यकर्ता समागम' में हिस्सा लेंगे। यह जानकारी भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने दी। महानगर अध्यक्ष ने गुरुवार को बताया कि राजनाथ सिंह शुक्रवार अपराह्न 2:05 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। शाम को विश्वसरैया हाल में आयोजित व्यापारी मिलन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम के उपरांत शाम 6:00 बजे सिटी मांटेसरी स्कूल (एक्सटेंशन) के लिए रवाना होंगे और वहां आयोजित दिवाली मिलन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। अगले दिन शनिवार को प्रातः 10:40 बजे लामार्टिनियर ग्राउंड के हेलीपैड से हेलीकॉप्टर द्वारा ब्रह्मोस एयरोस्पेस के लिए रवाना होंगे। रक्षा मंत्री प्रातः प्रातः 11:00 बजे ब्रह्मोस एयरोस्पेस पहुंचेंगे जहां ''ब्रह्मोस मिसाइल फ्लैग ऑफ़ सेरेमनी'' कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। अपराह्न 12:30 बजे पीटीसी इंडस्ट्री लिमिटेड के लिए रवाना होंगे। राजनाथ सिंह पीसी इंडस्ट्री लिमिटेड का दौरा करेंगे और सिस्टम इंटीग्रेशन संकाय के भूमि पूजन में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम के बाद हेलीकाप्टर से वापस लामार्टिनियर जाएंगे और वहां से कालिदास मार्ग आवास रवाना होंगे। शाम 4:00 गोसाईगंज जाएंगे, जहां गजेंद्र दत्त नथानी स्मारक दीनबंधु अस्पताल के शिलान्यास कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। अगले दिन रविवार को प्रातः 11:00 बजे जानकीपुरम सेक्टर एफ के लिए रवाना होंगे जहां कम्युनिटी सेंटर व लाइब्रेरी का लोकार्पण करेंगे और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी और भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम की प्रतिमाओं का अनावरण करेंगे। इसके बाद सदर कैंट में कार्यकर्ताओं के साथ भेंटवार्ता करेंगे।

# योगी सरकार का दीपोत्सव-25 जनसहभागिता, स्वावलंबन और पर्यावरण संरक्षण का बना प्रतीक

## लखीमपुर खीरी की माटी से बने 25 हजार इको-फ्रेंडली दीयों से जगमगाएगी रामनगरी अयोध्या

## ॢमैं बहुत सौभाग्यशाली हूं, जो मुझे दीपोत्सव के लिए दीये बनाने का अवसर मिला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। योगी सरकार के अयोध्या दीपोत्सव से न केवल भगवान श्रीराम की नगरी का त्रेतायुगीन वैभव पुनर्जीवित हुआ है, बल्कि यह आत्मनिर्भरता, जनसहभागिता और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक भी बन गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'इको-फ्रेंडली दीपोत्सव' के संकल्प को साकार करने के लिए प्रदेश की आधी आबादी ने आगे आकर अपनी भूमिका निभाई है। अयोध्या में होने वाले नौवें दीपोत्सव-2025 को दिव्य और भव्य बनाने के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों की दीदियों ने अहम योगदान दिया है। इस वर्ष लखीमपुर खीरी की माटी से बने 25 हजार इको-फ्रेंडली दीये अयोध्या धाम की पवित्र भूमि पर रोशनी बिखेरेंगे। ये दीये खीरी की माटी और जड़ी-बूटियों की प्राकृतिक खुशबू से तैयार किए गए हैं, जो रामनगरी की फिजाओं में प्रकाश के साथ सकारात्मक सुगंध भी फैलाएंगे। इसके अलावा, प्रदेश के कई अन्य जिलों की महिलाओं ने भी दीपोत्सव-25 के लिए हजारों की संख्या में दीये भेजे हैं। 3 स्वयं सहायता समूहों की 44 महिलाओं ने बनाए 25 हजार दीयेलखीमपुर खीरी की जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में अयोध्या का दीपोत्सव अब जनसहभागिता, स्वावलंबन और पर्यावरण संरक्षण का जीवंत उदाहरण बन गया है। इसी के तहत लखीमपुर की तीन स्वयं सहायता समूहों की 44 महिलाओं ने प्रभु श्रीराम की नगरी को आलोकित करने के लिए 25 हजार दीये तैयार किए। उन्होंने बताया कि लखीमपुर की रोशनी से समृद्धि की दिवाली की थीम पर अयोध्या में दीये भेजने की तैयारी जुलाई माह से ही प्रारंभ कर दी गई थी। इन दीयों को बनाने में महिलाओं का उत्साह देखते ही बनता था। मुख्यमंत्री योगी की मंशा के अनुरूप महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए बड़े पैमाने पर इस पहल को आगे बढ़ाया गया। महिलाओं को प्रति दीया 5 रुपये का भुगतान किया गया, जिससे उन्होंने कुल 1.25 लाख की आय अर्जित की। खीरी के धौरहरा ब्लॉक की ज्योति प्रेरणा स्वयं सहायता समूह की सदस्य ग्राम पंचायत गुदरिया की संजू देवी ने बताया कि उन्होंने पहली बार दीपोत्सव के लिए दीये तैयार किए हैं और वह बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा कि दीये बनाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से आधुनिक चाक उपलब्ध कराई गई। ग्राम पंचायत हरदी की सुंदर प्रेरणा स्वयं सहायता समूह की सदस्य बिट्टू देवी ने बताया कि उन्हें आधुनिक इलेक्ट्रिक चाक उपलब्ध कराई गई, जिससे न केवल उत्पादन में तेजी आई, बल्कि दीयों की गुणवत्ता भी बेहतर हुई। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा दीये बनाने की यह पहल महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ी पहल है। ग्राम पंचायत हरदी की सीता प्रेरणा स्वयं सहायता समूह से जुड़ी फूलमती ने कहा कि ॢरामनगरी के दीपोत्सव के लिए दीये तैयार करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। इससे जहां एक ओर सांस्कृतिक परंपराएं पुनर्जीवित हुई हैं, वहीं आत्मनिर्भरता की भावना भी मजबूत हुई है।ॣ ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और महिला सशक्तिकरण की यह मिसाल अब पूरे प्रदेश के लिए अनुकरणीय बन गई है।



## निगोहां में छत से गिरने से किसान की मौत, मानसिक तनाव में था बीमार

निगोहां, लखनऊ। निगोहां गांव में बुधवार देर रात छत से गिरने से किसान अम्बरीष कुमार (40) की मौत हो गई। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि दो साल पहले पत्नी दोनों बच्चों शुभी और शुभम के साथ मायके चली गई थी, जिसके बाद से वह मानसिक तनाव में थे। बुधवार शाम शराब पीने के बाद छत पर चढ़े तो पैर फिसलने से हादसा हो गया। सूचना पर पहुंची निगोहा पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव में घटना से माहौल गमगीन है।

# मिशन शक्ति कार्यक्रम में शामिल हुए सीडीओ किया शाहपुर का औचक निरीक्षण

**निरीक्षण के दौरान सीडीओ का सख्त तेवर लापरवाह कर्मियों पर बरसी फटकार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सकरन, सीतापुर। विकास खंड सकरन की ग्राम पंचायत सेमरा खुर्द में आयोजित मिशन शक्ति कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्य ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में महिलाओं, किशोरियों और बच्चों की भारी उपस्थिति रही।सीडीओ ने मंच से महिलाओं को नारी सशक्तिकरण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए कहा ल्लनारी शक्ति ही विश्व की सबसे बड़ी शक्ति है, हर महिला का सम्मान होना चाहिए।ङ्क*मिशन शक्ति बना सशक्तिकरण का मंच*सीडीओ प्रणता ऐश्वर्य ने कहा कि मिशन शक्ति केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान, आत्मनिर्भरता और सुरक्षा का प्रतीक है। उन्होंने महिलाओं को आयरन की गोली नियमित रूप से लेने की सलाह दी ताकि एनीमिया जैसी बीमारियों से बचाव हो सके।उन्होंने छात्राओं को स्वयं आयरन की गोली और बच्चों को सिरप पिलाकर जागरूकता का उदाहरण प्रस्तुत किया।उन्होंने कहा – ल्लविकसित भारत 2047ङ्क अभियान के तहत हर नागरिक अपने सुझाव क्यूआर कोड के माध्यम से साझा करे। बेहतर सुझाव देने वालों को प्रदेश स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

### स्वास्थ्य विभाग पर भड़कीं सीडीओ लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

कार्यक्रम के दौरान सीडीओ ने जब पाया कि बच्चों और महिलाओं को सिरप व आयरन टेबलेट समय से नहीं दी गईं, तो उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को सख्त फटकार लगाई। कहा कि सरकारी जिम्मेदारी निभाने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इस मौके पर डीडीओ, बीडीओ श्रीश कुमार गुप्ता, सीडीपीओ शबीना, ब्लॉक प्रमुख मिथलेश कुमारी वर्मा व प्रतिनिधि कृष्ण कुमार वर्मा, सीएचसी अधीक्षक डॉ. आनंद मित्रा, बीईओ ओमकार सिंह, एपीओ विकास श्रीवास्तव समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर आयरन, कैल्शियम और पोषण संबंधित दवाओं का वितरण भी किया गया।वहीं पूर्व माध्यमिक विद्यालय सांडा की छात्राओं ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर माहौल को भावनाओं से ओत-प्रोत कर दिया।

### ऊंची पहुंच के गुरुर में सचिव उमाकांत कार्यक्रम से रहे नदारद

कार्यक्रम की गरिमा उस वक्त धूमिल हो गई जब ग्राम विकास अधिकारी उमाकांत अपनी ल्लऊंची पहुंचङ्क के गुरुर में कार्यक्रम से नदारद रहे।

### सीडीओ दौरे के खौफ में एपीओ, मनरेगा कार्यों में दिखी हड़बड़ी

सीडीओ के निरीक्षण को देखते हुए एपीओ सकरन ने मनरेगा कार्यों पर सुबह से ही रोक लगा दी।मीडिया टीम के दौरे में कई ग्राम पंचायतों में एक भी मजदूर काम करता नहीं मिला, जबकि डिमांड दर्जनों ग्राम पंचायतों में दर्ज थी।सीडीओ के रुक्सत होते ही फर्जी हाजिरी ऑनलाइन दर्ज कर दी गईं।अब देखने वाली बात यह है कि क्या इस मनरेगा फ्रॉड में जिम्मेदारों की जवाबदेही तय होगी या फिर गरीब मजदूरों के हक पर डाका डालने वालों की जेबें ही भरती रहेंगी।ग्रामीणों ने मांग की है कि शासन जल्द से जल्द इस मामले की जांच कर एपीओ, तकनीकी सहायक, रोजगार सेवक व ग्राम प्रधान पर कार्रवाई करे।

### मिशन शक्ति ने एक बार फिर दिखाया कि बिना नारी के समाज का विकास अधूरा है

कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि नारी सशक्तिकरण ही राष्ट्र सशक्तिकरण की कुंजी है।सीडीओ के दौरे ने जहां महिलाओं में जागरूकता और आत्मविश्वास भरा, वहीं लापरवाह अधिकारियों और भ्रष्ट तंत्र को भी संदेश दे दिया कि अब ढिलाई नहीं चलेगी।

# ग्राम पंचायत बसैहिया कोठार में विकास कार्यों के नाम पर ढाई लाख से अधिक की बंदरबांट

**प्रधान, सचिव की मिलीभगत से निकाली गई धनराशि, ग्रामीणों ने उठाई जांच की मांग**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सकरन, सीतापुर । विकास खंड सकरन की ग्राम पंचायत बसैहिया कोठार में विकास कार्यों के नाम पर बगैर काम कराए ढाई लाख रुपये से अधिक की सरकारी धनराशि निकाल लिए जाने का मामला सामने आया है। ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव पर सरकारी धन की बंदरबांट और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं।ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2022 में पंचायत फंड से विभिन्न मदों में कुल 2,65,095 की धनराशि निकाली गई थी 23 मार्च 2022 को ह्यूम पाइप डलवाने के नाम पर 34,875,11 अप्रैल 2022 को इसी कार्य के 96,558,17 मई 2022 को पंचायत भवन में लाइब्रेरी के नाम पर 42,000,तथा 19 जून 2022 को फर्नीचर के नाम पर 91,662 का भुगतान कर लिया गया।लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में न तो ह्यूम पाइप डलवाए गए, न लाइब्रेरी में किताबें खरीदी गईं और न ही पंचायत भवन में कोई फर्नीचर लगाया गया।ग्रामीण असलम, फैजअली, बकरीदी, सलीम और नरेश समेत कई लोगों ने इस गड़बड़ी की शिकायत विभागीय अधिकारियों से की है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधान और सचिव ने विकास योजनाओं को लूट का जरिया बना लिया है।इस संबंध में खंड विकास अधिकारी श्रीश कुमार गुप्ता ने बताया कि ल्लशिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच कराई जा रही है, दोषियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।ङ्कजनता का सवाल है आखिर कब तक विकास की रकम भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती रहेगी?

# इलाही बक्श इण्टर कालेज बना जूनियर बालक वर्ग में उपविजेता

**4 x 100 रिले रेस में इस विद्यालय के अश्वनी, सनी अहमद, अमन और मो. आकिब की टीम ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। 76वीं जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता, 2025-2026 जिसका आयोजन दिनांक 03 से 04 अक्टूबर, 2025 को मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया था में इलाही बक्श इण्टर कॉलेज, इटारी जूनियर बालक वर्ग में उपविजेता बना।

4 x 100 रिले रेस में इस विद्यालय के अश्वनी, सनी अहमद, अमन और मो. आकिब की टीम ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। 100 मीटर रेस में अश्वनी ने रजत पदक और सनी अहमद ने कांस्य पदक प्राप्त किया।भाला फ़ेक में अमन ने कांस्य पदक प्राप्त किया।सब जूनियर बालिका वर्ग में अंजुम ने 400 मीटर और 600 मीटर रेस में रजत पदक तथा लंबी कूद में कांस्य पदक प्राप्त किया।दीपा भारती ने चक्का फ़ेक में कांस्य पदक प्राप्त किया।इस प्रकार इलाही बक्श इण्टर कालेज ने 15 अंकों के साथ जूनियर बालक वर्ग में उपविजेता का खिताब अपने नाम किया।विद्यालय के प्रबंधक एखलाक हुसैन, प्रबंध समिति के अध्यक्ष इरफान आबिद, प्रधानाचार्य अरविंद कुमार, क्रीड़ा प्रभारी पवन कुमार और समस्त विद्यालय स्टाफ ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त किया तथा अश्वनी और अंजुम को जनपद सीतापुर की टीम में मंडलीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता हेतु चयनित होने पर बहुत बहुत शुभकामनाएं प्रदान की तथा हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

## जिलाधिकारी ने किया राही विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने परसेण्डी विकास खण्ड के ग्राम पंचायत राही स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय राही का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर की स्वच्छता व्यवस्था, शैक्षणिक कार्यों की गुणवत्ता, मिड-डे-मील, छात्रों की उपस्थिति आदि की गहनतापूर्वक समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य सुनिश्चित किया जाये। निर्धारित रोस्टर के अनुसार मानकों के अनुरूप मिड-डे-मील बच्चों को उपलब्ध कराया जाये।

जिलाधिकारी ने कक्षा कक्ष में जाकर छात्रों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। जिलाधिकारी ने छात्रों को प्रेरित किया कि पूर्ण मनोयोग से पढ़ाई करें। कक्षा में पढ़ाये गये विषय को नोटबुक पर अवश्य लिखें। जिलाधिकारी ने बच्चों की अभ्यास पुस्तिकाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों से उनके लक्ष्य के विषय में जानकारी ली तथा लक्ष्य की प्राप्ति हेतु कड़ी मेहनत करने हेतु प्रेरित किया।निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चन्द्र साहू सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पीएम किसान सम्मान निधि योजना में नए आवेदन व त्रुटि सुधार की प्रक्रिया पुनः शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**किसानों से फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकरण कराने की अपील**

सीतापुर । उप कृषि निदेशक ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत नए आवेदन की प्रक्रिया लगभग तीन महीने से बंद होने के कारण वरासत से भूमि प्राप्त नए लाभार्थियों के योजना में पंजीकरण के साथ ही ऐसे लाभार्थी जिनका आवेदन तहसील, जनपद और राज्य स्तर से रिजेक्टेड था, वह अपने आवेदन में आवश्यक त्रुटि सुधार नहीं कर पा रहे थे। भारत सरकार द्वारा अनिवार्य फार्मर रजिस्ट्री पंजीकरण की शर्त के साथ योजना में नवीन आवेदन की प्रक्रिया को फिर से प्रारम्भ कर दिया गया है। वरासत से भूमि प्राप्त नए लाभार्थियों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकरण कराने के बाद पी0एम0 किसान सम्मान निधि योजना में आवेदन किया जा सकता है। पूर्व में आवेदन कर चुके रिजेक्टेड लाभार्थियों को भी आवश्यक त्रुटि सुधार का मौका दिया गया है । उप कृषि निदेशक द्वारा बताया गया कि भारत सरकार द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि योजना में फार्मर रजिस्ट्री को अनिवार्य कर दिया गया है इसलिए फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकृत किसान ही योजना में आवेदन और त्रुटि सुधार कर पाएंगे। भारत सरकार द्वारा योजना की अगली किश्त नवम्बर माह में जारी किए जाने की संभावना है।उन्होंने जनपद के सभी किसान भाइयों से अपील की है कि योजना की अगली किश्त से पहले फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकरण कराते हुए पी0एम0 किसान सम्मान निधि योजना के लंबित आवेदनों में खतौनी अपलोड या अन्य आवश्यक कार्यवाही अपने नजदीकी जन सुविधा केंद्र के माध्यम से पूरी कर लें, जिससे योजना में पात्र होने की दशा में उन्हें योजना की अगली किश्त का नियमानुसार लाभ दिलाया जा सके।

## सांसद खेल प्रतियोगिता की तैयारी के लिए राज्यसभा सांसद की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

रायबरेली। सांसद खेल प्रतियोगिता सकुशल संपन्न कराने हेतु राज्यसभा सांसद संजय सेठ की अध्यक्षता में तैयारियों की प्रगति समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुईं। बैठक में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ,स्नातक क्षेत्र एमएलसी इंजीनियर अवनीश सिंह आदि मौजूद रहे। बैठक में आयोजन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा सभी विभागों को अपने-अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।सांसद श्री सेठ ने कहा कि सांसद खेल प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, अनुशासन एवं टीमवर्क की भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने यह भी कहा कि यह महोत्सव प्रतिभाओं को पहचान देने और उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने का उत्कृष्ट माध्यम बनेगा।

# सीडीओ ने विधायक सदर संग परखी छठ पूजा पर्व की तैयारियां, दिए निर्देश

**सीडीओ अभिषेक कुमार ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि छठ पर्व पर से पूर्व सभी तैयारी पूर्ण कर ले**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। छोटे-छोटे दीपक, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ और सूर्य के प्रथम किरणों के बीच छठ पूजा पर्व का जादू फिर से बिखरने वाला है। गुरुवार को विधायक सदर योगेश वर्मा और सीडीओ अभिषेक कुमार ने सेठ घाट का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की, ताकि इस पावन पर्व में श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ और श्रद्धा पूर्ण अनुभव मिल सके।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि छठ पर्व पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए घाटों की सफाई, सजावट, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, पेयजल सुविधा, चिकित्सा व्यवस्था एवं भीड़ प्रबंधन से जुड़ी तैयारियाँ समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण की जाएँ।उन्होंने कहा कि छठ पूजा लोक आस्था, श्रद्धा और पर्यावरणीय संतुलन का अद्वितीय पर्व है, जिसमें लाखों श्रद्धालु सूर्य उपासना करते हैं। ऐसे में प्रशासन का दायित्व है कि श्रद्धालुओं को एक स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराया जाए।सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि छठ पूजा के दौरान घाटों पर कचरा निस्तारण, विद्युत व्यवस्था, बैरिकेडिंग और चिकित्सकीय सहायता केंद्रों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नगर निकाय को साफ-सफाई और सजावट पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा, जबकि पुलिस विभाग को सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के सुचारु संचालन हेतु आवश्यक निर्देश दिए।विधायक योगेश वर्मा ने मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि छठ पर्व पर आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को सहज, सुरक्षित एवं श्रद्धा पूर्ण वातावरण मिले। उन्होंने कहा कि छठ पूजा हमारी सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है, जिसे स्वच्छता और समर्पण के साथ मनाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

# दहेज के लिए विवाहिता की हत्या का आरोप

**पिता ने पति और देवर पर लगाया संगीन आरोप**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

धौरहरा खीरी। थाना ईसानगर क्षेत्र ग्राम हसना, थाना ईमानगर में दहेज हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। दिलीप कुमार नामक व्यक्ति ने अपनी पुत्री की हत्या का आरोप उसके पति दुर्गेश त्रिवेदी और देवर अवधेश पर लगाया है।शिकायत के अनुसार, दिलीप कुमार की पुत्री का विवाह कुछ वर्ष पूर्व हिन्दू रीति-रिवाजों के अनुसार ग्राम हसना निवासी दुर्गेश त्रिवेदी के साथ हुआ था। विवाह के समय दस लाख रुपये का दहेज दिया गया था, जिसमें एक मारुति सुजुकी कार, दो लाख रुपये नकद और तीन लाख रुपये के अन्य सामान शामिल थे।फिर भी, विवाह के बाद से ही उसकी पुत्री को लगातार शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा।मौत की सूचना गांव वालों से मिलीदिलीप कुमार ने बताया कि 16 अक्टूबर 2025 को उन्हें हापुरगांव से सूचना मिली कि उनकी बेटी की मृत्यु हो गई है। जब वे तत्काल बेटी के ससुराल पहुंचे, तो वहां का दृश्य विचलित करने वाला था।शव जमीन पर पड़ा था, गर्दन पर गहरे निशान थे, शरीर पर भी चोट के स्पष्ट निशान पाए गए। कमरे में टूटी चूड़ियाँ, गायब पायल और बिखरा हुआ सामान इस बात की ओर इशारा कर रहा था कि घटना के समय मारपीट और संघर्ष हुआ था।शव को उतार कर साक्ष्य मिटाने की कोशिशशिकायतकर्ता का कहना है कि जब वे पहुंचे, तब तक शव को फंदे से उतारकर ज़मीन पर रख दिया गया था। गांववालों ने बताया कि हत्या के बाद आरोपी शव का अंतिम संस्कार करने की तैयारी में थे, ताकि सबूत मिटाए जा सकें।दिलीप कुमार दहेज हत्या बाद साक्ष्य मिटाने के प्रयास का गंभीर आरोप लगाते हुए दोनों आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।पुलिस कर रही जांचपुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। थाना प्रभारी निर्मल तिवारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## धौरहरा में रात के अंधेरे में मैडम पेट्रोल टंकी से 6 डीसीएम तेल चोरी



धौरहरा (खीरी)। तहसील धौरहरा क्षेत्र में बीती रात एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां अज्ञात चोरों ने मैडम पेट्रोल टंकी को निशाना बनाते हुए करीब 6 डीसीएम तेल चोरी कर लिया। घटना रात के अंधेरे में अंजाम दी गई, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है।सूत्रों के मुताबिक, चोरों ने बड़ी ही चालाकी से पेट्रोल टंकी के पास खड़े टैंकर से तेल निकाल लिया और फरार हो गए। सुबह घटना की जानकारी होते ही पेट्रोल पंप संचालक और स्थानीय लोग दंग रह गए।सूचना मिलते ही धौरहरा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है और संदिग्धों की तलाश में टीमों को लगा दिया गया है। धौरहरा पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़कर पूरे गिरोह का खुलासा किया जाएगा।

## बिना लाइसेंस अवैध पटाखा भण्डारण के अपराध में एक गिरफ्तार




सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा त्यौहारों के दृष्टिगत सघन चेकिंग एवम् अवैध कृत्यो में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी महोली नागेन्द्रचौबे के नेतृत्व में थाना इमलिया सुल्तानपुर पुलिस टीम द्वारा अवैध विस्फोटक सामग्री पटाखा भण्डारण पर कार्यवाही करते हेतु थानाक्षेत्र ग्राम सहादतनगर से 01 नफर अभियुक्त अर्श पुत्र कमाल अहमद निवासी ग्राम सहादतनगर थाना इमलिया सुल्तानपुर जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से अवैध विस्फोटक पदार्थ 43 किलो (अनुमानित कीमत करीब 01 लाख रूपये) बरामद हुआ । बरामदगी के संबंध में थाना इमलिया सुल्तानपुर पर मु0अ0सं0 226/25 धारा 05/9ख(2) विस्फोटक अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।अभियुक्त का नाम/पताः- अर्श पुत्र कमाल अहमद निवासी ग्राम सहादतनगर जनपद सीतापुरबरामदगी- 43 किलोग्राम अवैध विस्फोटक पदार्थ (कीमत लगभग 01 लाख रूपये )पुलिस टीम थाना महमूदाबाद ऽ थानाध्यक्ष श्री श्यामू कनौजिया, उ0नि0 अजय सिंह, उ0नि0 इन्द्रजीत सिंह, आ0 पंकज कुमार, आ0 विक्रान्त, आ0 मनोज कुमार

## बिसवां में राष्ट्रीय युवा वाहिनी के भव्य कार्यक्रम में गुरुकुल निर्माण की घोषणा

बिसवां, सीतापुर। बिसवां में राष्ट्रीय युवा वाहिनी नेशनल वालंटियर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंदू देव प्रकाश शुक्ला के नेतृत्व में बिसवां सीतापुर रोड पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष किन्नर प्रकोष्ठ श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर जूना अखाड़ा काजल किन्नर उर्फ कनकेश्वरी गिरी, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रोशनी शुक्ला और राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विशाल कुमार उपस्थित रहे।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गुरुकुल का शुभारंभ एवं सनातन धर्म पर प्रकाश डालना रहा। प्रदेश अध्यक्ष किन्नर प्रकोष्ठ सोनी किन्नर के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में पदाधिकारी व भक्तगण उपस्थित रहे।राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंदू देव प्रकाश शुक्ला ने बताया कि मंदिर परिसर में 5 करोड़ रुपये की लागत से एक भव्य गुरुकुल का निर्माण किया जाएगा। इसमें वैदिक शिक्षा, संस्कार और सनातन संस्कृति का प्रचार-प्रसार किया जाएगा, ।महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशनी शुक्ला ने महिलाओं को शक्तिकरण एवं आत्मरक्षा (तलवारबाजी) की दिशा में प्रेरित किया। कार्यक्रम में आशीष शुक्ला, गौरव तिवारी, एसी मिश्रा, प्रदीप शुक्ला सहित अनेक गणमान्य लोग एवं संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की किसानों के लिये नई पहल

**सभी तहसीलों में 1000 लघु-सीमांत किसानों को तिरपाल वितरण**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । दीपावली की खुशियों से पहले जिले के किसानों के चेहरे मुस्कुराए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की किसान और जनहितैषी नीतियों को जमीनी रूप देने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की सक्रिय पहल पर जनपद की सभी तहसीलों में करीब 1000 लघु एवं सीमांत किसानों और जरूरतमंदों को तिरपाल वितरित किया गया। यह पहल किसानों के लिए धान सुखाने से लेकर गोवंश आश्रय तक दोहरा लाभ सुनिश्चित करेगी।सदर तहसील में आयोजित कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और विधायक सदर योगेश वर्मा ने एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह के साथ किसानों को तिरपाल और लंच पैकेट वितरित किए। इसी क्रम में निघासन, पलिया, धौरहरा, मोहम्मदी, मितौली एवं गोला तहसीलों में उपजिलाधिकारियों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में यह वितरण कार्य संपन्न किया।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य लघु एवं सीमांत किसानों को हर स्तर पर सहयोग एवं सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि दीपावली के पूर्व तिरपाल वितरण कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को मौसमी जोखिमों से फसल की रक्षा और गोवंश के संरक्षण का व्यावहारिक समाधान उपलब्ध कराया गया है।विधायक (सदर) योगेश वर्मा ने कहा कि यह हमारी किसानों के प्रति जिम्मेदारी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की किसान और जनहितैषी नीतियों का जमीनी क्रियान्वयन है।

# झाड़ियों में मिला महिला का संदिग्ध शव, माधवपुरवा में फैली सनसनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

धौरहरा खीरी । धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम माधवपुरवा में गुरुवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब गांव से बाहर चकमार्ग के किनारे झाड़ियों में एक अधेड़ महिला का शव संदिग्ध हालात में पड़ा मिला। महिला की पहचान गांव निवासी सीमा गौतम (उम्र 40), पत्नी स्वर्गीय जगन्नाथ के रूप में हुई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों और पुलिस को शव पर गले और सिर पर चोट के स्पष्ट निशान मिले हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि यह मामला हत्या का हो सकता है।

### गांव की महिला गई थी खेत और शौच के लिए, वापस नहीं लौटी

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सीमा गौतम बीती रात रोज की तरह खेतों और शौच के लिए घर से निकली थीं। घर में मौजूद बहू को भनक तक नहीं लगी कि सास रात भर वापस नहीं आई। गुरुवार सुबह करीब 6 बजे गांव के एक ग्रामीण जब शौच क्रिया के लिए खेत जा रहा था, तभी उसने रामनरेश वर्मा के खेत के पास चकमार्ग पर झाड़ियों में महिला का शव पड़ा देखा और शोर मचाया। सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।गले में गहरा निशान, सिर पर चोट ऽ हत्या की आशंका-- मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का गहनता से परीक्षण किया। मृतका के भांजे ने बताया कि महिला के गले पर गहरा निशान और सिर पर चोट के कई चिन्ह थे। इससे परिजन और ग्रामीण यह मान रहे हैं कि यह कोई सामान्य मौत नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या हो सकती है। घटना की सूचना पर कोतवाली प्रभारी शिवाजी दुबे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव का मौका मुआयना कर आवश्यक कार्रवाई के बाद पंचनामा भरते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया। कोतवाल का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**गले और सिर पर मिले चोट के निशान**

### परिजनों का बयान, गांव में किसी से दुश्मनी नहीं थी

मृतका के पुत्र शिव पूजन और नीरज को, जो इस समय चंडीगढ़ में काम कर रहे हैं, घटना की जानकारी दे दी गई है। परिजनों का कहना है कि गांव या क्षेत्र में उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं थी, जिससे यह मामला और अधिक संदिग्ध बनता जा रहा है।

### गांव में मातम, महिलाओं में भय का माहौल

घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा है। महिलाएं भयभीत हैं और रात को अकेले खेत या बाहर जाने में डर महसूस कर रही हैं। ग्रामीणों ने पुलिस से मांग की है कि जल्द से जल्द दोषियों की गिरफ्तारी की जाए और क्षेत्र में रात्रिकालीन गश्त को प्रभावी बनाया जाए।

# 69 वीं मंडलीय माध्यमिक विद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी के कर कमलों द्वारा ध्वजारोहण के साथ प्रतियोगिता का समापन**

संभल। आज दिनांक 16 अक्टूबर 2025 को एस एम इण्टर कॉलेज चंदौसी के बड़े मैदान में 69 वीं मंडलीय माध्यमिक विद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी के कर कमलों द्वारा ध्वजारोहण के साथ सम्पन्न हुआ।

खेल प्रतियोगिताओं का संयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज राजपुर एवं श्री अक्रूर जी कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज चंदौसी जनपद संभल के संयुक्त तत्वाधान में हो रहा है।इस अवसर पर मंडलीय शिक्षा संयुक्त शिक्षा निदेशक मनोज कुमार द्विवेदी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। खेलकूदों में मंडल मुरादाबाद के पांच जिले मुरादाबाद रामपुर बिजनौर संभल और अमरोहा के छात्र-छात्राओं ने पूर्ण उत्साह के साथ प्रतिभा किया। सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की शपथ मुख्य अतिथि ने दिलाई। मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण कर और गुब्बारे व कबूतर उड़ाकर खेल प्रतियोगिताओं का रंगारंग शुभारंभ किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने सभी छात्र छात्राओं को खेल भावना से प्रतिभाग करने और खेलों के माध्यम से देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में रामप्यारी कन्या इण्टर कालेज, बी एम जी कन्या इण्टर कॉलेज, अक्रूर जी कन्या इण्टर कालेज और हीरादेवी तोताराम कन्या इण्टर कॉलेज बहजोई की छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने खिलाड़ियों को प्रफुल्लित कर दिया।

मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक महोदय ने सभी खिलाड़ियों, व्यायाम शिक्षकों, आयोजन में सहभागिता कर रहे सभी शिक्षकों और कर्मचारियों को इस आयोजन के लिए शुभकामनाएं व्यक्त किया। जिला विद्यालय निरीक्षक श्री सर्वेश कुमार जी ने सभी का अभिनन्दन एवं आभार व्यक्त किया। विभिन्न जनपदों के खिलाड़ियों की टीमों ने मार्च पास्ट कर खेल मैदान में उपस्थित सभी को रोमांचित कर दिया। आज की प्रतियोगिताओं में सीनियर, जूनियर व सब जूनियर वर्ग में लंबी कूद, गोला फेंक, 800 मी दौड़, 100 मी हीटस आयोजित की गई।

कार्यक्रम के संयोजक बालक श्री दयाशंकर , श्रीमती अंजू गुप्ता जी संयोजक बालिका, मंडलीय क्रीड़ा सचिव श्री वंश बहादुर जी, जिला क्रीड़ा सचिव श्री सचिन शर्मा जी, जिला सह सचिव संजीव कुमार जी , श्री राजेश गुप्ता जी प्रधानाचार्य, श्री सी पी सिंह जी, श्री वीर सिंह जी, श्री मनोज कुमार जी ने विभिन्न व्यवस्थाओं में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। आज श्री प्रेम शंकर पांडे, श्री मोहम्मद यूनुस श्री दुर्गेश यादव श्री अरविंद कुमार निर्णायक गोला/भाला फेंक, श्री चंद्रकांत जी, श्री अवधेश यादव श्री चंद्रकांत यादव, श्री पंचम सिंह जी, निर्णायक लंबी/ऊंची कूद एवं श्री चंद्र प्रकाश श्री राकेश कुमार दिनकर, श्री धनंजय आर्य और श्री सुमित सक्सेना निर्णायक दौड़ रहे। अभिलेख समिति में श्री गणेश सिंह के नेतृत्व में श्री बी पी तिवारी, श्री खम्मन सिंह, श्री जगदीश सिंह, श्री सत्यपाल जी व श्रीमती प्रीति भटनागर ने अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री ए के सिंह ने किया। कार्यक्रम में जिला क्रीड़ा सचिव के रूप में रामपुर से श्री मोहम्मद यूसुफ जैदी, बिजनौर से श्री प्रभात कुमार जी और अमरोहा से श्री विजय कुमार जी और मेजर शशिकांत गुप्ता जी ने प्रतियोगिताओं के संचालन में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान किया।

## प्रथम पुरस्कार जीतने वाले अदीब खान सम्मानित

बदायूं। पूर्व मंत्री आबिद रजा ने इंटरनेशनल शिखर सम्मेलन मे प्रथम पुरस्कार जीतने वाले मोहम्मद अदीब खान को मोमेंटो देकर किया सम्मानित मोहल्ला कबूलपुरा निवासी पूर्वमंत्री आबिद रजा के पीआरो सरताज अली खान के बेटे मोहम्मद अदीब खान सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने सात,नौ अक्टूबर को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में भारत सरकार द्वारा आयोजित अंतराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में आयोजित ग्लोबल फिनटेक फ़ेस्ट जीजीएफ में विशिष्ट वक्ता नवप्रवर्तन प्रस्तुतकर्ता के रूप में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री कियर स्टारमर व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की मौजूदगी मे अपनी प्रस्तुति देकर प्रथम पुरस्कार जीता। मुंबई मे प्रथम पुरस्कार जीतने के बाद बुधवार को पूर्वमंत्री आबिद रजा ने अपने आवास पर मोहम्मद अदीब खान को मुमेंटो देकर सम्मानित किया पूर्वमंत्री आबिद रजा ने कहा मोहम्मद अदीब खान ने इंटरनेशनलमें शिखर सम्मेलन मे प्रथम पुरस्कार जीतकर बदायूं वासियो और भारत वासियो का सिर फक्र से ऊँचा कर दिया है इससे पहले अदीब ने बेंगलूरू मे नेशनल कार्यक्रम मैं पहला इनाम के रूप मे पांच लाख रुपये की धन राशि जीतकर बदायूँ का नाम रोशन किया था इसलिए हमने अदीब खान की हौसला अफजाई के लिए उन्हे सम्मानित किया है।

## छापे में 500 लीटर रिफाइंड सोयाबीन आयल जब्त

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में स्थान हनुमान गढ़ी, चंदौसी में सुमित अग्रवाल की निर्माण इकाई पर छापा मारा गया। मौके पर बिना वैध लाइसेंस के रिफाइंड सोयाबीन आयल को श्री कुंज ब्रांड पूजा तेल के नाम से पैक करते हुए पाया गया। मौके पर भंडारित लगभग 500 लीटर रिफाइंड सोयाबीन आयल का नमूना संग्रहित कर तत्काल जब्त करते हुए निर्माण कार्य पर रोक लगायी गई।

## साइबर क्राइम एवं मिशन शक्ति पर विद्यार्थियों को दिए टिप्स

**अनूपशहर।** एलडीपी कालेज में मिशन शक्ति एवं साइबर क्राइम पर कार्यक्रम का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को सुरक्षा के विभिन्न उपायों से अवगत कराया। कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने साइबर अपराध से सुरक्षा के विभिन्न उपायों की जानकारी प्रदान कर सोशल मीडिया के सही उपयोग के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। साइबर क्राइम प्रभारी उप निरीक्षक हर्ष मिश्रा ने साइबर अपराध जैसे डिजिटल अरेस्ट,ऑनलाइन ठगी, डाटा चोरी, ए आई का दुरुपयोग आदि पर विस्तार से जानकारी महिला उपनिरीक्षक सविता शाक्य ने मिशन शक्ति के उद्देश्यों से छात्राओं को विस्तार से बताया। गुड टच, बैड टच , सेल्फ डिफेंस आदि की जानकारी देते हुए महिलाओं के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। प्रधानाचार्या शशि बाला पंत ने कहा कि विद्यार्थी जानकारी, जागरूकता और सुरक्षा के उपायों को अपनाकर स्वयं तथा अपने परिवार को सुरक्षित कर संकट से बच सकते हैं। प्रवक्ता अखण्ड प्रताप सिंह ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि सोशल मीडया का दायरा अत्यंत व्यापक है।संदिग्ध वेबसाइटों से बचना और किसी भी संदिग्ध संदेश की रिपोर्ट करना डिजिटल सुरक्षा के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर अखण्ड प्रताप सिंह, मंजिल कान्त, धर्मेंद्र कुमार, गंगा मौर्य, रजनी रावल, सीमा, माही, चिन्की राघव, अंजलि, राजेश उपाध्याय, धीरज, संजय सैनी, भुवनेश कुमार उपस्थित रहे।

## परदादा परदादी कालेज को मिला रैंकिंग अवार्ड

**अनूपशहर।** परदादा परदादी एजुकेशनल सोसाइटी को एजूकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग अवॉर्ड 2025-2026 में भारत का नं. 1 फिलंथ्रोपिक विद्यालय घोषित किया गया।गुरुवार को दिल्ली की एयरोसिटी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया मैगजीन द्वारा आयोजित समारोह में परदादा परदादी एजुकेशन सोसाइटी को फर्स्ट रैंकिंग का पुरस्कार प्रदान किया गया। संस्था के अध्यक्ष लोकेन्द्र पाल सिंह ने कहा कियह असाधारण उपलब्धि सभी शिक्षकों, स्टाफ, छात्राओं और अभिभावकों की निरंतर मेहनत और सहयोग का परिणाम है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए, संस्था की सीईओ सपना वर्मा ने कहा कि यह पुरस्कार हमें याद दिलाता है, कि कुछ भी असंभव नहीं है। वर्ष 2000 में हमने सिर्फ 31 लड़कियों से कालेज की शुरुआत की थी। और आज हम 3900 से अधिक लड़कियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। इस सफलता के लिए हम अपने सभी समर्थकों, दानदाताओं और पूरे परदादा परदादी परिवार के प्रति हृदय से आभारी हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य के. के. शर्मा ने कहायह वास्तव में टीम का सामूहिक प्रयास है। उनकी अथक मेहनत और हमारे संस्थापक स्व. वीरेन्द्र सैम सिंह के विजन में विश्वास का परिणाम है। ऐसे पुरस्कार और सम्मान हमें और बेहतर करने की प्रेरणा देते हैं। यह सम्मान उत्कृष्ट कार्य का प्रमाण है।

## जेपी विद्या मंदिर में छात्र परिषद का गठन

**अनूपशहर।** जेपी विद्या मंदिर में नवनिर्वाचित छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया । प्रधानाचार्या नीना चतुर्वेदी ने कहा कि छात्र परिषद आने वाले समय में देश भर में अपनी योग्यता एवं कुशलता से नेतृत्व करने की जिम्मेदारी लेंगे। इस मौके पर कल्चरल प्रेसिडेंट खुशी चौधरी व कल्चरल जाइंट सैकैट्री यति शर्मा स्पोर्ट्स सैक्रेटरी धृतिका चौहान व जाइंट खेल सैकैट्री मोहित यादव मीडिया सैक्रेटरी अरू व जाइंट मीडिया सैक्रेटरी मुदित यादव ट्रांसपोर्ट सेक्रेटरी अमित यादव व ज्वाइंट ट्रांसपोर्ट सेक्रेट्री पौरुष जिंदल हेल्थ एंड हाइजीन खुशी चौधरी की जॉइंट हेल्थ एंड हाइजीन सेक्रेटरी दूर्वा डिसिप्लिन सेक्रेटरी अरुंधति घटक व ज्वाइंट डिसिप्लिन सेक्रेटरी निहारिका गोस्वामी हॉस्टल कैप्टन भव्य वर्मा बनी।इसी अवसर पर हाउस काउंसिल के नए पदाधिकारियों की घोषणा भी की, जिसमें कावेरी हाउस कैप्टन गौरांशी कौशिक, वाइस कैप्टन खुशी शर्मा, प्रीफ़ेक्ट रूपन शर्मा गंगा हाउस कैप्टन मानवी भारद्वाज, वाइस कैप्टन आयुष प्रीफ़ेक्ट निष्ठा सतलज हाउस कैप्टन आशी भारद्वाज, वाइस कैप्टन अभिराज सिंह, प्रीफ़ेक्ट प्रनूषा वर्मायमुना हाउसः कैप्टन तन्वी भारद्वाज, वाइस कैप्टन आराध्या सिंह, प्रीफ़ेक्ट ईवा कौशिककार्यक्रम का संचालन वरदान द्विवेदी ने किया क्र कार्यक्रम का संयोजन- नीलम सिंह तथा रोहित कुमार ने किया। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं ने कामिनी जादौन के नेतृत्व में समूह गान की मनोहारी प्रस्तुति दी।

## शाखा प्रबंधक व फील्ड आफिसर पर अस्सी हजार रुपए हड़पने का आरोप

**संभल ।** चन्दौसी अन्तर्गत कुढ़फतेहगढ में स्थित उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के मैनेजर व फील्ड आफिसर पर भगतपुर पहली निवासी किसान हरवान सिंह पुत्र महेश पाल सिंह ने उस पर बकाया चल रहे लोन को एक मुश्त योजना के अंतर्गत एक लाख साठ हजार रुपए लेकर अस्सी हजार में बंद करके शेष बचे अस्सी हजार रुपए हड़पने का आरोप लगाया है । किसान हरवान ने इस सम्बन्ध में बृहस्पतिवार को अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनुकृति शर्मा को प्रार्थना पत्र देकर बैंक मैनेजर व फील्ड आफिसर द्बारा अधिक रुपए लेकर अस्सी हजार रुपए का हेरफ़ेर करने की जांच कर उचित कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। लोन अदा होने पर किसान ने बैंक द्बारा दिये गये नो-ड्यूज में जमा की गई धनराशि अंकित नहीं किये जाने पर भी सवाल उठाए हैं।

## डीएम की अध्यक्षता में आईजीआरएस की समीक्ष बैठक सम्पन्न

**सम्भल, बहजोई।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में आईजीआरएस की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत डिफाल्टर संदर्भ को लेकर चर्चा की गयी एवं संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी डिफाल्टर संदर्भ पोर्टल पर न दिखे। विभिन्न विभागों के लंबित सन्दर्भों पर चर्चा की गयी तथा लंबित सन्दर्भों को समय से पूर्ण करने के भी निर्देश दिए।संतोषजनक एवं असंतोषजनक फीडबैक को लेकर भी चर्चा की गयी तथा संतोषजनक फीडबैक को बढाने को लेकर निर्देशित किया ताकि रैंक अच्छी हो सके। सभी शिकायतकर्ताओं से वार्ता करने तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर निर्देशित किया। जो भी आख्या बनाएं उसको संबंधित अधिकारी द्वारा स्वयं पढने के निर्देश दिए। मुख्य हेल्पलाइन पर भी चर्चा की संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी, उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, डिप्टी कलक्टर नीतू रानी, वंदना मिश्रा, सौरभ कुमार पाण्डेय, रामानुज एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## किसान की पीट-पीटकर हत्या, खेत के पास पड़ा मिला शव

**बदायूं।** कादरचौक थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार को सुबह एक किसान का शव खेत में पड़ा मिला। उसके शरीर पर चोट के निशान हैं। पीटकर हत्या की आशंका जताई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कादरचौक थाना क्षेत्र में बुधवार की रात घटियारी गांव निवासी किसान सोपली कश्यप की पीटकर हत्या कर दी गई। वह रात करीब आठ बजे घर से खेत जाने के लिए निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। बृहस्पतिवार सुबह ग्रामीणों ने उनका शव खेत के पास पड़ा देखा तो उनके परिजनों को सूचना दी। हत्या से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने के बाद कादरचौक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में किसान के शरीर पर कई जगह चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि पिटाई कर उनकी हत्या की गई है। सोपली कश्यप चार भाइयों में मंझले थे। उनके तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। खेताबाड़ी कर परिवार का भरण पोषण करते थे। उनकी हत्या के बाद परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।फिलहाल हत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है और हत्या के पीछे की वजह जानने का प्रयास कर रही है।

# सब्सिडी लाभार्थियों को सरकार की ओर से दीपावली का उपहार : केंद्रीय राज्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**जनपद के 377002 लाभार्थियों को 21 करोड़ 09 लाख 62 हजार 779 रुपए की सब्सिडी का लाभ मिला व 10 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से सब्सिडी के चेक का वितरण केंद्रीय राज्यमंत्री, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने किया**

बदायूं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना अंतर्गत 1500 करोड रुपए की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी की धनाराशि का अंतरण बटन दबाकर किया। लखनऊ के लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।

जनपद के 377002 लाभार्थियों को 21 करोड़ 09 लाख 62 हजार 779 रुपए की सब्सिडी का लाभ मिला व 10 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से सब्सिडी के चेक का वितरण केंद्रीय राज्यमंत्री, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने किया। केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि सब्सिडी लाभार्थियों को सरकार की ओर से दीपावली का उपहार है। बदायूं के कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर व विकसित भारत बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री जी ने देश की बागडोर अपने हाथ में ली थी तब उन्होंने कहा था कि उनकी सरकार गरीबों को समर्पित है। उन्होंने कहा कि 10 वर्षों में 25 करोड़ से ज्यादा लोगों को गरीबों की रेखा से ऊपर लाने का कार्य सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के करोड़ों लाभार्थियों को सब्सिडी प्रदान की जा रही है। 4 करोड़ 21 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना व अन्य आवास योजनाओं के द्वारा पक्के मकान दिए गए। आयुष्मान योजना के अंतर्गत 5 लाख तक का मुफ्त इलाज की सुविधा दी गई। उन्होंने सभी से आवाहन किया कि वह स्वदेशी को अपनाएं। प्रधानमंत्री जी ने बेटियों के सिदूर उजाड़ने वालों को ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से सबक सिखा दिया कि एक चुटकी सिंदूर की कीमत क्या होती है। जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि जनपद में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 03 लाख 77 हजार 02 लाभार्थी हैं जिनमें से आईओसीएल के 203465, बीपीसीएल के 105314 तथा एचपीसीएल के 68223 लाभार्थी हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रत्येक सिलेंडर रिफिल का उपभोक्ता को 894.48 पैसे प्रति सिलेंडर देना होता है, जिसमें केंद्र सरकार द्वारा प्रत्येक सिलेंडर रिफिल पर अनुमन्य सब्सिडी रुपए 335.40 प्रति सिलेंडर दी जाती है।

# डीएम और सीडीओ की अध्यक्षता में दिव्यांगजन विभाग के कार्यों एवं योजनाओं की हुई समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल, बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में दिव्यांगजन विभाग के कार्यों एवं योजनाओं के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभारी जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी दिलीप कुमार के द्वारा विगत बैठक के बिंदुओं के विषय में क्या कार्रवाई की गई है उसके विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई । मुख्य विकास अधिकारी ने सर्वप्रथम नगर पालिका, नगर पंचायत तथा ग्राम पंचायत से आने वाली दिव्यांगजन सर्वे रिपोर्ट के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि संबंधित अधिकारियों की सर्वे रिपोर्ट नहीं आई है तो उनका स्पष्टीकरण जारी किया जाए और अक्टूबर का वेतन रोकने की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। पोर्टल पर लंबित मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल निस्तारण , सीएसआर एवं दिव्याशा केंद्र पर चर्चा की गई एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सुगम्य परिवहन पर चर्चा करते हुए बसों में सीट आरक्षित कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। दिव्यांग पेंशन, आधार सीडिंग, फैमिली आईडी, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना, दिव्यांगजन आजीविका पंजीकरण, दिव्यांग रोजगार मेला, दिव्यांग खेल आदि पर चर्चा की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रभारी जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी दिलीप कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा सहित समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। जारी जिला सूचना कार्यालय जनपद संभल।

# डीएम ने की मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विकास कार्यो की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल, बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर मुख्यमंत्री विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार द्वारा सीएम डैशबोर्ड पर विभागों की प्रमुख योजनाओं एवं रैंक के विषय में जिलाधिकारी को अवगत कराया। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर चर्चा की तथा दैनिक विद्युत आपूर्ति ग्रामीण में रैंक में कमी आने पर संबंधित अधिकारी को सचेत करने के निर्देश दिए तथा कहा कि भविष्य में रैंक न गिरे। पीएम किसान सम्मान निधि ,डे एन आर एल एम, आर ई डी विभाग द्वारा भवन निर्माण तथा सड़क निर्माण पर चर्चा की तथा एम्बुलेंस 102 की पूर्व माह में रैंक तथा वर्तमान माह में रैंक पर चर्चा की तथा रैंक गिरने पर संबंधित नोडल को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। दुग्ध मूल्य भुगतान में और बेहतर करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन ग्रामीण, 15 वां वित्त आयोग ग्राम पंचायत, 5 वे राज्य वित्त आयोग, निपुण परीक्षा आकलन पर चर्चा की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निराश्रित गौवंश संरक्षण को लेकर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि गौवंश सुपुर्दगी को लेकर ग्रामों में चौपाल लगाएं। राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना को लेकर सत्यापन की प्रगति कम होने पर संबंधित को सचेत करने तथा ससमय सत्यापन कराने के निर्देश दिए। इसके उपरांत निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। आयुष विभाग के अन्तर्गत 50 शैय्या एकीकृत आयुष चिकित्सालय , राजकीय इंटर कॉलेज शाहपुर डसर,लसकारिया, नगर विकास तथा नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन के अन्तर्गत बबराला में वाटर सप्लाई जल निगम शहरी, ग्राहक गैस संरक्षण केंद्र रोड सेफ्टी के अंतर्गत बबराला अनूपशहर मार्ग सड़क सुरक्षात्मक का कार्य एवं ऊंचे तटबंध वाले भागों में क्रैश बैरियर एवं अन्य सुरक्षात्मक कार्य लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि ससमय लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

# डीएम, एसएसपी ने किया पटाखा बाजार और गोदामों का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विक्रेता वैध अस्थायी अनुमति के साथ ही बिक्री करेंगे, और बिना अनुमति पटाखे बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बाजार में पुलिस बल और फायर ब्रिगेड की तैनाती हर समय होनी चाहिए**

बदायूं। दीपावली पर्व नजदीक आने के मद्देनजर डीएम अवनीश राय ने बुधवार को अधिकारियों के साथ दातागंज रोड स्थित एचपी ग्राउंड में प्रस्तावित पटाखा विक्रय स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने सुरक्षा मानकों, अग्निशमन की व्यवस्था, दुकानों के बीच निर्धारित दूरी और बाजार की निगरानी व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्थायी दुकानों के बीच पर्याप्त दूरी रखी जाए ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे।

सभी विक्रेता वैध अस्थायी अनुमति के साथ ही बिक्री करेंगे, और बिना अनुमति पटाखे बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बाजार में पुलिस बल और फायर ब्रिगेड की तैनाती हर समय होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने दुकानों की संभावित पंक्तियों का चिह्नांकन करने, निकास मार्ग खुला रखने और अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। वहीं, डीएम ने पटाखों के गोदामों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने भंडारण स्थलों की संरचना, वेंटिलेशन, अग्निशमन व्यवस्था और लाइसेंस संबंधी अभिलेखों की जांच की। उन्होंने स्पष्ट किया कि गोदामों में सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य होगा। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन अरुण कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट सुरेश पाल मौजूद रहे। बिल्सी में स्थानीय व्यवस्था में बदलाव अस्थायी आतिशबाजी बाजार नाई पिंडरी रोड पर नहीं लगेगा। एसडीएम प्रेमपाल सिंह और सीओ संजीव कुमार ने कछला-शाहबाद हाइवे पर स्थित खाली खेत को नए बाजार के लिए चुना। एसडीएम ने कहा कि यह स्थान घनी आबादी से दूर है और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तय किया गया है। नियमों और मानकों का पालन न करने पर लाइसेंस निरस्त किया जाएगा। वहीं उसावां कस्बे में भी अस्थायी आतिशबाजी बाजार अब एक कालेज के खेल मैदान में लगेगा। इंस्पेक्टर वीरपाल सिंह तोमर ने बताया कि पुरानी जगह पर आबादी बढ़ जाने के कारण नए स्थान की तलाश की गई और अंततः खेल मैदान को बाजार के लिए चुना गया।

# इग्नू ने किया ई-ज्ञानसंगम डिजिटल पोर्टल का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**यह पोर्टल इग्नू के शिक्षार्थियों के लिए एक समेकित मंच के रूप में तैयार किया गया है जहाँ वे विविध शैक्षणिक ई-कंटेंट ,वीडियो व्याख्यान , संदर्भ सामग्री और अन्य शैक्षिक जानकारी एक ही स्थान से प्राप्त कर सकेंग**

बदायूं। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के नोएडा क्षेत्रीय केंद्र द्वारा ई ज्ञानसंगम नामक एक अभिनव डिजिटल पोर्टल का ऑनलाइन शुभारंभ किया गया। यह पोर्टल इग्नू के शिक्षार्थियों के लिए एक समेकित मंच के रूप में तैयार किया गया है जहाँ वे विविध शैक्षणिक ई-कंटेंट ,वीडियो व्याख्यान , संदर्भ सामग्री और अन्य शैक्षिक जानकारी एक ही स्थान से प्राप्त कर सकेंगे।

यह जानकारी देते हुए राजकीय महाविद्यालय स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ संजीव राठौर ने बताया कि इस पोर्टल के माध्यम से इग्नू के सभी लर्नर्स अपने पाठ्यक्रमों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए हर तरह की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर आयोजित ऑनलाइन लॉन्च समारोह की मुख्य अतिथि डॉ0 मनोरमा सिंह, निदेशक, क्षेत्रीय सेवा प्रभाग इग्नू नई दिल्ली रहीं। उन्होंने कहा कि इग्नू के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन मिशन की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। ई ज्ञानसंगम इग्नू की दूरस्थ शिक्षा प्रणाली को और अधिक सशक्त बनायेगा तथा शिक्षार्थियों को गुणवत्तापूर्ण डिजिटल संसाधनों से जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में इग्नू के शिक्षार्थी, समन्वयक, अध्ययन केंद्रों के प्रभारी एवं विश्वविद्यालय से जुड़े अकादमिक और प्रशासनिक अधिकारी सम्मिलित हुए।इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र नोएडा की निदेशक डॉ0 सिरान मुखर्जी ने इस पहल की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि ई-ज्ञानसंगम पोर्टल शिक्षार्थियों के लिए एक नॉलेज हब के रूप में कार्य करेगा। यह प्लेटफॉर्म मुक्त और दूरस्थ शिक्षा को और अधिक प्रभावी सुगम एवं शिक्षार्थी-केंद्रित बनाएगा। ई ज्ञानसंगम एक डिजिटल नॉलेज पोर्टल है जिसका उद्देश्य इग्नू के शिक्षार्थियों को एक ही मंच पर अध्ययन सामग्री ई।संसाधन और वीडियो व्याख्यान उपलब्ध कराना है। इस पहल से शिक्षार्थियों को गुणवत्तापूर्ण डिजिटल शिक्षण-सामग्री तक सहज पहुँच प्राप्त होगी। उप निदेशक डॉ. अंजना ने वेब पोर्टल का डेमो दिया और बताया कि ई ज्ञानसंगम पोर्टल इग्नू के निरंतर नवाचार और डिजिटल शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का सूचक है।

## किसान यूनियन का धरना

बदायूं। भारतीय किसान यूनियन टिकैत जिला मुख्यालय मालवीय आवास गृह पर शुक्रवार 17 अक्टूबर को राष्ट्रीय आभार पर एक दिवसीय धन्ना प्रदर्शन करके पंचायत करेगी यह जानकारी मंडल के प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने देते हुए बताया प्रदेश सरकार द्वारा गन्ना रेट नहीं बढ़ाया है प्रदेश में किसानों को रासायनिक खाद डीएपी कीभारी किल्लत है। मुख्यमंत्री के नाम संबोधन ज्ञापन सोप जाएगा उन्होंने जिले भर के पदाधिकारी से अनुरोध किया है ज्यादा संख्या में आकर पंचायत को सफल बनाएं धरना प्रदर्शन किसानों के हित में पूरे प्रदेश भर में किया जा रहा है यह निर्देश राष्ट्रीय मुख्यालय से प्राप्त हुआ है।

## एडीजे ने नवजीवन वृद्धा आश्रम कछला में बुजुर्गों का जाना हाल

बदायूँ। एडीजे व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 16 अक्टूबर 2025 को जनपद के नवजीवन वृद्धा आश्रम, कछला जनपद बदायूं का भी निरीक्षण व विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया है, शिविर में नवजीवन वृद्धा आश्रम, कछला जनपद बदायूं में सम्वासित वृद्धजनों को उनके विधिक सहायता के वारे में संचालनकर्ता से पूछताछ की गयी तथा उनको विधिक सहायता हेतु जागरूक भी किया गया।

# बेटियां है अनमोल उपहार शिक्षा है उनका अधिकार : एडीजे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**शिविर का शुभारम्भ एडीजे सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिव कुमारी द्वारा किया गया**

बदायूँ। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुक्रम में एवं माननीय जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं के निर्देशानुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं द्वारा दिनांक 16.10.2025 को ह्वमिशन शक्ति, फ़ेज 5.0 के अन्तर्गत एवं महिला सशक्तिकरण के विषय पर विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर का आयोजन महात्मा गांधी पालिका इण्टर कॉलेज उझानी, बदायूँ में आयोजित किया गया।

शिविर का शुभारम्भ एडीजे सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिव कुमारी द्वारा किया गया कार्यक्रम के प्रारम्भ में असिस्टेन्ट, एलएडीसी व जि0वि0सेप्रा कशिश सक्सेना द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्राओं के विधिक अधिकारों से सम्बन्धित एवं 3 नये कानूनों, पर्यावरण अधिनियम, उपभोक्ताओं के अधिकारों के बारे में एवं भारतीय संविधान में वर्णित अनुच्छेद-14, अनुच्छेद-15 एवं अनुच्छेद-21 व 21ए, अनुच्छेद 32, अनुच्छेद 36, अनुच्छेद 222 एवं शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 एवं सरकार द्वारा संचालित विभिन्न टोल फ्री नम्बर 112, 1090, 1076, 15100 इत्यादि के बारे में विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। एडीजे व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिव कुमारी द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित समस्त छात्राओं को जागरूक करते हुए उनसे अपील की गयी कि इन्टरनेट का सही उपयोग करना चाहिए तथा सोशल मीडिया साइटों यथा फ़ेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि का उपयोग उचित दिशा में करना चाहिए एवं अश्लील सामिग्री से दूरी बनाये रखना चाहिए ताकि विद्या अध्ययन करने वाले युवक-युवतियों का विद्यार्थी जीवन नष्ट न हो। इसके अतिरिक्त छात्राओं को अच्छी शिक्षा ग्रहण करनी चाहिये साथ ही अच्छी सोच और पढ़ाई पर अधिक ध्यान देना चाहिए एवं भारतीय संविधान में वर्णित महिलाओं के मौलिक अधिकारों व कार्य स्थल पर महिलाओं के प्रति यौन उत्पीड़न अधिनियम, पॉक्सो एक्ट, निःशुल्क विधिक सहायता अधिनियम 1987 की धारा 12 के बारे में एवं गुड टच बैड टच के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी इसके अतिरिक्त उनके द्वारा स्त्री-पुरूष सामानता सम्बन्धित प्रावधानों एवं महिलाओं की सुरक्षा एवं कल्याण सम्बन्धित विधिक प्रावधानों को विस्तृत रूप में बताया गया।

शिविर के अन्त में कार्यक्रम में उपस्थित समस्त छात्राओं को ह्वमिशन शक्ति, फ़ेज 5.0 के अन्तर्गत एवं महिला सशक्तिकरण पर विशेष प्रकाश डालते हुए अपने वक्तव्य में बताया कि आज हमारे देश में पुरुषों की अपेक्षा महिलायें प्रत्येक क्षेत्र में उच्च पदों पर आसीन हैं एवं पूर्व भी रह चुकी हैं जैसे महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल आनदी बेन पटेल, कर्नल सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह एवं सुनीता विलियम्स भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री हैं जिन्होंने अमेरिकी नौसेना में अपना करियर शुरू किया और बाद में नासा में शामिल हुईं जिससे सम्बन्धित विस्तार पूर्वक बताया गया।

# ग्रीन दिवाली के संदेश के साथ स्कूली बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली ,मां के नाम एक पेड़ लगाए

**गरिमा भूषण का मंडल वासियों को संदेश, मिशन शक्ति और ग्रीन दिवाली पर केंद्रित रही स्कूली बच्चों की पैदल रैली**

**आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील बोले, खुशियां मनाएं, मगर पर्यावरण का ध्यान रखें**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। दीपावली के अवसर पर पर्यावरण संर क्षण और प्रदूषण मुक्त त्योहार मनाने के उद्देश्य से गुरुवार को आयुक्त आवास से अंबेडकर चौ राहा तक ग्रीन पटाखे जलाने को लेकर एक भव्य पैदल जागरूकता रैली निकाली गई।

रैली में स्कूली बच्चों और बच्चियों ने बढ़-चढ़कर हि स्सा लिया।आयुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूष ण लाल सुशील और उनकी पत्नी गरिमा भूषण ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया, रैली में बच्चों ने हाथों में तख्तियां लेकर और नारे लगाकर लोगों को पर्यावरण के प्रति जाग रूक किया।ग्रीन पटाखे जलाओ,प्रदूषण भगा ओ स्वच्छ हवा सबका अधिकार, ग्रीन दिवाली का करें विचारङ्क जैसे नारों से बच्चों ने आमजन को संदेश दिया कि त्योहार खुशी से मनाएं, ले किन प्रकृति की सुरक्षा का भी ध्यान रखें।रैली का शुभारंभ आयुक्त आवास के गेट से हुआ, जो अंबेडकर चौराहा होते हुए वापस आयुक्त आवास पर समाप्त हुई।रैली के दौरान बच्चों ने ग्रीन पटाखों के महत्व को बताया और सभी से अपील की कि वे पारंपरिक पटाखों के बजाय पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाएं।आयुक्त श शि भूषण लाल सुशील ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली आनंद और प्रकाश का त्योहार है,जिसे प्रदूषण रहित तरीके से मनाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वायु और ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए अधिक ध्वनि वाले पटाखों का उपयोग न करें और पर्यावरण के प्रति संवेदन शील बनें।उन्होंने कहा कि ग्रीन दिवाली मनाना न सिर्फ प्रकृति के लिए अच्छा है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के स्वस्थ भविष्य की दिशा में एक कदम है।इस अवसर पर आकांक्षा समिति की अध्यक्षा गरिमा भूषण ने सभी मंडलवासि यों से अपील की कि वे प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाएं और मां के नाम एक पेड़ अवश्य लगाएं। उन्होंने कहा कि दीपावली का सच्चा उत्सव त भी सार्थक होगा जब हम अपने परिवेश को स्वच्छ, हराभरा और सुंदर बनाएंगे।उन्होंने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए पूरे मंड ल को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लेने को प्रेरित किया।रैली के दौरान मिशन शक्ति अ भियान से भी स्कूली बच्चियों और आमजन को जागरूक किया गया। बच्चियों ने सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश का नारा लगाते हुए महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने रैली में भाग लेने वाली ब च्चियों को अपने हाथों से मिशन शक्ति के पंप लेट वितरित किए और उन्हें आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया,कार्यक्रम के दौरान जिलाधिका री प्रियंका निरंजन,पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन,नगर मजिस्ट्रेट सहित कई अधिकारी उप स्थित रहे।रैली में शामिल सभी बच्चों को चिप्स बिस्किट और फ्रूटी जैसी सामग्री भी वितरित की गई, जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशी झ लक उठी।रैली का समापन ल्लग्रीन दीपावली स्वच्छ मंडलङ्क के संदेश के साथ हुआ।उपस्थित जनों ने संकल्प लिया कि वे इस दीपावली पर ग्रीन पटाखों का ही उपयोग करेंगे और पर्या वरण संरक्षण के लिए पौधारोपण जरूर करेंगे।

## विकास कार्यों को गति देने को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले उद्योगपति कुलदीप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । जिले के समग्र विकास और किसानों की समस्याओं के समाधान को लेकर बेलसर ब्लॉ क क्षेत्र के ग्राम पंचायत लौव्वा टेपरा स्थित अथरिस फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी (एफपीओ) के सीईओ एवं युवा उद्योपति कुलदीप मिश्रा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से रबी सीजन में किसानों को समय से और पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने की मांग रखी, ताकि किसानों को खाद के अभाव में किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े।कुलदीप मिश्रा ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि जिले के कई प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों पर पिछले वर्षों में रबी सीजन के दौरान उर्वरकों की कमी देखी गई थी।उन्होंने कहा कि किसान समय पर खाद न मिलने के कारण बुवाई में दे री करते हैं, जिससे उत्पादन प्रभावित होता है। उन्होंने मांग की कि जिले में रबी सीजन के दौरान डीएपी, यूरिया और एनपीके की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई की जाए।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एफपीओ के कार्यों की सराहना करते हुए भरोसा दिलाया कि किसानों को कि सी भी स्तर पर निराश नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देने की बात क ही कि जिले में उर्वरक की आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जाए।ग्रामीण कृषि विकास को बढ़ावा देने के लिए इस मुलाकात को महत्व पूर्ण पहल माना जा रहा है।

# अवैध नर्सिंग होम पर 35 दिन बीत जाने के बाद भी नहीं हुई कार्यवाई

**इस मामले में विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ने कमिश्नर को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की थी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। जिले में भाजपा कार्यालय के पास स्थित एक बिना पंजीकरण वाले एसवीएस प्राइवेट नर्सिंग होम में दो नवजात बच्चों की मौत के 35 दिन बीत जाने के भी अस्पताल संचालक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। यह घटना 11 सितंबर को हुई थी और अभी तक कोई का र्यवाही न होने से सेहत विभाग और जिला प्रशा सन पर भी सवाल उठ रहा है।

इस मामले में विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ने कमिश्नर को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की थी।पत्र के आधार पर कमिश्नर ने बीते तीन अक्टूबर को ही तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर सात दिन के भीतर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए थे। हालांकि, कमिश्नर द्वारा गठित जांच कमेटी ने अभी तक अपनी रिपोर्ट नहीं सौंपी है।इसके चलते न तो किसी अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ और न ही अस्पताल संचा लक के खिलाफ कोई कार्रवाई शुरू की गई है।कार्रवाई न होने से पीड़ित परिवारों और स्थानी य लोगों में गहरा आक्रोश है। बीते 11 सितंबर को अवैध रूप से संचालित हो रहे एनआईसीयू वार्ड में इन दो बच्चों की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा किया था। इस घटना के बाद सीएम ओ का एक विवादित बयान भी सामने आया था,जिस पर उन्होंने बाद में माफी मांगते हुए सफाई दी थी।गोंडा के कमिश्नर शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि जांच कमेटी से रि पोर्ट मांगी गई है।उन्होंने स्पष्ट किया कि रिपोर्ट मिलने के बाद पूरे मामले में नियमानुसार कार्र वाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह के पत्र के बाद ही उन्होंने कमे टी गठित कर सात दिन में रिपोर्ट मांगी थी और अब टीम के सदस्यों से रिपोर्ट भेजने को कहा जा रहा है।

## प्रत्येक रविवार को लगेगा बहु-बेटी संबंध कैम्प

गोरखपुर। महिला अपराधों पर अंकुश लगाने और समाज में बहु-बेटी के संबंध को मजबूत बनाने के उद्देश्य से गोरखपुर जोन में एक नई पहल की शुरुआत की जा रही है। अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) गोरखपुर जोन मुथा अशोक जैन के निर्देश पर अब हर थाने के एक-एक गांव में प्रत्येक रविवार को ल्लबहु-बेटी संबंधङ्क कैम्प आयोजित किया जाएगा। इस अभियान का लक्ष्य महिलाओं को आत्मनिर्भर, जागरूक और सुरक्षित बनाना है, ताकि समाज में उनके प्रति सम्मान और सुरक्षा की भावना को बल मिले।एडीजी मुथा अशोक जैन ने बताया कि इस विशेष कैम्प का उद्देश्य गांव-गांव में महिलाओं के साथ संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुनना और तत्काल समाधान करना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक रविवार को होने वाले इन कैम्पों में केवल महिला अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगी – कोई भी पुरुष अधिकारी शामिल नहीं होगा। इससे महिलाओं को खुलकर अपनी बात रखने का अवसर मिलेगा और वे बिना किसी झिझक के अपनी समस्याएं बता सकेंगी।

# मिशन शक्ति कार्यक्रम में महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा पर हुई चर्चा

**कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को बाल संरक्षण, महिला सुरक्षा तथा आत्मरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया गया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा । जनपद के 30वीं वाहिनी पीएसी परिसर स्थित पुलिस मॉडर्न स्कूल, गोण्डा में गुरुवार को मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को बाल संरक्षण, महिला सुरक्षा तथा आत्मरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।

कार्यक्रम का संचालन सेंटर मैनेजर चेतना सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने बच्चों को महिला व बालिका से सम्बन्धित जानकारी दी। चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर आशीष मिश्रा ने बच्चों को हेल्प लाइन 1098 की कार्यप्रणाली की जानकारी दी और बताया कि किसी भी आपात स्थिति में इस नंबर पर सहायता प्राप्त की जा सकती है। डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर (H.E.W.) शिवेन्द्र श्रीवास्तव ने मिशन शक्ति अभियान की रू परेखा बताते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग को महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लि ए आगे आना चाहिए।इस अवसर पर काउंस लर चाइल्ड हेल्पलाइन नीतू त्रिपाठी, अपरा जिता सामाजिक समिति से अत्रेय त्रिपाठी, केस वर्कर हितेश भारद्वाज, प्रधानाचार्य सुनील कुमार वर्मा,अध्यापक रमाकांत तिवारी, दीपिका मिश्रा, विजयलक्ष्मी शुक्ला, सुची द्विवेदी, प्रतिमा सिंह, पूर्णिमा पाठक, धर्मेंद्र तिवारी, पंकज श्रीवास्तव, पवन कुमार, महेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उप स्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों से सामाजिक सुरक्षा व जागरूकता का संकल्प दिलाया गया।

# खाद्य पदार्थो के नमूने ले कर दूषित मिठाइयों को किया गया नष्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0 लखनऊ के निर्देश के क्रम में उप जिलाधिकारी नानपारा के नेतृत्व में आगामी दीपावली, गोर्वधन पूजा एवं भाईदूज पर्वपर मिलावटी खाद्य पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, बहराइच द्वारा चलाये जा रहे अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा बाबागंज, नानपारा, बहराइच से पेडा, छेना रसगुल्ला, मिल्क केक, इलियास मिठाई, राजी चौराहा, बहराइच से खोया, महसी, बहराइच से छेना मिठाई के नमूने संग्रहीत किये गये एवं लगभग 150 किग्रा0 खोया, 25 किग्रा0 दूषित खोया बर्फी एवं 20 किग्रा0 रंगीन बूंदी, बाबागंज, नानपारा, जिला बहराइच में नष्ट कराया गया।इस प्रकार दीपावली, गोर्वधन पूजा एवं भाईदूज पर्व में अभी तक कुल-58 नमूनें संग्रहित किये गये। उपरोक्त खाद्य कारोबार कर्ताओं को साफ-सफाई रखने के निर्देश दिये गये है तथा जागरूकता हेतु स्टीकर चस्पा कराया गया। दीपावली, गोर्वधन पूजा एवं भाईदूज पर्व को ध्यान में रखते हुए विशेष अभियान जनपद की समस्त तहसीलों एवं बाजारों में चलाया जा रहा है, जो आगे भी चलाया जाता रहेगा।टीम में उप जिलाधिकारी नानपारा, बहराइच, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरूण शुक्ल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ0 विवेक कुमार वर्मा, मुकेश कुमार श्रीवास्तव, आदित्व वर्मा, अजय कुमार सिंह, कृपा शंकर एवं प्रीती वर्मा द्वारा उपरोक्त कार्यवाही सम्पादित की गयी।

# रोज़गार मेले में चयनित किये गये 245 अभ्यर्थी

**रोज़गार मेले में 10 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग कर अभ्यर्थियों को लिया गया साक्षात्कार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच । जिला सेवायोजन कार्यालय बहराइच द्वारा बाबू वासुदेव पी.जी. कॉलेज रूपईडीहा के सहयोग से कालेज सभागार में आयोजित रोज़गार मेले का मुख्य अतिथि क्षेत्र पंचायत प्रमुख जे. पी. सिंह ने विशिष्ट अतिथि रतन अग्रवाल, देवेंद्र पाठक व आर. पी. सिंह तथा विद्यालय के प्रबन्धक दिनेश प्रताप सिंह, प्राचार्य डॉ. राजन सिंह व अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर मेले का शुभारम्भ किया।

रोज़गार मेले में 10 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग कर साक्षात्कार के माध्यम से 245 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।रोज़गार मेले को सम्बोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख श्री सिंह ने मौजूद लोगों को आसन्न त्यौहारों की शुभकामनाएं दी तथा चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता है। समाज में ऊंचा मुकाम हासिल करने वाले सभी लोगों ने अपनी शुरूआत शून्य से ही की है। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को सुझाव दिया कि अपने लिए बड़ा लक्ष्य निर्धारित कर पूरी प्रतिबद्धता और कठिन परिश्रम के साथ उसे हासिल करने का प्रयास करें।उन्होनें कहा कि प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत युवाओं को नौकरी मिल रही है। उन्होंने रोज़गार मेले में मौजूद युवाओं का आहवान किया कि सेवायोजन कार्यालय अथवा अन्य संस्थानों द्वारा आयोजित रोज़गार मेले का भरपूर लाभ उठाएं। श्री सिंह ने मौजूद युवाओं को सुझाव दिया कि सेवायोजन विभाग के रोज़गार संगम पोर्टल पर अपना पंजीकरण अवश्य कराएं तथा दूसरे साथियों को भी इसकी जानकारी दें। कॉलेज के प्रबंधक दिनेश प्रताप सिंह ने रोज़गार मेले में आयी कम्पनियों के प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए आहवान किया कि आकाक्षी जनपद बहराइच के अधिक से अधिक बेरोजगारों को रोज़गार का अवसर प्रदान करने में सहयोग प्रदान करें। श्री सिंह ने छात्र-छात्राओं का आहवान किया कि स्वयं भी जागरूक रहकर ऐसे आयोजनों का भरपूर लाभ उठायें।जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि इस रोजगार मेले में आईटीआई, पॉलिटेक्निक, हाई स्कूल, इण्टर एवं स्नातक स्तर के साथ-साथ सुरक्षा क्षेत्र से सम्बन्धित कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से बच्चों का चयन किया जा रहा है। श्री कुमार ने मौजूद अभ्यर्थियों की करियर काउंसलिंग करते हुए सेवायोजन पोर्टल एवं रोजगार संगम पोर्टल के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि इच्छुक व्यक्ति इन पोर्टलों पर पंजीकरण कराकर निजी क्षेत्र के साथ-साथ आउटसोर्सिंग भर्ती में भी आवेदन कर रोजगार हासिल कर सकते हैं। साथ ही उपस्थित अभ्यर्थियों का करियर काउंसलिंग करते हुए एनसीएस पोर्टल की जानकारी देते हुए पंजीकरण कराने का सुझाव दिया। रोज़गार मेले का संचालन प्राचार्य राजन सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर कालेज स्टाफ व सेवायोजन कार्यालय के कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं व अभ्यर्थी मौजूद रहे।

# नानपारा के विश्वनाथ मंदिर में दुर्गा पूजा समिति का सम्मान समारोह सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। नगर के पुरानी तहसील स्थित श्री विश्वनाथ मंदिर, नानपारा में आयोजित दुर्गा पूजा कार्यक्रम में उत्कृष्ट सेवा देने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। मंदिर समिति की ओर से श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित इस सम्मान समारोह में कार्यकर्ताओं को चुनरी एवं प्रसाद भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर समिति के अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुप्ता ने की, जबकि संचालन का दायित्व दिलीप जायसवाल ने निभाया। इस अवसर पर समिति के वरिष्ठ सदस्यों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति में आयोजन का माहौल भक्तिमय बना रहा। समारोह में गणेश सिंह, रमेश पाठक, सन्तोष पोरवाल, शनि सिंह, मनोज मिश्रा, कौशलेन्द्र श्रीवास्तव, पुडीप जायसवाल, शिपम गुप्ता, पुरण मिश्र, अविनाश सिंह, मांगेराम अग्रवाल, प्रतीक, देवांश, अशोक गुप्ता, राजकुमार, राहुल कश्यप, मनोज गुप्ता, गौतम चौरसिया, अनुराग, राजेश मिश्रा, सुरेश मिश्र, विनोद सहित कई कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुप्ता ने सभी सम्मानित कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि मंदिर का विकास तभी संभव है जब समाज एकजुट होकर सहयोग करे। उन्होंने सभी से आगे भी मंदिर की सेवा और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

# कृषि विज्ञान केंद्र में हाई-टेक नर्सरी की शुरुआत

**नर्सरी में पौधों के संवर्धन के लिए आधुनिक सिंचाई प्रणाली, नियंत्रित तापमान व्यवस्था, पॉलीहाउस तथा मिस्ट चैंबर जैसी सुविधाएँ स्थापित की गई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। नानपारा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र ने आधुनिक तकनीक के माध्यम से किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। केंद्र परिसर में हाई-टेक नर्सरी की स्थापना की गई है, जिसका शुभारंभ वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. संदीप कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. पी.के. सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. रेनू आर्या, डॉ. संदीप कुमार गौतम तथा प्रक्षेत्र प्रबंधक डॉ. एस.बी. सिंह उपस्थित रहे। वहीं प्रगतिशील किसान रामप्रवेश मौर्या और अखिलेश मौर्या सहित कई अन्य किसान प्रतिनिधियों ने भी इस पहल की सराहना की। इस हाई-टेक नर्सरी की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य क्षेत्र के किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले पौधे उपलब्ध कराना और वैज्ञानिक तकनीकों पर आधारित पौध उत्पादन को प्रोत्साहित करना है। नर्सरी में पौधों के संवर्धन के लिए आधुनिक सिंचाई प्रणाली, नियंत्रित तापमान व्यवस्था, पॉलीहाउस तथा मिस्ट चैंबर जैसी सुविधाएँ स्थापित की गई हैं, जो पौधों के बेहतर विकास में सहायक सिद्ध होंगी। कृषि वानिकी वैज्ञानिक उमेश कुमार ने बताया कि इस पहल से किसानों को गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेगी, जिससे कृषि आय में वृद्धि के साथ-साथ क्षेत्र में बागवानी और कृषि-वानिकी को नई दिशा मिलेगी। कृषि विज्ञान केंद्र, नानपारा लगातार प्रयासरत है कि किसान नवीन तकनीकों को अपनाकर अपने उत्पादन एवं उत्पादकता में सुधार कर सकें। इस दिशा में शुरू की गई हाई-टेक नर्सरी निश्चित रूप से जिले के कृषक समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि और सतत कृषि विकास की ओर मील का पत्थर साबित होगी।

## मनाया गया ग्लोबल हैंडवॉशिंग डे, साथ ही प्रतिभागियों ने ली हैंडवॉशिंग शपथ

नानपारा, बहराइच । आगा खान फाउंडेशन द्वारा संचालित पोषण प्रेरणा परियोजना के अंतर्गत बहराइच जनपद के चित्तौरा, रिसिया, बलहा, तेजवापुर एवं शिवपुर विकास खंड के 5 विद्यालयों एवं 5 ग्राम समुदायों में 'ग्लोबल हैंडवॉशिंग डे' के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं सहित समुदाय के सभी लोगों में व्यक्तिगत स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों में बच्चों को हाथ धोने के महत्व, सही समय और सही तरीके से हाथ धोने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत परिचय सत्र से हुई, जिसमें बच्चों को बताया गया कि ल्ल15 अक्टूबर को पूरी दुनिया में ग्लोबल हैंडवॉशिंग डे मनाया जाता है।ङ्क इसके बाद व्यवहारिक गतिविधि में बच्चों ने सीखा कि केवल दिखने में साफ़ दिखने वाले हाथों में भी कितनी गंदगी छिपी होती है।बच्चों के साथ सुमन के विधि के माध्यम से हाथ धोने की सही प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया।

# त्योहारों से पहले बड़ी कार्रवाई, एसडीएम मोनालिसा ने पकड़ा मिलावटी मावा

**अभियान के दौरान करीब डेढ़ कुंटल दूषित मावा, 55 किलो बर्फी और 25 किलो रंगीन लड्डू बरामद किए गए**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने तहसील क्षेत्र के मुख्य बाजार और बाबागंज बाजार में छापेमारी कर भारी मात्रा में मिलावटी मिठाइयाँ जब्त कीं।

अभियान के दौरान करीब डेढ़ कुंटल दूषित मावा, 55 किलो बर्फी और 25 किलो रंगीन लड्डू बरामद किए गए, जिन्हें मौके पर ही नष्ट करा दिया गया। छापेमारी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार वर्मा, आदित्य वर्मा और अजय कुमार सिंह शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान कलकत्ता मिष्ठान भंडार, बाबागंज से पेड़े का नमूना लिया गया और लगभग 30 किलो दूषित बर्फी विनिष्ट कराई गई। बंगाली मिष्ठान भंडार से छेना/रसगुल्ला का नमूना लिया गया और 25 किलो रंगीन बूंदी लड्डू, 25 किलो दूषित बर्फी व डेढ़ कुंटल दूषित मावा नष्ट कराया गया। वहीं पी.के. मिष्ठान भंडार से पेड़े का तथा गुड डेयरी से मिल्क केक का नमूना संग्रहीत किया गया। इसके अलावा नानपारा मुख्य बाजार स्थित काका बेकरी, नूरी स्वीट्स और कर्तनियाघाट रोड की मिठाई दुकानों का भी निरीक्षण किया गया। टीम ने दुकानदारों को साफ-सफाई बनाए रखने और शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने बताया कि यह कार्रवाई जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य विभाग के संयुक्त अभियान के तहत की गई। उन्होंने कहा कि एकत्र किए गए सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं, और रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# राधा की दीवानी बन जाऊंगी गीत पर झूम उठे श्रोता



## ब्लाक प्रमुख तिलोई के आवास पर चल रही श्रीमद भागवत कथा में खूब हुई पुष्पवर्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी। क्षेत्र के गांव पूरे दान सिंह वैस शंकरगंज में ब्लाक प्रमुख तिलोई के आवास पर चल रही श्रीमद भागवत कथा के छठें दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि भगवान द्वारा जब इन्द्र की पूजा छोड़वाकर गोवर्धन जी की पूजा करवाया गया तो इन्द्र क्रोधित होकर सात दिन तक लगातार वर्षा करवाने लगा परन्तु भगवान नें सभी ग्वाल बालों के साथ मिलकर गोवर्धन जी को ही छाता बनाकर उठा लिया और इन्द्र का मान भंग कर दिया और अन्त में इन्द्र लज्जित होकर आकर भगवान की स्तुति किया है सभी ब्रजवासी इस घटना से ये भावने लगें की कन्हैया अवश्य कोई भगवान है परन्तु भगवान नें कहा कि नही ये सब आप लोगों के सहयोग से ही ये सम्भव हुआ है। कथा व्यास ने कहा कि एक बार एकादशी के दिन नंद बाबा रात में तीन बजे यमुना जी में स्नान करनें चले गये और वरुण देव के दूत नन्दबाबा को पकड़ कर वरुणलोक लेकर गये और नंद बाबा को छुड़वाकर लेकर आये हैं और उसके बाद सभी को अपने बैकुण्ठ का दर्शन कराया हैं।इसके बाद महाराज जी नें पवित्र महारास का वर्णन किया है और जब भगवान नें अपनी बंशी बजाई है तब सभी गोपियों जो जिस अवस्था में थी उसी अवस्था में भगवान से मिलने के लिये अपने घर से निकल पड़ी और इस महारास का दर्शन करें भगवान शंकर भी माता पार्वती के संग आये थे।अब कंस नें अक्रूर जी के माध्यम से मल्ल युद्ध के बहाने भगवान और बलराम जी को मथुरा बुलवाया है सभी गोपियां व माँ यशोदा आ के मथुरा जानें की सूचना पाकर विरह में व्याकुल हो गयीं भगवान नन्दबाबा और ग्वालों के साथ मथुरा आये हैं और यहां कंस का वध किया है और मथुरा से सभी असुरों का नाश किया है इसके पश्चात उग्रसेन जी को मथुरा का राज्य सौंपा है और नन्द बाबा को विया किया है गुरुकुल में जाकर शिक्षा लिये हैं।उद्धव जी को गोकुल भेजकर गोकुल वासियों व गोपियों का हाल जाना है जरासंध आदि राक्षसों का आतंक बढ़ने के कारण भगवान नें द्वारिकापुरी का निर्माण कर समस्त प्रजा सहित द्वारिका चले गये। यजमान अर्चना सिंह कृष्ण कुमार सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आरती पूजन किया। संचालन धर्मेश मिश्रा ने किया। इस मौके पर राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह,कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह, उत्कर्ष शरण सिंह, गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह,हैदरगढ़ के विधायक दिनेश रावत, विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह, चेयरमैन आलोक तिवारी, मुकेश प्रताप सिंह,लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रमेश चंद्र, हीरामणि पटेल, दिलीप गंगवार,हरिनाथ यादव, उमेश प्रताप सिंह, सुनील सिंह,मनीष सिंह, शिवेंद्र सिंह, इंद्रजीत सिंह, दलजीत सिंह, कार्तिकेय शुक्ला,नितेश यादव, सौरभ सिंह, मोहन लाल मौर्य, शिवांशु मिश्रा, सुशील सिंह, करुणा शंकर, गंगा विभूति, धीरु सिंह,मंगलम शुक्ला,सहित हजारों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# कच्ची शराब के अवैध धंधे पर आबकारी विभाग का प्रहार चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।कोतवाली क्षेत्र में लगातार अवैध शराब के कारोबार से पूरी तरह से मुक्त करने के लिए आबकारी विभाग ने एक बार फिर से अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है शराब तस्करों के खिलाफ आबकारी विभाग की टीमें उनकी जड़ों पर प्रहार कर रही है देहात क्षेत्र में होने वाले अवैध शराब के निर्माण को रोकने के लिए आबकारी विभाग की टीमें भी पूरी तरह से मैदान में उतर चुकी है देहात क्षेत्र में कच्ची शराब का कारोबार करने वाले इतने बेखौफ है कि आबकारी विभाग की कार्रवाई के बाद भी धंधा बंद नहीं कर रहे है जबकि उन्हें पता है जिस शराब का निर्माण वह कर रहें है वह आमजन के लिए किसी खतरे से कम नहीं है देहात क्षेत्र में कच्ची शराब के कारोबार को जड़ से खत्म करने के आबकारी विभाग की टीम लगातार कार्रवाई भी कर रही हैं। मगर आबकारी विभाग की कार्रवाई के बीच कुछ दिन बाद शराब माफिया फिर से अपना अवैध शराब के निर्माण का कारोबार शुरू कर देते है। आबकारी विभाग द्वारा लगातार हो रही अवैध शराब कारोबारियों के बावजूद क्षेत्रीय पुलिस कार्रवाई करने से बच रही है जब भी आबकारी विभाग की टीम दबिश देने पहुंचती है तो भट्टियां फिर से सुलगती हुई मिलती है। कच्ची शराब का धंधा बाग से लेकर जंगल, नदी किनारे, झाडियों के बीच और घरों में चलता रहता है देहात क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण को रोकने के लिए आबकारी विभाग ने फिर से अपनी कार्रवाई को नई धार देनी शुरु कर दिया है जिसके लिए ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम प्रधान, चौकीदार और हर गांव में अपना एक मुखबिर तंत्र सक्रिय कर दिया है। ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम प्रधान, चौकीदार और हर गांव के लोग ही अब देहात क्षेत्र में होने वाले अवैध शराब की गतिविधियों पर अपनी नजर रखेंगे, जो हर पल की जानकारी आबकारी विभाग तक पहुंचाएगें आबकारी विभाग की इस मुहिम से काफी हद तक शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई में मदद मिलेगी इसी क्रम में आबकारी विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध कच्ची शराब बरामद की बुधवार को आबकारी निरीक्षक रोहित शर्मा और दीपक कुमार की टीम द्वारा पूरनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भगवन्तापुर की रामप्यारी, रेनू से 34लीटर, मोहल्ला कायस्थान के शेक्सपियर से 9.6लीटर, चाट फिरोजपुर के महिपाल से 10 लीटर,और गुलड़िया खास के बलवंत से 10 लीटर अवैध व कच्ची शराब के निर्माण एवं बिक्री से सम्बंधित संदिग्ध स्थल में दबिश दी गई दबिश के दौरान अवैध कच्ची शराब बरामद की आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग धारा 60 (1) पंजीकृत किया गया जिला आबकारी अधिकारी ने बताया आबकारी विभाग की टीमें कार्रवाई के साथ आसपास के लोगों से अपील भी की जा रही है कि अपने आसपास होने वाले अवैध शराब से संबंधित कोई भी सूचना हो, आबकारी विभाग को दें। किसी भी गांव को अवैध शराब से मुक्त करने के लिए जागरूकता बेहद जरुरी है।

# त्योहारों के मद्देनजर पुलिस ने बढ़ाई पैदल गश्त चोरी-अफवाहों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में कड़ी निगरानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।त्योहारों के मौसम में सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन ने अपनी सतर्कता बढ़ा दी है वाहन चोरी संबंधी घटनाओं के मद्देनजर पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है आगामी त्योहारों को देखते हुए,थाना प्रभारी पवन पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इलाकों में देर रात तक गश्त बढ़ा दी है बुधवार को प्रमुख भीड़-भाड़ वाले बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पूरनपुर उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह, पूरनपुर पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया, थाना प्रभारी पवन पाण्डेय और पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर जायजा लिया इस कदम का उद्देश्य लोगों मे सुरक्षा का विश्वास बढ़ाना और अपराधियों में भय पैदा करना है पुलिस की टीमें अब लगातार गश्त कर रही हैं, खासकर भीड़-भाड़ वाले बाजारों और धार्मिक आयोजनों के दौरान भारी आवाजाही वाले इलाकों में जानकारी के अनुसार,वरिष्ठ अधिकारी सभी जगह पैदल गश्त का नेतृत्व स्वयं कर रहे हैं बाजारों, मंदिरों,बस स्टैंड और स्टेशनों के आसपास पुलिस की मौजूदगी बढ़ा दी गई है इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि त्योहारों के मौसम में किसी भी तरह की अव्यवस्था,चोरी, जेबकतरे या झगड़े की घटनाएं न हों। थाना प्रभारी का कहना है कि पुलिस की प्रत्यक्ष मौजूदगी लोगों में सुरक्षा का भाव पैदा करती है और असामाजिक तत्वों को हतोत्साहित भी करती है त्योहारों के मौसम में सुरक्षा उपायों को और मजबूत करने के लिए पुलिस ने कई अतिरिक्त कदम उठाए हैं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत पुलिस को सूचना देने का आग्रह कर रहे हैं पूरनपुर पुलिस ने नागरिकों से पुलिस का सहयोग करने, सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की सूचना तुरंत नज़दीकी पुलिस स्टेशन को देने की अपील की है पुलिस का कहना है कि त्योहारों का मौसम खुशी का समय होता है, लेकिन कोई भी लापरवाही माहौल बिगाड़ सकती है। इसलिए, जनता का सहयोग और सतर्कता ही नगर को सुरक्षित रख सकती है।

## स्थायी लोक अदालत ने परिवादी के पक्ष में सुनाया फैसला, मिली राहत

सुलतानपुर। स्थायी लोक अदालत के चेयरमैन राधेश्याम यादव व सदस्य मृदुला राय व रमेश चंद्र यादव ने परिवादी के पक्ष में फैसला सुनाते हुए बिजली विभाग को बड़ा झटका दिया है। स्थायी लोक अदालत ने बिजली विभाग से परिवादी के खिलाफ जारी 1,43,279 रुपये की वसूली नोटिस को शून्य करार दिया है। गोशाईगंज थाने के टाटिया नगर-फरीदीपुर के रहने वाले परिवादी नन्हेंलाल ने स्थायी लोक अदालत में परिवाद दाखिल किया। आरोप के मुताबिक उन्होंने अपनी जरूरत के अनुसार एक कमर्शियल व एक घरेलू बिजली कनेक्शन लिया था, जिस पर लगातार बिजली बिल भी जमा करता रहा आरोप के मुताबिक बिजली विभाग कर्मियों ने गलत तरीके से विद्युत चोरी का आरोप लगाते हुए छह अक्टूबर 2022 को मुकदमा दर्ज करा दिया और उन पर मनमानी तरीके से बिजली बिल की देनदारी दिखाते हुए धीरे-धीरे बढ़ाकर 1,43,279 रुपए की वसूली नोटिस जारी कर दी गई। परिवादी के मुताबिक उन्होंने इस मनमानी के सम्बंध में विभागीय अफसरों से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

# रामभद्राचार्य महाराज के विवादित बयानों से मचा बवाल, संत समाज में मंथन तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज एक बार फिर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में हैं। पिछले कुछ महीनों में लगातार दिए जा रहे विवादित वक्तव्यों ने न केवल संत समाज को चौंका दिया है, बल्कि उनके अपने अनुयायियों में भी सन्नाटा और असमंजस की स्थिति पैदा कर दी है। कुछ समय पहले रामभद्राचार्य द्वारा प्रेमानंद महाराज पर की गई टिप्पणी में उन्हें ल्लज्ञान की परीक्षा देनेङ्क की चुनौती दी थी। इस कथन को संत समाज ने मर्यादाहीन और अहंकारपूर्ण बताया। वृंदावन और मथुरा के कई संतों ने इस बयान की निंदा की और कहा कि ऐसे शब्द किसी जगद्गुरु को शोभा नहीं देते। ताजा बयान में रामभद्राचार्य महाराज ने भगवान परशुराम से जुड़ा ऐसा कथन कहा, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। ब्राह्मण समाज के कई संगठनों ने इसे ल्लआस्था पर प्रहारङ्क बताया है। हालांकि महाराज की टीम का कहना है कि उनके शब्दों का अर्थ तोड़ा-मरोड़ा गया है और वह किसी देवी-देवता का अपमान नहीं कर सकते।



**क्या यह उम्र का असर या राजनीतिक झुकाव**

करीबी सूत्रों के मुताबिक, हाल के वर्षों में रामभद्राचार्य महाराज का भाषण और रुख पहले से अधिक तीखा हुआ है। कथाओं के मंच से वह कई बार अपने राजनीतिक मित्रों का नाम गर्व से लेते हैं, जिससे यह चर्चा भी गर्म है कि क्या संत समाज का यह रुख राजनीति के प्रभाव में आ रहा है। कुछ अनुयायियों का मानना है कि यह सब ल्लउम्र और अनुभव की साफगोईङ्क है, जबकि आलोचकों का कहना है कि ल्लविनम्रता संत की सबसे बड़ी पहचान होती है। संत समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने अपील की है कि इस प्रकार के बयानों से धार्मिक एकता को आघात पहुंचता है। उन्होंने कहा कि रामभद्राचार्य जैसे संत को संयम और शालीनता का उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। इस बीच उनके उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास ने कहा कि महाराज के बयान का उद्देश्य किसी का अपमान नहीं, बल्कि धर्म की मर्यादा की रक्षा करना है। एक ओर रामभद्राचार्य महाराज के भक्त उनके ज्ञान और भाषणों के कायल हैं, तो दूसरी ओर लगातार विवादों ने उनकी छवि पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। अब देखना यह होगा कि महाराज आगामी कथा मंचों पर क्या रुख अपनाते हैं क्या वे विवादों को शांत करेंगे या फिर नए बयानबाजी से फिर सुर्खियों में आएंगे।

**कटका क्लब ने बयान से आहत की कार्रवाई की मांग**

कटका क्लब सामाजिक संस्था के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य द्वारा भगवान परशुराम पर दिए गए कथित आपत्तिजनक बयान के विरोध में दिया गया। संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्र 'विनम्र' ने बताया कि विजथुआ धाम में चल रही कथा के दौरान रामभद्राचार्य ने भगवान परशुराम को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिससे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि ल्लभगवान परशुराम के प्रति ऐसे शब्द अस्वीकार्य हैं। वक्ता को अपने शब्दों पर नियंत्रण रखना चाहिए और सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। ज्ञापन देने वालों में शिव कुमार मिश्र, रत्नेश पाठक, विपिन शुक्ला, संतोष तिवारी समेत कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे। संस्था ने जिला प्रशासन से इस मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में कोई भी संत या वक्ता समाज की आस्था को ठेस पहुंचाने वाले शब्दों का प्रयोग न करे।

## दस लाख रुपये के अवैध पटाखा के साथ कारोबारी गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना इन्हौना पुलिस ने दीपावली के त्यौहार पर अवैध पटाखा भण्डारण एवं बिक्री करने वाले एक कारोबारी को गिरफ्तार, करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये कारोबारी के कब्जे से चार प्लास्टिक की बोरियों में आठ सौ अनार, इकतीस गत्तो में विभिन्न कम्पनियों के पटाखा व आतिशबाजी व एक गत्ते में सुतली बम बरामद किया है जिसकी अनुमानित कीमत करीब दस लाख रुपये बताई जाती है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर आगामी त्यौहार दीपावली के दृष्टिगत अवैध पटाखों के निर्माण, भण्डारण, बिक्री एवं परिवहन के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को थाना इन्हौना पुलिस देखभाल क्षेत्र व संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग हेतु क्षेत्र में मौजूद थे तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ग्राम तकिया मजरे आजादपुर में मकान के अंदर अवैध रूप से पटाखों का भण्डारण किये हुये हैं तथा बेचता भी है।उक्त सूचना पर तत्काल मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर अवैध रूप से पटाखा भण्डारण किये हुये मोहम्मद सहीम पुत्र मोहम्मद नसीम निवासी ग्राम तकिया मजरे आजादपुर थाना इन्हौना को चार प्लास्टिक की बोरियों में आठ सौ अनार, इकतीस गत्तो में विभिन्न कम्पनियों के चार हजार एक सौ पचपन पैकेट पटाखा व आतिशबाजी व एक गत्ते में पांच सौ सुतली बम के साथ गिरफ्तार किया गया। पटाखा निर्माण व बिक्री करने का लाइसेंस मांगने पर दिखा नही सके। इस सम्बंध में थाना इन्हौना के थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन 100 मीटर दौड़ में छात्र अरुण कुमार प्रथम

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। संकुल स्तरीय बाल मिनी पीड़ा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय बडेपुरा के परिसर में आयोजित की गई जिसमें संकुल बांसखेड़ा के बीच प्राथमिक उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में पढ़ने वाले लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया है।जिसके अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय स्तर बालिका वर्ग 50 मीटर की रेस में मधु प्रथम प्राथमिक विद्यालय बांसखेड़ा की परिधि ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। 50 मीटर बालक वर्ग की रेस में अरुण कुमार कंपोजिट विद्यालय कटैया पंडरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।रिया कंपोजिट विद्यालय कटैया पंडरी ने द्वितीय स्थानप्राप्त किया है। बालक वर्ग 100 मीटर रेस में अरुण कुमार कंपोजिट विद्यालय कटैया पंडरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।मोहित कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।कबड्डी प्रतियोगिता में भी कंपोजिट विद्यालय कटैया पंडरी के अरुण कुमार एंड पार्टी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। द्वितीय स्थान पर जैनुल एंड पार्टी रही है। बालिका वर्ग में नौशीन एंड पार्टी बढेपूरा ने बाजी मारी हैं।इस अवसर पर नोडल शिक्षक भानु प्रताप,देवेंद्र कुमार सिंह, नीरज शुक्ला, प्रेम सिंह,अभिषेक,जावेद अहमद, शशि प्रभा,श्वेता कुमारी, सरिता कुशवाहा,हिमानी सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा है।

## नागरिकता प्रमाण पत्र में आ रही दिक्कतों के समाधान के लिए यूपी प्रभारी से मिले प्रधान

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारत सरकार द्वारा अफगानिस्तान पाकिस्तान बांग्लादेश से आए सभी शरणार्थियों को नागरिकता देने के लिए गृह मंत्रालय की तरफ से कानून पारित किया गया है। जिसके तहत नागरिकता प्राप्त करने के लिए लोगों ने आवेदन किए थे। इसमें जो दिक्कतें आ रही थी।इसलिए उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व डीजे व नागरिकता कानून उत्तर प्रदेश के प्रभारी डॉक्टर सूर्य कुमार शुक्ला प्रदेश के मॉनिटरिंग कर रहे हैं।उनसे ग्राम प्रधान विवेकानंद ने नागरिकता विषय पर विस्तार से विचार विमर्श किया हैं। प्रधान विवेकानंद सरकार का कहना है। कि अगर कोई भी शरणार्थी नागरिकता प्रमाण पत्र प्राप्ति से रह ना जाए इसके हर संभव प्रयास किए हैं। कोई भी शरणार्थी नागरिकता से वंचित न रहे। जिससे कि सभी शरणार्थियों को नागरिकता मिल सके इसलिए प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेश का मुख्य अधिकारी से वार्ता की गई। मुख्य अधिकारी ने एवं प्रभारी ने आश्वासन दिया है। जो भी दिक्कत आ रही है।उसको ठीक करते हुए सभी का नागरिकता प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

## विद्यालय में समूह गान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में समूह गान प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया हैं। जिसमें भारी उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा रही हैं ।कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि नवीन अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता नीरज दीक्षित ने की।

# एपी इंटर कॉलेज में साइबर सुरक्षा के तहत एक कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।नगर में स्थित एपी इण्टर कॉलेज में साइबर सुरक्षा पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कोतवाली पूरनपुर की साइबर टीम ने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों और ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी। छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों के बारे में बताया गया हैं।ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा के लिए कुछ महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए।महिला दरोगा पिंकी यादव साइबर टीम की सदस्य। कार्यक्रम में अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित थे। छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना हैं। छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन सुरक्षा के महत्व के बारे में बताना।इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम छात्रों को साइबर अपराधों से बचाव में मदद करते हैं और उन्हें ऑनलाइन सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाते हैं।

# मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत एमबीए छात्रा हर्षिता बनीं सांकेतिक डीएम

## कलेक्ट्रेट पहुंचकर की जनसुनवाई, फरियादियों की समस्याओं पर दिए त्वरित निर्देश




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। शासन के निर्देशानुसार मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत आयोजित नायिका मेगा इवेंट में जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने गनपत सहाय पी.जी. कॉलेज, सुलतानपुर की डठ। छात्रा हर्षिता तिवारी को सांकेतिक जिलाधिकारी बनाया।

सांकेतिक जिलाधिकारी के रूप में हर्षिता तिवारी ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जनसुनवाई की और फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह अवसर उनके लिए गर्व का विषय है और वह भविष्य में आईएएस बनकर जिले और देश का नाम रोशन करना चाहती हैं। डीएम कुमार हर्ष ने कहा कि मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत यह पहल बालिकाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रेरणादायक कदम है। उन्होंने विश्वास जताया कि ऐसे आयोजनों से जनपद की अन्य बालिकाएं भी प्रेरणा लेंगी। इस अवसर पर प्रोफ़ेसर डॉ. दीपा सिंह, जिला मिशन समन्वयक रेखा गुप्ता, जेंडर स्पेशलिस्ट संतोष पाल, सरोज यादव (हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन) सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विश्व कल्याण हेतु दु:ख दुरिया का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुलतानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के ग्राम जरई कला गांव में बृहस्पतिवार को सीमा सिंह व सुनीता सिंह के नेतृत्व में दु:ख दुरिया का आयोजन किया गया। जिसमें सुहागिन महिलाओ ने अवसान मैंया की विधिवत पूजन अर्चन के पश्चात प्रसाद ग्रहण किया, सुहागिन महिलाओ ने अवसान मैया से विश्व के कल्याण एवं शांति के लिए कामना की। इस अवसर पर खुशबू सिंह, रुबी सिंह, मीनू सिंह, गुडडी सिंह, पूनम सिंह, कंचन सिंह, सपना सिंह, सीता सिंह, माया सिंह, ऊषा सिंह, देव कुमारी आदि महिलाओ सहित क्षेत्र के शिवानंद सिंह, बद्री विशाल सिंह, रंजीत सिंह, देवांश सिंह, रविन्द्र प्रकाश सिह उपस्थित रहे।

## पूरनपुर मंडी मे रात के अंधेरे में चल रही धान खरीद का वीडियो वायरल, किसान नेता ने उठाए सवाल

पूरनपुर। धान खरीद में पारदर्शिता के दावों के बीच सवाल भी उठ रहे है। मंडियों में अधिकांश किसानो को न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वहीं, नियम उल्लंघन भी उजागर हो रहा है नियमों के अनुसार, क्रय केंद्रों पर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक ही खरीद की अनुमति है, लेकिन वीडियो में रात में खरीद जारी दिख रही है किसानों का आरोप है कि जिले के कई क्रय केंद्रों पर अधिकारी और मिलर सांठगांठ कर मनमानी कर रहे हैं। दिन में किसानों का धान खरीदने से इनकार कर दिया जाता है,सरकारी धान खरीद के लिए 132 क्रय केंद्र बनाए गए है रात नौ बजे के आसपास मंडी क्रय केंद्रों पर बैनर उतारकर खरीद की जाती रही ट्रैक्टर ट्रॉली मंडी में पहुंचने का पता लगने पर किसान यूनियन से जुड़े लोग पहुंच गए और सवाल उठाए । उनका आरोप था कि जिम्मेदारों की शह पर खरीद अवैध तरीके से खरीद की जा रही है वायरल वीडियो सामने आने के बाद जिला प्रशासन हरकत में आया है जिला फूड मार्केटिंग ऑफिसर विजय कुमार शुक्ला ने बताया कि नियमों के तहत शाम 5 बजे तक ही क्रय केंद्रों पर खरीद की अनुमति है उन्होंने कहा कि मामले का संज्ञान लिया गया है ।

# लकी स्कूल मे आयोजित हुआ ल्लमेरा सपना विकसित उत्तर प्रदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।लकी चिल्ड्रन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पुरनपुर में ल्लमेरा सपना विकसित उत्तर प्रदेशङ्क विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर शहर के उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह एवं तहसीलदार आशीष कुमार गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय पधारे। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उत्तर प्रदेश के विकास, शहर की समस्याओं तथा उनके समाधान पर विस्तारपूर्वक चर्चा की चर्चा के दौरान विद्यार्थियों ने भी ल्लविकसित उत्तर प्रदेशङ्क विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए और यह साझा किया कि वे अपने क्षेत्र के विकास में किस प्रकार योगदान दे सकते हैं। बच्चों ने बताया कि ,शहर के प्रत्येक चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था होनी चाहिए,शहर में एक खेल स्टेडियम का निर्माण होना चाहिए ताकि प्रतिभाशाली खिलाड़ी आगे बढ़ सकें,साथ ही स्वच्छता, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की भी आवश्यकता है विद्यार्थियों के इन विचारों और सुझावों की अतिथियों ने सराहना की तथा उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक विजय नागी जी तथा विद्यालय के निदेशक अमन नागी जी ने भी अपने विचार व्यक्त किए और मुख्य अतिथियों अजीत प्रताप सिंह एवं तहसीलदार आशीष कुमार गुप्ता का विद्यालय में पधारने हेतु हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री दीपक कुमार सक्सेना जी, समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता, उत्तरदायित्व की भावना एवं एक विकसित उत्तर प्रदेश के निर्माण के प्रति प्रेरणा जागृत करना था।

## सम्पादकीय

# बीमार भविष्य की नींव

यह आंकड़ा हमारे शिक्षा तंत्र की विफलता को दर्शाता है कि एक लाख से अधिक स्कूलों की पढ़ाई सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे चल रही है। एक स्कूल की सारी कक्षाओं को एक शिक्षक कैसे पढ़ाता होगा? छात्र-छात्राएं कैसी और कितनी शिक्षा ग्रहण कर पाते होंगे, अंदाजा लगाना कठिन नहीं है। शिक्षा मंत्रालय के हालिया आंकड़े बताते हैं कि शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में एक लाख चार हजार स्कूल ऐसे थे, जो केवल एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। इन स्कूलों में करीब पौने चौंतीस लाख विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। बताया जाता है कि आंध्र प्रदेश में ऐसे स्कूलों की संख्या सबसे ज्यादा थी, जबकि उसके बाद उत्तर प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक और लक्षद्वीप का स्थान है। एक तो हमारे देश में शिक्षा का बजट पहले ही बहुत कम है, फिर उस धन का सही उपयोग नहीं हो पाता। इसमें दो राय नहीं कि प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा के गिरते स्तर के मूल में हमारे नीति-नियंताओं की अनदेखी ही प्रमुख कारक है। आखिर हम अपने नौनिहालों को कैसी शिक्षा दे रहे हैं? आखिर उनके बेहतर भविष्य की हम कैसे उम्मीद करें? जाहिर बात है कि एक शिक्षक सामाजिक विषय, भाषा, विज्ञान, अंग्रेजी और गणित में माहिर नहीं हो सकता। एक शिक्षक छात्रों की हाजिरी दर्ज करेगा या पढ़ाई कराएगा? शिक्षा का मतलब छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है। उन्हें पढ़ाई के साथ पाठ्यसहगामी क्रियाओं का भी ज्ञान दिया जाना जरूरी होता है। लेकिन जब स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक ही नहीं होंगे तो किताबी पढ़ाई कैसी होगी, अंदाजा लगाना कठिन नहीं है। स्कूल में सिर्फ पढ़ाई ही महत्वपूर्ण नहीं होती। बच्चों का शारीरिक विकास पूरी तरह हो, उसके लिए खेल, पीटी और योग जैसी कक्षाओं की सख्त जरूरत होती है। लेकिन जब शिक्षक ही पर्याप्त नहीं होंगे तो शिक्षा के साथ चलने वाली गतिविधियों की तो कल्पना भी नहीं की जा सकती है। निस्संदेह, हम छात्रों के बीमार भविष्य की बुनियाद ही रख रहे हैं। सही मायनों में स्कूलों का शिक्षकों की कमी से जूझना शिक्षा विभाग की नाकामी को ही दर्शाता है। यह हमारे सत्ताधीशों की संवेदनहीनता का भी पर्याय है। शिक्षकों की नियुक्ति में जिस बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के मामले विभिन्न राज्यों में सामने आए हैं, उससे शिक्षा विभाग की प्रदूषित कार्य संस्कृति का बोध होता है। आखिर क्या वजह है कि देश में प्रशिक्षित शिक्षकों की पर्याप्त संख्या होने के बावजूद स्कूलों में शिक्षकों की कमी बनी हुई है। यह स्थिति हमारे तंत्र की विफलता को ही उजागर करती है। एक समस्या यह भी है कि शिक्षक जटिल भौगोलिक स्थितियों वाले स्कूलों में काम करने से कतराते हैं। यदि इन स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति हो भी जाती है तो वे दुर्गम से सुगम स्कूलों में अपना तबादला ज्वाइन करने के तुरंत बाद करवा लेते हैं। जिसमें राजनीतिक हस्तक्षेप से लेकर विभागीय लेन-देन की भी शिकायत होती रहती है। यही वजह है कि शहरों व आसपास के इलाकों में स्थित स्कूलों में शिक्षकों की तैनाती जरूरत से ज्यादा भी देखी जाती है। कैसी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि सड़कों पर बेरोजगारों की लाइन लगी हैं और स्कूलों में शिक्षकों के लाखों पद खाली हैं। बताया जाता है कि माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालयों में करीब साढ़े आठ लाख शिक्षकों के पद खाली हैं। इसके बावजूद कि हमारे यहां प्रशिक्षित शिक्षकों की कोई कमी नहीं है। कहने को तो हमारे गाल बजाते नेता भारत को दुनिया में सबसे ज्यादा युवाओं का देश कहते इतराते हैं, लेकिन इन नेताओं से पूछा जाना चाहिए कि कुंठित होती युवा पीढ़ी के लिये उन्होंने क्या खास किया है? नौकरियों की भर्ती निकलती नहीं है। निकलती है तो पेपर आउट होने की खबरें आती हैं। सालों-साल उनके परिणाम नहीं निकलते। यदि परिणाम निकले भी तो फिर धांधली के आरोप लगने लग जाते हैं। फिर मामला वर्षों तक अदालतों में डोलता रहता है। विडंबना यह भी है कि आज सरकारी स्कूलों में गरीब व कमजोर वर्गों के बच्चे ज्यादा भर्ती होते हैं, इसलिए इन स्कूलों की तरफ कोई ध्यान नहीं देता।

# एक लाख एकल शिक्षक स्कूलों की त्रासदी से त्रस्त शिक्षातंत्र

**शिक्षा मंत्रालय के ये हालिया आंकड़े बताते हैं कि एकल शिक्षक स्कूलों में करीब पौने चौंतीस लाख विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। बताया जाता है कि आंध्र प्रदेश में ऐसे स्कूलों की संख्या सबसे ज्यादा थी, जबकि उसके बाद उत्तर प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक और लक्षद्वीप का स्थान है। एक तो हमारे देश में शिक्षा का बजट पहले ही बहुत कम है, फिर उस धन का सही उपयोग नहीं हो पाना एक भ्रष्टाचार ही है। इसमें दो राय नहीं कि प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा के गिरते स्तर के मूल में हमारे नीति-नियंताओं की अनदेखी ही प्रमुख कारक है। आखिर हम अपने नौनिहालों को कैसी शिक्षा दे रहे हैं? आखिर उनके बेहतर भविष्य की हम कैसे उम्मीद करें? जाहिर बात है कि एक शिक्षक सामाजिक विषय, भाषा, विज्ञान, अंग्रेजी और गणित में माहिर नहीं हो सकता। एक शिक्षक छात्रों की हाजिरी दर्ज करेगा या पढ़ाई कराएगा? एकल शिक्षक स्कूलों का परिदृश्य भारत के विकास की पौल खोलने वाला है। भले ही एकल शिक्षक स्कूलों में पिछले वर्ष की तुलना में 6 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई हो, फिर इतनी बड़ी संख्या में ऐसे स्कूलों का होना हमारी शिक्षा व्यवस्था की बड़ी नाकामी को ही उजागर कर रहा है। यह स्थिति किसी एक आंकड़े की नहीं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य की गहरी त्रासदी की तस्वीर है। कल्पना कीजिए-एक शिक्षक जो प्रशासनिक काम भी करता है, मिड-डे मील की निगरानी भी करता है और साथ में सभी कक्षाओं को पढ़ाने की जिम्मेदारी भी निभाता है।**

भारत में आज भी कई सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के बच्चे सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे सभी विषय पढ़ रहे हैं। शिक्षा मंत्रालय के साल 2024-25 के आधिकारिक डेटा के मुताबिक देश के कुल 1,04,125 स्कूलों में एक ही शिक्षक सभी कक्षाओं एवं सभी विषयों को पढ़ा रहे हैं। यह आंकड़ा हमारे शिक्षा तंत्र की विफलता को दर्शाता ही नहीं रहा है बल्कि चिन्ताजनक स्थिति को बयां कर रहा है। ये आंकड़े हमारे शैक्षणिक विकास पर एक गंभीर प्रश्न खड़ा कर रहे हैं। शिक्षा किसी राष्ट्र की आत्मा होती है। स्वामी विवेकानंद का यह वाक्य आज भारत की शिक्षा व्यवस्था पर एक कसक बनकर उभरता है। जब शिक्षा की आत्मा घायल होती है तो राष्ट्र का शरीर कभी स्वस्थ नहीं रह सकता। शिक्षा मंत्रालय के ये हालिया आंकड़े बताते हैं कि एकल शिक्षक स्कूलों में करीब पौने चौंतीस लाख विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। बताया जाता है कि आंध्र प्रदेश में ऐसे स्कूलों की संख्या सबसे ज्यादा थी, जबकि उसके बाद उत्तर प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक और लक्षद्वीप का स्थान है। एक तो हमारे देश में शिक्षा का बजट पहले ही बहुत कम है, फिर उस धन का सही उपयोग नहीं हो पाना एक भ्रष्टाचार ही है। इसमें दो राय नहीं कि प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा के गिरते स्तर के मूल में हमारे नीति-नियंताओं की अनदेखी ही प्रमुख कारक है। आखिर हम अपने नौनिहालों को कैसी शिक्षा दे रहे हैं? आखिर उनके बेहतर भविष्य की हम कैसे उम्मीद करें? जाहिर बात है कि एक शिक्षक सामाजिक विषय, भाषा, विज्ञान, अंग्रेजी और गणित में माहिर नहीं हो सकता। एक शिक्षक छात्रों की हाजिरी दर्ज करेगा या पढ़ाई कराएगा? एकल शिक्षक स्कूलों का परिदृश्य भारत के विकास की पौल खोलने वाला है। भले ही एकल शिक्षक स्कूलों में पिछले वर्ष की तुलना में 6 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई हो, फिर इतनी बड़ी संख्या में ऐसे स्कूलों का होना हमारी शिक्षा व्यवस्था की बड़ी नाकामी को ही उजागर कर रहा है। यह स्थिति किसी एक आंकड़े की नहीं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य की गहरी त्रासदी की तस्वीर है। कल्पना कीजिए-एक शिक्षक जो प्रशासनिक काम भी करता है, मिड-डे मील की निगरानी भी करता है और साथ में सभी कक्षाओं को पढ़ाने की जिम्मेदारी भी निभाता है। क्या वह शिक्षक शिक्षक रह जाता है या व्यवस्था का बोझ उठाने वाला मज़दूर बन जाता है? इन बच्चों की शिक्षा कैसी होगी, जिनके लिए ज्ञान का एकमात्र द्वार ही थकान, उपेक्षा और तंगहाली से भरा है? यह संकट केवल ग्रामीण भारत तक सीमित नहीं है। शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में भी सैकड़ों स्कूल ऐसे हैं जहाँ विषय विशेषज्ञों की कमी, प्रयोगशालाओं की अनुपस्थिति और शिक्षण संसाधनों का अभाव है। नई शिक्षा नीति 2020 समग्र शिक्षा की बात करती है, लेकिन जब आधारभूत ढाँचा ही अपूर्ण हो तो नीतियाँ केवल दस्तावेज़ बनकर रह जाती हैं। हम 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना कर रहे हैं, पर क्या एकल शिक्षक स्कूलों की यह स्थिति उस दिशा में कोई सार्थक कदम का संकेत है? यह विडंबना है कि भारत विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी वाला देश है, पर उसके बचपन की शिक्षा का यह हाल है। शिक्षा पर सरकारी व्यय जीडीपी का केवल 2.9 प्रतिशत है, जबकि विकसित देशों में यह 5 से 6 प्रतिशत तक है। जब शिक्षा ही निवेश नहीं बनेगी, तो विकास का आधार कहाँ से आएगा? समस्या केवल शिक्षक संख्या की नहीं, बल्कि शिक्षकों की भर्ती, प्रशिक्षण और संसाधनों की भी है। राज्यों में नियुक्ति प्रक्रियाएँ वर्षों तक लटकी रहती हैं, स्थानांतरण नीति अव्यवस्थित है, और जो शिक्षक हैं भी, उन्हें आधुनिक शिक्षा पद्धति, डिजिटल शिक्षण, नवाचार और नैतिक मूल्य आधारित शिक्षण के प्रशिक्षण से वंचित रखा गया है। यह स्थिति उस समय और अधिक विडंबनापूर्ण लगती है जब हम हर मंच पर ल्लनया भारतङ्क, ल्लविकसित भारतङ्क और ल्लविश्वगुरु भारतङ्क के नारे लगाते हैं। शिक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में देखने की आवश्यकता है। रक्षा और स्वास्थ्य की तरह शिक्षा को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। शिक्षक भर्ती में पारदर्शिता और समयबद्ध प्रक्रिया सुनिश्चित हो, दूरस्थ क्षेत्रों के स्कूलों का समुचित समायोजन किया जाए, तकनीक के माध्यम से डिजिटल शिक्षा का विस्तार हो और शिक्षकों को केवल वेतनभोगी कर्मचारी नहीं बल्कि राष्ट्रनिर्माता के रूप में सम्मान मिले। महात्मा गांधी ने कहा था, ल्लयदि हमें भारत को पुनः महान बनाना है, तो शिक्षा को पुनः मानवीय बनाना होगा।ङ्क आज शिक्षा केवल परीक्षा और नौकरी तक सीमित हो गई है, जबकि उसका उद्देश्य चरित्र निर्माण और विवेक जागरण होना चाहिए। यदि 34 लाख बच्चे एकल शिक्षक के भरोसे हैं, तो यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक संवेदनहीनता का प्रमाण है। भारत तभी विकसित होगा जब हर बच्चा पढ़ेगा-सिर्फ स्कूल में नहीं, बल्कि सच्चे अर्थों में शिक्षित होगा। अन्यथा, एकल शिक्षक की यह पीड़ा आने वाले भारत की मौन त्रासदी बन जाएगी। शिक्षक दीपक की तरह होते हैं, वे स्वयं जलकर समाज को प्रकाश देते हैं। पर जब दीपक ही अकेला रह जाए, तो अंधकार स्वाभाविक है। अब समय है कि हम इस अंधकार को दूर करने का संकल्प लें, क्योंकि शिक्षा ही राष्ट्र का भविष्य है और शिक्षक उस भविष्य के निर्माता हैं। सोचने वाली बात है कि एक स्कूल की सारी कक्षाओं को एक शिक्षक कैसे पढ़ाता होगा? छात्र-छात्राएं कैसी और कितनी शिक्षा ग्रहण कर पाते होंगे? शिक्षा का मतलब छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है। उन्हें पढ़ाई के साथ पाठ्यसहगामी क्रियाओं का भी ज्ञान दिया जाना जरूरी होता है। लेकिन जब स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक ही नहीं होंगे तो किताबी पढ़ाई कैसी होगी, अंदाजा लगाना कठिन नहीं है। स्कूल में सिर्फ पढ़ाई ही महत्वपूर्ण नहीं होती। बच्चों का शारीरिक विकास पूरी तरह हो, उसके लिए खेलकूल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों एवं योग-व्यायाम जैसी कक्षाओं की सख्त जरूरत होती है। लेकिन जब शिक्षक ही पर्याप्त नहीं होंगे तो शिक्षा के साथ चलने वाली इन गतिविधियों की तो कल्पना भी नहीं की जा सकती है। निस्संदेह, हम छात्रों के बीमार भविष्य की बुनियाद ही रख रहे हैं और ऐसी बीमार बुनियाद पर खड़ा राष्ट्र कैसे स्वस्थ, सक्षम एवं उन्नत होगा? शिक्षा के प्रति यह उपेक्षा हमारे सत्ताधीशों की संवेदनहीनता का भी पर्याय है। शिक्षकों की नियुक्ति में जिस बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के मामले विभिन्न राज्यों में सामने आए हैं, उससे शिक्षा विभाग की प्रदूषित कार्य संस्कृति का बोध होता है। आखिर क्या वजह है कि देश में प्रशिक्षित शिक्षकों की पर्याप्त संख्या होने के बावजूद स्कूलों में शिक्षकों की कमी बनी हुई है। यह स्थिति हमारे तंत्र की विफलता को ही उजागर करती है। एक समस्या यह भी है कि शिक्षक जटिल भौगोलिक स्थितियों वाले स्कूलों में काम करने से कतराते हैं। यदि इन स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति हो भी जाती है तो वे दुर्गम से सुगम स्कूलों में अपना तबादला ज्वाइन करने के तुरंत बाद करवा लेते हैं। जिसमें राजनीतिक हस्तक्षेप से लेकर विभागीय लेन-देन की भी शिकायत होती रहती है। यही वजह है कि शहरों व आसपास के इलाकों में स्थित स्कूलों में शिक्षकों की तैनाती जरूरत से ज्यादा भी देखी जाती है। कैसी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि सड़कों पर बेरोजगारों की लाइन लगी हैं और स्कूलों में शिक्षकों के लाखों पद खाली हैं। बताया जाता है कि माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालयों में करीब साढ़े आठ लाख शिक्षकों के पद खाली हैं। इसके बावजूद कि हमारे यहां प्रशिक्षित शिक्षकों की कोई कमी नहीं है। कहने को तो हमारे गाल बजाते नेता भारत को दुनिया में सबसे ज्यादा युवाओं का देश कहते इतराते हैं, लेकिन इन नेताओं से पूछा जाना चाहिए कि कुंठित होती युवा पीढ़ी के लिये उन्होंने क्या खास किया है? नौकरियों की भर्ती निकलती नहीं है। तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश में ऐसी त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियों का होना देश के नीति-निर्माताओं एवं नायकों के लिये शर्म का विषय होना चाहिए। -ललित गर्ग

# पंजाब की महिलाएं बच्चे पैदा करने से परहेज करती हैं!

**विजय गर्ग**

पंजाब की महिलाएं अब बच्चे पैदा करने से बच रही हैं। यही वजह है कि राज्य में जन्म दर घट रही है। पिछले 10 सालों में पंजाब की कुल जन्म दर में 11.8 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। केंद्र सरकार की सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम सांख्यिकी रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, लोगों की बदलती जीवनशैली के कारण यह बड़ा बदलाव आया है। पंजाब में वर्ष 2011-13 के दौरान कुल जन्म दर 1.7 थी, जो 2021-23 में घटकर 1.5 रह गई है। यह राष्ट्रीय दर से भी कम है। अगर ग्रामीण क्षेत्रों की बात करें, तो 2011-13 में जन्म दर 1.8 थी, जो 2023 में घटकर 1.6 रह गई है, जिसमें 11.1 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। इसी तरह, शहरी क्षेत्रों में यह दर 1.6 से घटकर 1.4 हो गई है, जो 12.5 प्रतिशत की कमी दर्शाती है। आदर्श जन्म दर 2.1 मानी जाती है, जो जनसंख्या को स्थिर रखने के लिए पर्याप्त है। हालाँकि, कुछ विकसित देशों में यह दर 2.1 से कम है और उनकी जनसंख्या घट रही है। वहीं दूसरी ओर, कुछ देशों में जन्म दर अधिक होने के कारण जनसंख्या बढ़ रही है। राष्ट्रीय स्तर पर भी जन्म दर पहले से कम हुई है। वर्ष 2011-13 में यह 2.4 थी, जो 2021-23 में 2.4 हो गई है। कामकाजी महिलाओं की बढ़ती संख्याः पंजाब में अब कामकाजी महिलाओं की संख्या बढ़ रही है, जिसका असर जन्म दर पर भी पड़ रहा है। अब 14 वर्ष तक की लड़कियों/महिलाओं की जनसंख्या का प्रतिशत घट रहा है। वर्ष 2013 में यह 22.1 प्रतिशत था, जो 2023 में घटकर 19.1 प्रतिशत हो गया। इसके साथ ही, 15 से 59 वर्ष की आयु वर्ग की महिला जनसंख्या का प्रतिशत भी तेज़ी से बढ़ रहा है। वर्ष 2013 में इस आयु वर्ग में महिलाओं का प्रतिशत 66.4 था, जो 2023 में बढ़कर 68.8 प्रतिशत हो गया। इसी आयु वर्ग में कामकाजी महिलाएं भी इसमें शामिल हैं। महिलाएं शिक्षा और कार्यशील जीवन में वृद्धि में भागीदारी वे का ज़िम्मेदारियाँ और पहल बदल गई हैं। बहुत सभी महिलाएं अब अपने करियर पर ध्यान केंद्रित करना पसंद करती हैं, जिसके कारण वे शादी और बच्चे पैदा करने का फैसला टाल रही हैं। साथ ही, सामाजिक और आर्थिक बदलावों के कारण, महिलाएं अपने जीवन की प्राथमिकताओं पर भी ध्यान केंद्रित कर रही हैं। बुजुर्ग आबादी में वृद्धिः पंजाब में बुजुर्ग आबादी बढ़ रही है। वर्ष 2013 में राज्य की कुल जनसंख्या 60 वर्ष और उससे अधिक थी। 10 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की हिस्सेदारी 10.6 प्रतिशत थी, जो 2023 में बढ़कर 11.6 प्रतिशत हो गई। यदि महिलाओं के बारे में बात की इस आयु वर्ग में बुजुर्ग आबादी का प्रतिशत देखें तो 2013 में यह 11.5 प्रतिशत था, जो 2023 में बढ़कर 12.1 प्रतिशत हो गया। इसी तरह पुरुषों में भी बुजुर्ग आबादी का प्रतिशत बढ़ा है। 1.3 प्रतिशत इसमें वृद्धि हुई है, जो 9.8 से बढ़कर 11.1 प्रतिशत हो गई है। गया। बढ़ती वृद्ध आबादी का कारण बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ, लंबी जीवन प्रत्याशा और बेहतर जीवन स्तर है। हालाँकि, कम जन्म दर ने राज्य की जनसांख्यिकीय संरचना को बदल दिया है। बढ़ती वृद्ध आबादी और कम जन्म दर के परिणामस्वरूप, राज्य को भविष्य में स्वास्थ्य जैसी सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। देखभाल और पेंशन योजनाओं पर बढ़ता बोझ कुल जन्म दर में गिरावट के मुख्य कारण हैं ''शहरीकरण, शिक्षा और कार्य में भागीदारीः शहरीकरण के साथ, शिक्षा और कार्य जीवन में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। इससे महिलाओं की ज़िम्मेदारियाँ और प्राथमिकताएँ बदल गई हैं। दिया गया। शिक्षा और बच्चों के पालन-पोषण की बढ़ती लागतः शिक्षा, स्वास्थ्य और बच्चों के पालन-पोषण की बढ़ती लागत ने परिवारों को कम बच्चे पैदा करने के लिए प्रेरित किया है। ''परिवार नियोजन और छोटे परिवारों की प्रवृत्तिः परिवार नियोजन कार्यक्रमों की उपलब्धता और छोटे परिवारों की बढ़ती प्रवृत्ति ने भी प्रजनन दर को कम कर दिया है। ''बदलती जीवनशैली और सोचः पंजाब'' पंजाब के लोगों की जीवनशैली और सोच में भी बदलाव आ रहा है। पहले लोग सोचते थे कि ज़्यादा बच्चे पैदा करने से उनकी आमदनी बढ़ेगी, लेकिन अब यह सोच बदल गई है। बच्चों पर बढ़ते खर्चों के कारण लोग अब छोटे परिवारों को तरजीह दे रहे हैं। स्त्री रोग विशेषज्ञ मनीसा मैनी के अनुसार, पंजाब में लोगों की सोच में बदलाव आया है।

## सेहत मंत्र

# इम्यूनिटी बढ़ाने के साथ ही शुगर और कोलेस्ट्रोल को भी कंट्रोल करती है प्याज


प्याज के बिना खाने का स्वाद अधूरा है। प्याज का इस्तेमाल न सिर्फ खाना पकाने में किया जाता है, बल्कि इसका इस्तेमाल सलाद के रूप में भी किया जाता है। खाने में कच्चा प्याज न सिर्फ आपके खाने का स्वाद बढ़ाती है, बल्कि ये आपको सेहतमंद भी बनाती है। प्याज कच्ची खाएं या पकी हुई, ये दोनों तरह से आपकी सेहत के लिए फायदेमंद होती है। प्याज में विटामिन सी और कैल्शियम मौजूद होता है, जो ओरल हेल्थ के लिए फायदेमंद होता है। प्याज के इस्तेमाल से आपका ब्लड शुगर नियंत्रित रहता है। प्याज में पाए जाने वाले तत्व कैंसर से बचाव में सहायक होते हैं। प्याज आपके इम्यून सिस्टम को बूस्ट करता है। इतना ही नहीं प्याज का असर आपके बालों पर भी पढ़ता है। इसके इस्तेमाल से आपके बाल लंबे हो जाते हैं। आइए जानते हैं कि कैसे प्याज आपको बीमारियों से बचाकर सेहतमंद रखता है। कच्चा प्याज डाइजेशन में काफी मदद करता है। कच्चे प्याज में फाइबर की मात्रा काफी पाई जाती है, जिससे आपके पेट के अंदर चिपका हुआ खाना भी पूरी तरह डाइजेस्ट हो जाता है। कच्चा प्याज खाने से पेट की सफाई हो जाती है। ये कब्ज की शिकायत को दूर करती है। जिन लोगों को कब्ज की शिकायत है, वो रात के खाने में सलाद का इस्तेमाल करें। गर्मी में नाक से खून आना या नकसीर फूटने से बचाती हैं प्याज। गर्मी में लू लगने का खतरा और नकसीर फूटने का डर रहता है और आप गर्मी में कच्चा प्याज खाएंगे तो आपको इस समस्या से निजात मिलेगी। मसूड़ों से खून निकलता है या मसूड़ों में सूजन आती है तो कच्ची प्याज को गर्म करके मसूड़ों पर 4-5 मिनट तक लगाएं, आपको इस परेशानी से निजात मिलेगी। सर्दी, खांसी या गले में खराश है तो प्याज का रस आपको इस परेशानी से राहत दिलाएगी। कच्ची प्याज का रस निकाल शहद के साथ दिन में दो बार लें आप को सर्दी, खांसी और गले की खराश से राहत मिलेगी। कच्ची प्याज से कैंसर का उपचार, कच्ची प्यास में सल्फर की मात्रा काफी अधिक होती है, जो कैंसर सेल्स नहीं बढ़ने देती है।

## धर्म मंत्र

# गंगा स्नान से होते हैं सभी कष्ट दूर

हिन्दू धर्म में गंगा सप्तमी का खास महत्व होता है। इस दिन विभिन्न प्रकार का दान कर पुण्य प्राप्त किया जाता है। गंगा सप्तमी के दिन गंगा नदी में स्नान से सभी प्रकार की परेशानियों से मुक्ति मिल जाती है तो आइए हम गंगा सप्तमी के महत्व तथा पूजा विधि पर चर्चा करते हैं। बैसाख महीने के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि के दिन गंगा जी अवतरित हुईं थीं। इस साल गंगा सप्तमी 30 अप्रैल को है। गंगा पापनाशिनी तथा मोक्षदायक हैं। गंगा नदी में स्नान मात्र से सभी प्रकार के कष्ट दूर हो जाते हैं। गंगा सप्तमी से जुड़ी एक पौराणिक कथा प्रचलित है। इस कथा के अनुसार गंगा नदी एक बार तीव्र गति से बह रही थी वहीं जह्नु ऋषि तपस्या में लीन और उनका सामान भी रखा हुआ था। गंगा की तेज बहाव के कारण उनका सामान बह गया। जब ऋषि की नींद खुली तो वह बहुत क्रुद्ध हुए और गुस्से में गंगा नदी को पी गए। इसके बाद भागीरथ ऋषि ने जह्नु ऋषि से प्रार्थना की गंगा को पुनः मुक्त करें। तब जह्नु ऋषि ने भगीरथ की प्रार्थना स्वीकार कर ली और गंगा को मुक्ति प्रदान की। उसके बाद गंगा जह्नु ऋषि के कान से प्रवाहित हुईं। यह घटना बैसाख महीने की सप्तमी तिथि को हुई थीं। इसलिए बैसाख शुक्ल पक्ष सप्तमी को गंगा सप्तमी मनायी जाती है तथा जह्नु ऋषि की पुत्री होने के कारण गंगा को जाह्नवी भी कहा जाता है। गंगा सप्तमी का हिन्दू धर्म में खास महत्व होता है। इस दिन घर में विशेष पूजा-पाठ का खास महत्व होता है। इस दिन साधक प्राकः काल उठकर स्नान कर घर के मंदिर की साफ-सफाई करें। उसके बाद शुभ मुहूर्त में उत्तर दिशा में एक चौकी रखकर लाल कपड़ा बिछा लें।

पर्यटन



# समुद्र तटीय पर्यटन के शौकीनों के लिये गोवा से कम आर्कषक नहीं हैं दमन दीव

समुद्री तटों का सौन्दर्य, समुद्र में उठती लहरे, धूप में चाँदी सी चमकता जल, प्रकृति सौन्दर्य को निहारने के लिए आइये! आपको ले चलते हैं दमन और दीव की सैर पर। यहां आपको समुद्री तट की सुंदरता और प्राकृतिक सुषमा के साथ-साथ पुराने चर्च, किले, मंदिर और रंगबिरंगी संस्कृति भी लुभा लेंगे। भारत में अरब सागर के तट से लगे गुजरात के समीप दमन और दीव दूसरा सबसे छोटा केन्द्र शासित प्रदेश है। दमन गुजरात राज्य के वलसाड़ जिले एवं दीव गुजरात के जूनागढ़ जिले के समीप स्थित है। दमन इस राज्य की राजधानी है। इस संघीय राज्य के दो जिले मोटी दमन एवं नानी दमन हैं। दोनों जिले भारत के पश्चिमी घाट पर लगभग 700 किमी की दूरी पर स्थित हैं। राज्य में भगवान, दमनगंगा, कोलक एवं कलाई आदि नदियां बहती हैं। राज्य में कई वन्य एवं पक्षी अभ्यारण्य पाये जाते हैं। बोली की कोई समस्या नहीं है, गुजराती, हिन्दी, अंग्रेजी एवं कोकणी भाषाएं बोली जाती हैं। कहा जाता है गोवा, दमन एवं दीव पर करीब 500 वर्षों तक पुर्तगालियों का शासन रहा। बाद में सैन्य कार्यवाही की जाकर इस क्षेत्र को पुर्तगालियों से मुक्त कराया गया तथा संघीय राज्य बनाया गया। आगे चलकर 30 मई 1987 को गोवा को पृथक कर दमन और दीव को एक स्वतंत्र केन्द्र शासित प्रदेश बनाया गया। मछली पकड़ना यहां का प्रमुख व्यवसाय है। कुछ क्षेत्र में कृषि भी की जाती है तथा कुछ लघु एवं मध्यम श्रेणी के उद्योग भी लगाये गये हैं। यहां की खूबसूरती एवं समुद्री तट से पर्यटन यहां आकर सपना समय व्यतीत करना चाहते है और नृत्य एवं संगीत यहां के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन रचे-बसे हैं जो पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। पर्यटन यहां की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने में सहायक बनता है। यहां की संस्कृति पर यूरोपीय संस्कृति का प्रभाव नजर आता है। यहां त्यौहार और मेले उत्साह व उमंग से मनाये जाते हैं। यहां की परंपरा व रिवाज गुजरात की परंपराओं से मिलते जुलते हैं। यहां ज्यादतर हिन्दु लोग निवास करते हैं।

# माता महालक्ष्मी को नहीं भाता बैरभाव, अहंकार व विद्वैष


कैनविज टाइम्स संवाददाता

**स्थूल-सूक्ष्म महारौद्रे, महाशक्ति महोदरे।**
**महा पाप हरे देवि महालक्ष्मि नमोस्तुते।।**
**महंत बी.पी दास 'बाबाजी'**

बाराबंकी। धन, सम्पत्ति, वैभव की कामना से ही महालक्ष्मी की प्रशंसा के लिये मानव कीमती से कीमती वस्तुएं खरीदता और अर्पण करता है। लेकिन, उसमें यह जानने की जिज्ञासा कदापि नहीं होती कि, माता महालक्ष्मी को प्रिय क्या है? जैसा कि, परम्परा प्रिय वस्तुएं भेट करने की है। जिज्ञासा का अभाव सर्वथा प्रत्यक्ष होता है।

मान्यता है कि, भगवान योगेश्वर श्री कृष्ण गोवत्स द्वादशी को पहली बार गाये चराने निकले थे। तभी, माता यशोदा ने गाय माता की पूजा अर्चना की और तभी से द्वादशी कार्तिक मास कृष्ण पक्ष को गाय माता की पूजा की परम्परा हुई। गोवत्स को गाय माता की पूजा, विधि विधान से की जाती। विद्वतजन गौ माता की पूजा करते चले आ रहे हैं। आज के दिन विभिन्न राशि जातकों द्वारा अनेक प्रकार से गो माता की पूजा की जाती है। कोई रोटी खिलाता तो कोई अन्न, ज्वार, बाजरा तो फल इत्यादि खिलाने का भी विधान है। गो माता की पूजा के ही साथ सफ़ेद रंग वाले बछड़ा की भी पूजा शुभ मानी जाती है।

कार्तिक कृष्णपक्ष त्रयोदशी, धनतेरस के दृष्टिगत बाजार में सबसे अधिक बर्तनों की दुकानें सजी दिखती हैं। धातुएं खरीद की परम्परा में अपने बजट मुताबिक लोग सगुन करते, बर्तन, सोना, चांदी सिक्का खरीदते हैं। वाहन मोटर गाड़ी कार बाइक की महीनों पहले बुकिंग कराने वालों की धनतेरस के दिन कम्पनियों में भीड़ उमड़ी दिखाई देती है। ज्वैलर्स की दुकानों पर सोने चांदी के आभूषणों की खरीददारी करने वालों में सबसे अधिक संख्या महिलाओं की होती है। धनतेरस के दिन दान की भी परम्परा है। बर्तन धातु दान के अतिरिक्त चांदी सिक्का और कपड़े आदि अपने प्रिय जनों के अतिरिक्त अभावग्रस्त मोहताजों को भी देते हैं। उपहार देकर कृतार्थ होते हैं। हालांकि, यह दिन विशेष है भगवान धन्वंतरि के उत्पत्ति का। धन्वंतरि स्वास्थ्य प्रदाता के देवता हैं। स्वास्थ्य सुरक्षा के लिये उनकी पूजा



अर्चना ''हेल्थ और वेल्थ'' पाने के लिये की जाती है। समुद्र मंथन के मध्य, आयुर्वेद के जनक धन्वंतरि भगवान हाथ में कलश लिये कार्तिक माह की त्रयोदशी को अवतरित हुये थे। इसीलिये, इसे धनतेरस का नाम मिला और उनके हाथ में कलश होने के कारण ही इस दिन बर्तन खरीदने की परम्परा चली, बर्तनों से चलकर यह सिलसिला सोने चांदी और मोटर गाड़ियों तक पहुंच गया।

कहना अतिशयोक्ति नहीं कि, इन दिनों वातावरण भी दीपावली का खुशनुमा एहसास कराता है। मंहगाई, तंगहाली और दैवीय आपदायें भी इस महापर्व अवसर पर बौने साबित होते दिखाई देते हैं। दीप पर्व के दृष्टिगत बाजार में मनमोहक उत्पाद, निर्माता कम्पनियां बाजार में उतारती हैं। मिष्ठान, नमकीन, ड्राईफूड से सजी रंग बिरंगी पैकिंग बहुतायात मिलते हैं। रेडीमेड रंगोली, मोमबत्तियां, झालरें, झूमर जिनमें चाइनीज बिजली उपकरणों की बाजार में भारी उपलब्धता विशेष कर ग्राहकों खासकर गृहणियों को अपनी ओर बरबस आकृष्ट करते हैं। चाइनीज फैन्सी झालर, रंगीन बल्बों की उपलब्धता जहां लोकप्रियता के शिखर पर हैं, वहीं तमाम लोगों को बेरोजगारी भी परोस दी है। दीपावली पर घरों बंगलों में अब रेडीमेड चाइनीज झालरें ही सजी होती हैं। इस कारण लाइट डेकोरेटरों की कद्र नही रही। वरना, एक आदमी कई-कई दर्जन घरों, बंगलों में सजावट हेतु ठेके लिया करते थे।

धनतेरस से यम द्वितीया भइया दूज तक फिजाओं में दीपावली का खुशनुमा माहौल व्याप्त मिलता है। वर्षा ऋतु की विदाई के बाद प्रकृति द्वारा नव सृजित वातावरण ठंढक का दस्तक, माहौल की ओर भी अधिक खुशनुमा एवं रोमांचक बना देता है। नयी फसलों का आगाज समृद्धि उपलब्धता का ऐहसास ग्राम्य अंचलों में भी साफ दिखाई देता है। प्रकाश पर्व दीपावली का पारम्परिक स्वरूप और महत्ता बाजार में घरों तक पूर्ण रूप विद्यमान है। पांच दिवसीय दीपावली महोत्सव की तैयारी से कोई स्थान रिक्त नहीं।

खुशियों का अनुपम भण्डार लेकर आया दीपावली त्योहार के प्रथम दिवस धनतेरस (आमतौर) पर नगर से ग्रामीण अंचलों तक बर्तन बाजार सज उठता है। इस अवसर पर नव प्रकाश परम्परानुरूप बिखरेंगे माटी के दीपक। लक्ष्मी जी, जिनकी प्रसन्नता हेतु लोग केवल दीपावली पर पूजन करते हैं, से मां महादेवी प्रसन्न नहीं होती। कीमती मिठाई और बिजली की जगमग भी उन्हें नही रिझा पाती। समृद्धि की महादेवी को अगर कुछ भाता है, तो वह है शांति एकता और समानता। झूठ, छल, प्रपंच दंभ, निर्दयता, झगड़ा लड़ाई उन्हें नहीं भाता। शास्त्रों में साफ उल्लेख है कि, महालक्ष्मी जी ने स्वयं कहा कि, परोपकारी, पशुरक्षक, अहंकार रति, करूणाशील का घर मैं कभी नही छोड़ती क्योंकि हमारे साथ मेरे समान तेज और गुण वाली अन्ये देवियां, श्रद्धा, शान्ति व क्षमा आदि भी रहती है।

त्रैलोक्य पूजिते देवि कमले विष्णुवल्लभे।

यथा त्वम् सुस्थिरा कृष्णे तथा भवभयिस्थिरा।।

ईश्वरी कमला लक्ष्मीश्चा भूर्तिहरिपरिया।

पद्मा पद्मालया सम्पदुच्चैः श्री पद्मधारिणी।।

द्वादशैतानि नमामि लक्ष्मी संपूज्ययः पठेत।

स्थिरा लक्ष्मी भर्वत्तस्थ पुत्र दारा दिभिः सहः।।

जो श्रद्धालु लक्ष्मी जी की पूजा उनके बारह नामों वाले इस स्त्रोत से करते हैं। माता देवी उसको पुत्र, पौत्र, धन में उत्तरोत्तर वृद्धि करती हैं।

## सूदखोरों के खिलाफ कम्युनिस्ट पार्टी ने मोर्चा खोला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। व्यापारी नीरज जैन की आत्महत्या के दुष्प्रेरण के मामले में नामज़द सूदखोर अभियुक्त भाजपाई है इसलिए ना तो गिरफ़्तारी, न तो बुल्डोजर एक्शन और न ही ऑपरेशन लंगड़ा। ये सब हो रहा है तो सिर्फ़ चुनिंदा लोगों के लिए है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने कहा कि जनपद में सूदखोरी अत्यधिक बढ़ गई है व्यापारी कर्मचारी मज़दूर सभी सूदखोरों के चंगुल में फँस चुके हैं इनको निजात दिलाने के लिए पुलिस अधीक्षक के अधीन एक सूदखोरी रोकथाम सेल का गठन किया जाए।

चिह्नित सूदखोरों के ख़िलाफ़ गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत कार्रवाई करते हुए सूदखोरों की संपत्ति ज़ब्त की जाए व्यापारी नीरज जैन की आत्महत्या से संबंधित सभी नामज़द आरोपियों को तत्काल गिरफ़्तार किया जाए तथा गैंगस्टर एक्ट के तहत उनकी संपत्ति को ज़ब्त किया जाये। जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन के दौरान पार्टी के राज्य परिषद सदस्य प्रवीण कुमार, सचिव ब्रजमोहन वर्मा, कोषाध्यक्ष शिव दर्शन वर्मा, व्यापारी नेता निर्मल जैन ने संयुक्त रूप से जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को मांगों वाला ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शनकारियों में मुख्य रूप से रईस कादरी, विजय प्रताप सिंह, निर्मल वर्मा, श्याम सिंह, बलराम सिंह, अंकुर वर्मा, रूबी सिंह चंदेल, प्रदीपा वर्मा, संतोष कुमार, आनंद सिंह,प्रेमचंद,दीपक वर्मा, दीपक शर्मा, मुनेश्वर प्रसाद, सच्चिदानंद श्रीवास्तव, संदीप तिवारी, मनीष यादव, करन राजपूत, आशीष शुक्ला,जितेंद्र श्रीवास्तव जित्तू भैया, आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## देवा मेला में डाक विभाग ने किया जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, विभागीय कर्मियों को मंच पर किया सम्मानित**

बाराबंकी। देवा मेला में भारतीय डाक विभाग ने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया। मेले में किसान, विद्वान, ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोग शामिल हुए, और डाक विभाग ने इस अवसर का उपयोगी जनसामान्य तक प्रधानमंत्री और डाकघर योजनाओं की जानकारी पहुँचाने के लिए किया। डाक विभाग के इस अभियान में जुटे लोगों को गुरुवार को *देवा मेला के सांस्कृतिक मंच पर प्रधानाचार्य/नोडल अधिकारी डॉ सुविद्या वत्स ने सम्मानित किया।* सम्मानित होने वालों में डाक विभाग के विकास अधिकारी शुभंकर शर्मा और पवन कुमार वर्मा जनसंपर्क निरीक्षक शामिल रहे। बता दें कि यहां डाक विभाग ने सुकन्या समृद्धि योजना, महिला बचत पत्र, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, आवर्ती खाता, राष्ट्रीय बचत पत्र योजना, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, मासिक बचत योजना, सावधि बचत योजना और डाक जीवन बीमा जैसी योजनाओं की विस्तृत जानकारी मेले में उपस्थित लोगों को दी। विभाग का उद्देश्य जनता को वित्तीय सशक्तिकरण की दिशा में जागरूक करना और सभी वर्गों तक योजनाओं की जानकारी पहुँचाना है। इस पहल से न केवल लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी मिली, बल्कि उन्हें इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए भी प्रेरणा मिली।

### शोभायात्रा में सम्मिलित हुए हजारों लोग



सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ब्लाक क्षेत्र के सुसवाई गांव में माता दुर्गा की शोभायात्रा अपार जनसमूह के साथ निकली। डीजे से भक्तिमय गीतों पर नाचते थिरकते श्रद्धालु भक्तिरस से सराबोर नजर आए। वहीं श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के मध्य शांति सिद्धौर चौकी प्रभारी रामप्रकाश मिश्र, साथियों अंजनी तिवारी,अरुण जायसवाल, सौरभ कुमार आदि पुलिस कर्मी सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे थे। शोभा यात्रा सिद्धौर कस्बा से होते हुए क्षेत्र के सुप्रसिद्ध बीबीपुर दुर्गा मंदिर पहुंची।इस दौरान जयकारों से वातावरण भक्ति में हो रहा था।

### एसपी की धर्मपत्नी सम्पदा कल करेगी मेला का समापन

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। देवा का 10 दिवस कार्तिकी देवा मेला 2025 का शुक्रवार का परंपरा के अनुसार पुलिस अधीक्षक बाराबंकी अर्पित विजयवर्गीय की धर्मपत्नी श्रीमती संपदा विजयवर्गीय द्वारा शुक्रवार की शाम हॉकी मैदान में आतिशबाजी छोड़कर देवा मेला 2025 का भव्य समापन किया जाएगा। देवा मेला की भव्य आतिशबाजी देखने के लिये देश के कोने कोने से हजारों जायरीन आते है। अवसर पर इको-फ्रेंडली आतिशबाजी की भव्यता देखने को मिलेगी। इससे पूर्व ऑडिटोरियम में देवा मेला 2025 की स्मारिका का विमोचन, प्रशस्ति पत्र वितरण और मेगा लेजर-शो कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

### मदारी तमाशबीनों की लिए उड़े अंगूठी चेन , पुलिस जांच में जुटी

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। खेल तमाशा दिखाने आए युवकों ने दुकानदार के गले से सोने की चेन लेकर फरार हो गए।दुकानदार ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर युवकों की तलाश कर रही है। लखनऊ जनपद के थाना महिगवां अंतर्गत शुभान नगर निवासी सतीश कुमार यादव कुर्सी कस्बा के नहर कोठी पर जूते चप्पल की दुकान चलाता हैं।सतीश ने बताया कि गुरुवार दोपहर चौराहे पर कुछ युवक खेल तमाशा दिखाने आए थे। वह भी खेल तमाशा देखने पहुंच गया।खेल तमाशा दौरान हाथों में पहने लोगों की घड़ी,अंगूठी व उससे गले में सोने की चेन को उतारने को कहा।जिस पर उसने अपनी सोने की चेन गले से उतारी तो खेल दिखा रहे युवक ने ले ली और कह कि खेल समाप्त होने के बाद वापस कर देगा। लेकिन खेल समाप्ति के बाद उसे उसकी सोने की चेन वापस नहीं की और चकमा देकर फरार हो गए। कुर्सी पुलिस का कहना है कि मामला जानकारी में आया था टीम गई भी थी परंतु कोई तहरीर नहीं मिली है।

### मास्क की कालाबाजारी पर तीन साल कारावास की सजा, 1000 जुर्माना भी

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोविड के दौरान मेडिकल स्टोर संचालक द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर मास्क बेचने वाले देवनारायण को सुनवाई दौरान अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रुचि तिवारी ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत अभियुक्त को 3 वर्ष की कैद व ?1000 जुर्माना भगतने की सजा सुनाई है ।विशेष लोक अभियोजक अमरेश विक्रम सिंह ने बताया की 29 मार्च 2020 को कोविड महामारी के दौरान तत्कालीन पूर्ति निरीक्षक हैदरगढ़ संजय कुमार ने संयुक्त टीम के साथ मंगलपुर चौराहा त्रिवेदीगंज स्थित देवी मेडिकल स्टोर पर छापा मारा था। इस दौरान प्रोपराइटर देवनरायन निवासी त्रिवेदीगंज थाना लोनी कटरा मौजूद मिले और विक्रेता द्वारा टू प्लाई मास्क?36 में बिक्री करना पाया गया जिस पर उन्होंने थाना लोनी कटरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी । गवाहों के बयान और दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात में मजिस्ट्रेट ने अभियुक्त देवनारयन को दोषी पाते हुए 3 वर्ष की कैद व ?1000 जुर्माना भुगतने की सजा सुनाई है।

### एसडीम,सीओ ने किया शराब दुकानों का निरीक्षक

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। दीपावली पर्व को लेकर एसडीएम अनुराग सिंह व सीओ जटाशंकर मिश्र तथा आवकारी विभाग के साथ क्षेत्र की अंग्रेजी व देशी शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम ने दुकानदारों को साफ-सफाई बनाए रखने के साथ-साथ तय मानकों के अनुरूप ही शराब बिक्री करने की सख्त हिदायत दी।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि पर्व के अवसर पर किसी भी तरह की अवैध बिक्री या मनमानी हरकत को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।दुकानों पर उपलब्ध स्टॉक, बिक्री रजिस्टर और रखरखाव की स्थिति की गहनता से जांच की।

### पत्नी के मायके जाने से नाराज हुआ युवक , फासीं पर झूला

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोठी थाना क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार को युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक डफरा, मजरे सैदनपुर निवासी राम कैलाश का 27 वर्षीय पुत्र कुंज बिहारी गुरुवार शाम घर में फांसी के फंदे से लटका पाया गया। घटना के समय घर के सभी सदस्य खेत में काम करने गए थे। जब शाम करीब पांच बजे वे लौटे, तो दरवाजा खोलते ही अंदर का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। परिजनों के रोने चल्लाने पर ग्रामीण मौके पर जुट गए और घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । मृतक के पिता राम कैलाश ने बताया कि कुंज बिहारी की पत्नी शशि करीब पांच वर्षीय पुत्री नित्या को लेकर 1 अक्टूबर को मायके चली गई थी और वापस अभी तक नहीं आई थी इसी बात को लेकर कुंज बिहारी काफी परेशान था। मृतक दो भाइयों में छोटा था, उसके परिवार में माता-पिता, बड़ा भाई जैसीराम और दो बहनें हैं। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि सूचना पर दरोगा विजय यादव को मौके पर भेजा गया है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पी एम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नामांकन पत्र बिक्री के साथ चुनाव प्रक्रिया शुरु

सिरौलीगौसपुर बाराबंकीकैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव की प्रक्रिया पर्चा बिक्री के साथ शुरू हुई ।गुरुवार को पर्चा बिक्री के अंतिम दिन सभी पदों के लिए प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदे। अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष सहित तीन पदों पर दो-दो, शेष अन्य पदों पर केवल एक-एक नामांकन पत्र बिका। अध्यक्ष पद के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता रामप्रसाद वर्मा व काशी प्रसाद द्विवेदी ने पर्चा खरीदा है। कोषाध्यक्ष रमाकांत वर्मा व उपेंद्र यादव ने नामांकन पत्र खरीदा। महामंत्री पद पर राम हृदय यादव तथा राणा प्रताप सिंह आमने सामने होंगे। जिससे इन पदों पर चुनाव होना सुनिश्चित हो गया है। 17 और 18 अक्टूबर को दाखिला होगा।किए जाएंगे। पर्चों की जांच और वापसी 24 अक्टूबर को होगी, जबकि मतदान 28 अक्टूबर को कराया जाएगा। तीन प्रमुख पदों को छोड़कर अन्य सभी पदों पर प्रत्याशियों का निर्विरोध चुना जाना तय माना जा रहा है।वही मतदान 28 अक्टूबर को होगा।

## देवा मेले में 'परिधान-ए-अवध' का जलवा, पारंपरिक रैंपवॉक ने बांधा समां

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बाराबंकी। ऐतिहासिक देवा मेले की गुरुवार की सांस्कृतिक संध्या 'परिधान ए अवध' थीम पर सजी रही। कार्यक्रम में महिलाओं ने अवध की पारंपरिक संस्कृति और परिधान शैली को रैंपवॉक के माध्यम से जीवंत कर दिया। मंच पर जब पारंपरिक साड़ी, लहंगे, घाघरा, ओढ़नी, दुपट्टा और चुन्नटदार पोशाकों में सजी महिलाएं उतरीं, तो दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा पंडाल गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद आयोजकों ने 'अवध की शान-परिधान की पहचान' विषय पर रैंप शो का शुभारंभ किया। रैंप पर प्रतिभागियों ने पारंपरिक पहनावे प्रस्तुत किए। रैंपवॉक के दौरान पृष्ठभूमि में अवध की लोकधुनें और शास्त्रीय संगीत गूंजते रहे, जिससे माहौल पूरी तरह सांस्कृतिक रंग में डूब गया। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण रही 'रॉयल अवधी' कैटेगरी, जिसमें बनारसी साड़ी, चुन्नटदार शरारा, जरीदार दुपट्टे और सुंदर गहनों से सजी महिलाओं ने अवध की नज़ाकत और तहज़ीब का शानदार प्रदर्शन किया। तो वहीं पुरषों ने धोती व सूटबूट पहनकर पारंपरिक सांस्कृतिक धरोहर का प्रदर्शन किया। जिला प्रशासन की ओर से अधिकारियों व विशिष्ट अतिथियों ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया और कहा कि इस तरह के आयोजन न सिर्फ़ स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देते हैं, बल्कि हमारी पारंपरिक संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का माध्यम भी बनते हैं। दर्शकों ने मोबाइल कैमरों में इस सांस्कृतिक शाम को कैदकर इसे और भी यादगार बना दिया।

## सर सैयद अहमद ख़ाँ- आधुनिक शिक्षा और आत्मजागरण के अग्रदूत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी । भारत के महान शिक्षाविद, समाज सुधारक और दूरदर्शी विचारक सर सैयद अहमद ख़ाँ (1817ऽ1898) का नाम आधुनिक भारत के निर्माण में विशेष रूप से उल्लेखनीय है। उन्होंने भारतीय मुसलमानों में आधुनिक शिक्षा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामाजिक सुधार की अलख जगाई। 17 अक्तूबर 1817 को दिल्ली में जन्मे सर सैयद ने प्रारंभिक शिक्षा अरबी, फ़ारसी और इस्लामी अध्ययन में प्राप्त की, किंतु शीघ्र ही उन्होंने अंग्रेज़ी और आधुनिक विज्ञान की ओर रुझान दिखाया। 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उन्होंने भारतीय समाज, विशेषकर मुसलमानों की स्थिति में आए पतन को गहराई से महसूस किया।

इसी पृष्ठभूमि में उन्होंने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक ‡असबाब-ए-बग़ावत-ए-हिंद‡ लिखी, जिसमें विद्रोह के कारणों का वस्तुनिष्ठ विश्लेषण किया गया। उनका मानना था कि मुसलमानों का पिछड़ापन शिक्षा से दूरी के कारण है। इसी सोच से प्रेरित होकर उन्होंने 1875 में मोहम्मडन एंग्लो-ओरिएंटल कॉलेज की स्थापना की, जो आगे चलकर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय बना।

उनकी पत्रिका 'तहज़ीब-उल-अख़लाक़' ने मुसलमान समाज में बौद्धिक और सामाजिक जागृति की लहर उत्पन्न की। उन्होंने कुरआन की तार्किक व्याख्या कर धर्म और तर्क का समन्वय प्रस्तुत किया। सर सैयद का स्पष्ट मत था कि शिक्षा के बिना सम्मान और शक्ति असंभव है।‡ वे हिंदू-मुस्लिम एकता के पक्षधर थे और आधुनिक भारत में रैशनलिज़्म तथा मॉडर्न इस्लामिक थॉट के प्रवर्तक माने जाते हैं। 27 मार्च 1898 को उनका निधन हुआ, परंतु शिक्षा, सहिष्णुता और मानवता के आदर्शों को साकार करता हुआ उनका सपना आज भी अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के रूप में जीवित है ।

### मन्ना इलेवन ने जीता हॉकी का फाइनल मुकाबला

बाराबंकी। गुरुवार को देवा मेला में राज्य स्तरीय हॉकी खेल प्रतियोगिता का फाइनल मैच बाबू सोसाइटी लखनऊ और मन्ना इलेवन गोंडा के बीच खेला गया। जिसमें मन्ना इलेवन गोंडा की टीम ने 4 गोल दागे जबकि बाबू सोसायटी लखनऊ की टीम महज एक गोल ही कर सकी। मन्ना इलेवन गोंडा की टीम ने 4 -1 से देवा मेला 2025 की चैंपियनशिप ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। इससे पूर्व हॉकी मैच के फाइनल मुकाबले का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त कर की। इस अवसर पर जिला सचिव धीरेंद्र कुमार वर्मा, देवा मेला आयोजन सचिव मजहर अजीज, महबूब-उर-रहमान, अरमान वारसी, अदील अहमद, मुजीब अहमद, विजय अवस्थी, आशीष वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## यूपी वक्फ बोर्ड का बड़ा फ़ेर बदल सरवर को हटाया नोडल अधिकारी मंज़र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**शिया समुदाय में खुशी की लहर, हुसैनी टाइगर संस्थापक शमिल, मौलाना रज़ा, इब्ने अब्बास, सिकन्दर ने दी बधाई**



बाराबंकी। यूपी सेंट्रल ने शिया वक्फ बोर्ड ने नोडल अधिकारियों की नियुक्ति को लेकर बहुत बड़ा फ़ेर बदल करते हुवे जनपद बाराबंकी में सरवर अली रिज़वी को नोडल अधिकारी पद से हटाकर जनपद के तेजतर्रार व ईमानदार छवि वाले कर्बला सिविल लाइन वक्फ बड़ेल कर्बला के नायाब मुतवल्ली सय्यद मंज़र अब्बास रिज़वी को नोडल अधिकारी बनाये जाने को लेकर बाराबंकी की शिया समुदाए में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। मंज़र अब्बास को नोडल अधिकारी बनाये जाने की जैसे ही ये सूचना मिली मिली तो शिया मुस्लिमो ने मंज़र अब्बास को बधाई देने का तांता लग गया। उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड (817, इंदिरा भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ) ने वक्फ सम्पत्तियों के डिजिटलीकरण और पारदर्शिता की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए उम्मीद पोर्टल (उम्मीद), 2025 पर सम्पत्तियों का विवरण अपलोड कराने के लिए जनपद-वार नोडल अधिकारियों की नियुक्ति में बड़ा फ़ेरबदल किया गया। शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड के चेंयरमैंन जनाब अली ज़ैदी ने बाराबंकी जनपद के लिए सरवर अली रिज़वी क़ा नाम हटा क़र सय्यद मंज़र अब्बास रिज़वी को (उम्मीद नोडल अधिकारी बाराबंकी) की ज़िम्मेदारी सौपी। इस अवसर पर इमामे जुमा मौलाना मोहम्मद रज़ा रिज़वी ज़ैद्पुरी ने आफताब-ए शरीयत मौलाना सय्यद कल्बे जव्वाद और उत्तर प्रदेश शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड के चेंयरमैंन जनाब अली ज़ैदी और मुख्य कार्यपालक जीशान हैदर का दिल से शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड द्वारा उम्मीद नोडल अधिकारी में बड़ा फ़ेर बदल किया और मंज़र अब्बास जो एक बहुत ही बेहतरीन शख्सियत और शहर में होने वाले मजहबी प्रोग्रामो में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते है। हुसैनी टाइगर के संस्थापक शमिल शमशी ने मंज़र अब्बास को उम्मीद नोडल अधिकारी बनने पर मुबारकबाद दी है और कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि बड़ी ईमानदारी के साथ काम करेंगे और वक्फ सम्पत्तियों का विवरण अपलोड करने का काम करेंगे। वक्फ बड़ेल कर्बला के पेश ईमाम मौलाना हिलाल अब्बास ने भी मुबारकबाद देते हुवे कहा कि यूपी शिया वक्फ बोर्ड द्वारा मंज़र अब्बास को बड़ी ज़िम्मेदारी दी है उनका ये निर्णय बहुत ही अच्छा है कि सही आदमी को उम्मीद नोडल अधिकारी बनाया है। मैं चेयरमैन अली ज़ैदी साहब का तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हुँ। मौलाना कुमैल अब्बास ने भी यूपी शिया वक्फ बोर्ड का शुक्रिया अदा करते हुवे कहा कि यूपी सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड द्वारा कर्बला नायब मुतवल्ली मंज़र अब्बास को उम्मीद नोडल अधिकारी बनाये जाने को लेकर वक्फ सम्पति को खुर्द बुर्द होने से बच सकता है अब वक्फ खोरो की खैर नही। इस सम्बंध में मंज़र अब्बास नें बातचीत मे कहा की वो चेयरमेन साहब के बहुत आभारी है जो इतनी बड़ी ज़िम्मेदारी के लायक हमको समझा। श्री अब्बास ने आगे कहा कि मैं वक्फ चेयरमैन अली ज़ैदी और मुख्य कार्यपालक जीशान हैदर को यकीन दिलाता हूँ कि मैं पूरी ईमानदारी के साथ काम करूंगा और वक्फ को बचाएंगे। इस मौके पर दुर्गापुरी वार्ड के सभासद सादिक हुसैन, भाजपा नेता कासिम राजा, काग्रेस नेता सिकंदर अब्बास रिज़वी, सरफ़राज़ मेंहदी,इमरान रिज़वी, गुलफाम आब्दी,अधिवक्ता मोहम्मद अब्बास ज़ैदी, पूर्व मुतवल्ली मज़ाहिर हुसैन रिज़वी, शिक्षक नदीम रिज़वी,सिबतैन आब्दी, आफाक रिज़वी उर्फ असद, अजमल किन्तुरी, आरिज़ ज़ैदी, फ़िरोज़ हैदर (भूट्टू)अली मियां, आदि लोगो ने मंज़र अब्बास को बधाई देते हुवे मुँह मीठा कराया।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए पर्थ पहुंची टीम इंडिया

एजेंसी



पर्थ। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम पर्थ पहुंच गई है। भारत की वनडे टीम के प्रमुख खिलाड़ी विराट कोहली, रोहित शर्मा और नए कप्तान शुभमन गिल गुरुवार सुबह ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर पहुंचे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज की शुरुआत 19 अक्टूबर से होगी। कोहली, रोहित और गिल के अलावा के.एल. राहुल, यशस्वी जायसवाल, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और नितीश कुमार रेड्डी भी टीम के साथ पर्थ पहुंचे। उड़ान में देरी के कारण टीम को निर्धारित समय से देर से पर्थ पहुंचना पड़ा। इनके साथ कुछ सपोर्ट स्टाफ के सदस्य भी आए हैं। मुख्य कोच गौतम गंभीर और कोचिंग स्टाफ के अन्य सदस्य बुधवार शाम दिल्ली से रवाना हुए थे और वे दिन में बाद में टीम से जुड़ेंगे। सीरीज का पहला मैच पर्थ में 19 अक्टूबर को खेला जाएगा। इसके बाद दूसरा मैच 23 अक्टूबर को एडिलेड और तीसरा व अंतिम वनडे 25 अक्टूबर को सिडनी में होगा। वनडे सीरीज के बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 29 अक्टूबर से पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी। इस सीरीज को लेकर खास उत्साह है क्योंकि यह रोहित शर्मा और विराट कोहली की मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी जीत के बाद पहली अंतरराष्ट्रीय सीरीज होगी। शुभमन गिल को वनडे का कप्तान बनाए जाने के बाद दोनों सीनियर खिलाड़ियों के भविष्य को लेकर अटकलें तेज हैं। रोहित और कोहली पहले ही टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन माना जा रहा है कि दोनों 2027 वनडे विश्व कप तक खेलने के इच्छुक हैं। कप्तान शुभमन गिल भी इस विचार के समर्थन में बोल चुके हैं। उन्होंने कहा था, वो अनुभव जो इन दोनों खिलाड़ियों के पास है और भारत को जिताने में उनका जो योगदान रहा है, वैसे बहुत कम खिलाड़ी होते हैं जिनके पास इतनी स्किल, क्वालिटी और अनुभव हो। ऐसे खिलाड़ी दुनिया में भी बहुत कम हैं। हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीत के दौरान गिल ने इशारा किया था कि रोहित और कोहली 2027 विश्व कप तक टीम का हिस्सा बने रह सकते हैं।

# विदेशी लीग में खेलने से भारतीय खिलाड़ियों को अच्छा अनुभव मिलेगा: शास्त्री

एजेंसी




सिडनी। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने अधिक से अधिक भारतीय खिलाड़ियों को विदेशी लीग में खेलने की अनुमति देने की वकालत करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेलने से उन्हें अच्छा अनुभव मिलेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अभी अपनी सक्रिय खिलाड़ियों को विदेशी टी20 लीग में खेलने की अनुमति नहीं देता। भारतीय क्रिकेटर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सहित घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने और बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने के बाद ही विदेश में खेल सकते हैं। अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन हाल ही में बिग बैश लीग (बीबीएल) में शामिल होने वाले पहले शीर्ष भारतीय क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने आगामी सत्र के लिए सिडनी थंडर के साथ अनुबंध किया है। शास्त्री ने विलो टॉक पॉडकास्ट पर कहा, ''भारत एक विशाल देश है। वहां हर किसी को खेलने का मौका नहीं मिलता, हर कोई सफल नहीं हो पाता। अगर कोई खिलाड़ी टेस्ट टीम में जगह नहीं बना सकता, लेवल सी या लेवल डी का अनुबंध नहीं पा सकता, तो उसे बिग बैश लीग में खेलने से क्यों रोका जाए। उन्होंने कहा, ''इन लीग में खेलने का अनुभव उनके लिए मददगार साबित होगा, जैसे आईपीएल ने कई युवा खिलाड़ियों की मदद की है, क्योंकि वे शीर्ष स्तर के खिलाड़ियों के साथ खेलते हैं। शास्त्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के चोटी के खिलाड़ियों के साथ खेलने और कोचिंग स्टाफ में शामिल पूर्व क्रिकेटरों से भारत के युवा खिलाड़ियों को काफी कुछ सीखने को मिलेगा। उन्होंने कहा, ''वे दबाव को झेलना सीखते हैं। इसके अलावा, उन्हें (रिकी) पोंटिंग और (स्टीफन) फ्लेमिंग जैसे कोच की देखरेख में खेलने का मौका मिलता है। मेरे लिए विदेश में खेलने से मिलने वाली सीख से बेहतर कुछ नहीं है। यहां आपको काफी कुछ सीखने को मिलता है।

# रोहित और कोहली के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का केवल एक प्रारूप में खेलना चुनौतीपूर्ण होगा: वॉटसन

एजेंसी

नयी दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के लिए एकदिवसीय क्रिकेट में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखना चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि अब वे केवल एक ही प्रारूप में खेलते हैं। आधुनिक क्रिकेट में टी20 का बोलबाला है जबकि भारत टेस्ट क्रिकेट भी खूब खेलता है, जिससे वनडे प्रारूप के लिए बहुत कम जगह बचती है। टी20 और टेस्ट से संन्यास लेने वाले रोहित और कोहली फरवरी-मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अपना पहला मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 अक्टूबर से शुरू होने वाली एक दिवसीय श्रृंखला में खेलेंगे। किसी खिलाड़ी के लिए एक प्रारूप के क्रिकेटर के रूप में अपनी लय को बरकरार रखना मुश्किल होता है। इसका एक उदाहरण भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन हैं, जो एकदिवसीय टीम में अपनी जगह बरकरार नहीं रख सके। वॉटसन ने जिओ हॉटस्टार से कहा, ''विराट और रोहित के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का सिर्फ़ एक प्रारूप में खेलना एक चुनौती होगी। सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ों का सामना करने के लिए उन्हें कुछ समायोजन करने होंगे। उन्होंने कहा, ''लेकिन विराट और रोहित चैंपियन खिलाड़ी हैं और उनकी संभावना को कभी खारिज नहीं किया जा सकता है। उन्हें लय हासिल करने में थोड़ा समय लग सकता है लेकिन एक बार इसे हासिल करने के बाद वे ऑस्ट्रेलिया के सामने कड़ी चुनौती पेश कर सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला में सभी की निगाहें रोहित और कोहली के प्रदर्शन पर टिकी रहेंगी। यह श्रृंखला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इन दोनों के भविष्य को लेकर भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# मौसम मेहरबान रहा तो एक दूसरे के सामने कड़ी चुनौती पेश करेंगे श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका

एजेंसी




कोलंबो। अगर मौसम मेहरबान रहा तो श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका की टीमें शुक्रवार को यहां महिला एकदिवसीय विश्व कप के महत्वपूर्ण मुकाबले में एक दूसरे के सामने कड़ी चुनौती पेश करने की कोशिश करेंगी। आर प्रेमदासा स्टेडियम में पिछले दो मैच बारिश के कारण रद्द करने पड़े और शुक्रवार को भी बारिश और आंधी आने का अनुमान है। अगर बारिश नहीं आती है और यह मैच खेला जाता है तो श्रीलंका टूर्नामेंट की अपनी पहली जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना चाहेगा। श्रीलंका ने दो मैच रद्द होने के कारण अभी तक दो अंक हासिल किए हैं और वह चार मैचों के बाद अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर हैं। श्रीलंका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले मैच में बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन बारिश ने जीत हासिल करने की उसकी उम्मीदों पर पानी फ़ेर दिया था। उस मैच में श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू और नीलक्षिका सिल्वा ने अर्धशतक जमाए थे। श्रीलंका को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखना होगा। दक्षिण अफ्रीका ने भारत और बांग्लादेश को करीबी मैचों में हराया था और उसकी टीम आत्मविश्वास से भरी होगी। टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में इंग्लैंड से 10 विकेट से मिली करारी हार के बाद दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड, मेजबान भारत और बांग्लादेश के खिलाफ जीत हासिल करके नाटकीय अंदाज में स्थिति को बदल दिया है। भारत और बांग्लादेश के खिलाफ मुश्किल हालात में दक्षिण अफ्रीका ने जीत हासिल करने के लिए सराहनीय संघर्ष और साहस दिखाया। इन दोनों ही मौकों पर नादिन डी क्लार्क सबसे ज़्यादा प्रभावशाली रहीं, जिन्होंने भारी दबाव में भी अद्भुत धैर्य का परिचय देते हुए टीम को जीत दिलाई। दक्षिण अफ्रीका के लिए शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों का अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाना चिंता का विषय है। अगर उसे अपना विजय अभियान जारी रखना है तो उसके प्रमुख बल्लेबाजों को भी उपयोगी योगदान देना होगा।

### सलमान की जगह शादाब बन सकते हैं पाकिस्तान टी20 टीम के कप्तान

कराची। अनुभवी ऑलराउंडर शादाब खान को सलमान अली आगा की जगह पाकिस्तान की टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किया जा सकता है। पाकिस्तान की तरफ से अब तक 70 एकदिवसीय और 112 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में हिस्सा ले चुके शादाब ने इस साल के शुरू में लंदन में अपने कंधे की सर्जरी कराई थी इसके बाद वह खेल से बाहर हैं। शादाब हालांकि अब फिट हैं और वह अगले महीने वापसी कर सकते हैं। उनकी वापसी महत्वपूर्ण होगी क्योंकि वह सलमान की जगह राष्ट्रीय टी20 कप्तान बन सकते हैं। सर्जरी से पहले वह इस प्रारूप में उप-कप्तान थे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि शादाब 11 से 15 नवंबर के बीच श्रीलंका के खिलाफ द्विपक्षीय घरेलू श्रृंखला में वापसी करेंगे, क्योंकि उनका रिहैब अच्छा चल रहा है। अगले साल होने वाले विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उन्हें खेल के सबसे छोटे प्रारूप का कप्तान नियुक्त किया जा सकता है।

# जीएचसीएल को 6,500 करोड़ रुपये के 'सोडा ऐश' संयंत्र के लिए जमीन व मंजूरी मिली

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत की दूसरी सबसे बड़ी 'सोडा ऐश' उत्पादक कंपनी जीएचसीएल लिमिटेड 2030 तक अपनी उत्पादन क्षमता को लगभग दोगुना यानी 23 लाख टन प्रति वर्ष करने के लिए तैयार है। इसके साथ ही गुजरात के कच्छ जिले में इसकी 6,500 करोड़ रुपये की नई परियोजना का निर्माण अगले छह से सात महीनों के भीतर शुरू होने की उम्मीद है।

यह विस्तार ऐसे समय में हो रहा है जब कंपनी सस्ते चीनी आयात से जूझ रही है। साथ ही भारत के महत्वाकांक्षी 300 गीगावाट सौर ऊर्जा लक्ष्य के लिए एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में खुद को स्थापित कर रही है, जहां सोलर ग्लास विनिर्माण के लिए 'सोडा ऐश' एक महत्वपूर्ण कच्चा माल है। 'सोडा ऐश' एक सफ़ेद व पानी में घुलनशील पदार्थ है जिसका इस्तेमाल आमतौर पर सोलर ग्लास, कपड़े धाने का सर्फ, साबुन आदि बनाने के लिए किया जाता है। इसका रसायनिक नाम सोडियम कार्बोनेट है। जीएचसीएल के प्रबंध निदेशक (एमडी) आर. एस. जालान ने विशेष साक्षात्कार में कहा कि लगभग सभी प्रमुख औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं, पर्यावरणीय मंजूरी मिल चुकी है, भूमि का एक बड़ा हिस्सा पहले ही खरीदा जा चुका है। उन्होंने कहा, '' इस समय हमने मौके पर कोई काम शुरू नहीं किया है लेकिन उम्मीद है कि अगले छह से सात महीनों में हम ये गतिविधियां शुरू कर सकेंगे। इस दो चरणों में होने वाले विस्तार से वर्तमान 12 लाख टन क्षमता में 11 लाख टन की वृद्धि होगी। इस नई सुविधा में एक विशाल 'सोडा ऐश' संयंत्र होगा जिसे विशेष रूप से सौर ग्लास क्षेत्र के लिए तैयार किया जा रहा है। जालान ने कहा, '' यदि आप 119 गीगावाट से 300 गीगावाट की बात करें तो यह एक बड़ा अवसर है और हम जिस सपूर्ण परियोजना की परिकल्पना कर रहे हैं, उसका अधिकतर उपयोग सौर ग्लास के लिए किया जाएगा। जीएचसीएल लगातार वाणिज्य मंत्रालय से चीन और अन्य वैश्विक निर्यातकों से सोडा ऐश के आयात पर डंपिंग रोधी शुल्क लगाने का अनुरोध कर रही है क्योंकि सस्ते निर्यात से स्थानीय उत्पादकों का मुनाफा हो रहा है। भारत ने 'सोडा ऐश' पर 20,108 रुपये प्रति टन के न्यूनतम आयात मूल्य (एमआईपी) को 31 दिसंबर, 2025 तक बढ़ा दिया है। 2023 में पहली बार अधिसूचित इन प्रतिबंधों का उद्देश्य गलत मूल्य निर्धारण पर अंकुश लगाना है लेकिन अधिशेष-संचालित डंपिंग के खिलाफ ये कमजोर हैं।

# ऑरेकल के नई एआई डेटा मंच को 1.5 अरब डॉलर से अधिक निवेश मिला

एजेंसी

लास वेगास। अमेरिकी सॉफ्टवेयर कंपनी ऑरेकल ने कहा है कि उसके साझेदारों और वैश्विक सिस्टम इंटिग्रेटर ने उसके नये एआई डेटा मंच में 1.5 अरब डॉलर (करीब 12,500 करोड़ रुपये) से अधिक का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है। इस निवेश का उद्देश्य प्रशिक्षण, कौशल विकास और विभिन्न उद्योग क्षेत्रों के लिये कृत्रिम मेधा (एआई) पर आधारित समाधान तैयार करना है। सॉफ्टवेयर कंपनी ने कहा कि इस एआई डेटा मंच में निवेश की प्रतिबद्धता जताने वाले साझेदारों में इन्फोसिस, एलटीआई माइंडट्री, कॉग्निजेंट, एक्सेंचर और केपीएमजी शामिल हैं। ऑरेकल के स्वास्थ्य देखभाल एवं विश्लेषण खंड के कार्यकारी उपाध्यक्ष टी.के. आनंद ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, ल्हम अपने वैश्विक साझेदारों के साथ मिलकर एआई डेटा मंच लाने की तैयारी कर रहे हैं। इनमें से कई साझेदारों ने 1.5 अरब डॉलर से अधिक की राशि प्रशिक्षण और उद्योग-विशिष्ट समाधानों के विकास पर निवेश करने का संकल्प लिया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस निवेश के तहत 8,000 से अधिक पेशेवरों को प्रशिक्षित किया जाएगा और 100 से अधिक उद्योग-विशिष्ट उपयोग मामलों का विकास किया जाएगा। इन्फोसिस के कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य आपूर्ति अधिकारी दिनेश राव ने कहा कि ऑरेकल का एआई डेटा मंच कंपनी की रणनीतिक प्राथमिकताओं में शीर्ष पर है। राव ने कहा कि इन्फोसिस ने वित्त वर्ष 2024-25 में शोध एवं विकास पर 14 करोड़ डॉलर का निवेश किया और आने वाले वर्षों में ऑरेकल के एआई मंच में इसकी अतिरिक्त निवेश की योजना है। एलटीआई माइंडट्री ने इस मंच में 20 करोड़ डॉलर के निवेश की घोषणा की है। वहीं केपीएमजी अगले तीन से पांच वर्षों में 20 करोड़ डॉलर का निवेश करेगी और 1,600 कर्मचारियों को वैश्विक स्तर पर प्रशिक्षण देगी।

## संक्षिप्त समाचार

### कार्लोस अल्कराज ने 'सिक्स किंग्स स्लैम' में खेलने के फैसले का बचाव किया, कहा, टूर के थकाऊ शेड्यूल से ये बेहतर

**रियाद (सऊदी अरब)।** विश्व नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने सऊदी अरब में होने वाले 'सिक्स किंग्स स्लैम' प्रदर्शनी टूर्नामेंट में खेलने के अपने फैसले का बचाव किया है। अल्कराज ने हाल ही में कहा था कि व्यस्त शेड्यूल के चलते वे कुछ एटीपी टूर्नामेंट्स से हटने पर विचार कर सकते हैं ताकि अपनी फिटनेस और स्वास्थ्य को प्राथमिकता दे सकें। पुरुष और महिला टेनिस सर्किट करीब 11 महीने तक चलते हैं और लंबे प्रारूप के कारण खिलाड़ियों पर शारीरिक और मानसिक दबाव लगातार बढ़ रहा है। एशियाई स्विंग के दौरान गर्मी और नमी की वजह से कई खिलाड़ियों को चोट और थकान के कारण टूर्नामेंट से हटना पड़ा। इस बीच प्रोफ़ेशनल टेनिस प्लेयर्स एसोसिएशन ने मार्च में खेल की शासी संस्थाओं के खिलाफ मुकदमा दायर किया था, जिसे ल्अस्थिर शेड्यूलङ्क बताया गया था। टोक्यो में खिताब जीतने के बावजूद टखने की चोट से जूझ रहे अल्कराज ने इसके बाद शंघाई टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था, लेकिन अब उनका 'सिक्स किंग्स स्लैम' में उतरना, जहां त्त1.5 मिलियन (करीब 12.5 करोड़ रुपये) की उपस्थिति राशि और त्त6 मिलियन (करीब 50 करोड़ रुपये) का विजेता चेक है, आलोचना का विषय बन गया। अल्कराज ने आलोचना पर कहा, ल्यह फॉर्मेट बिल्कुल अलग है। प्रदर्शनी मैचों में उतनी मानसिक और शारीरिक थकान नहीं होती जितनी आधिकारिक टूर्नामेंट में 15-16 दिन लगातार खेलने पर होती है। यहां हम बस 1-2 दिन मज़े के लिए खेलते हैं और दर्शकों को एंटरटेन करते हैं। पिछले साल के विजेता जैनिक सिनर भी इस बार रियाद में हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने शंघाई में क्रैम्प्स की वजह से जल्दी बाहर होने के बाद प्रदर्शनी इवेंट को चुना। अल्कराज ने कहा, मैं आलोचना को समझता हूं, लेकिन कई बार लोग हमारी स्थिति और भावनाओं को नहीं समझ पाते। इतने लंबे टूर्नामेंट्स की तुलना में प्रदर्शनी खेल मानसिक रूप से थकाने वाले नहीं होते। अल्कराज को टूर्नामेंट में सीधे सेमीफाइनल में बाई मिली है और उनका मुकाबला गुरुवार को टेलर फ्रिट्ज से होगा। उन्होंने बताया कि उनका टखना अभी पूरी तरह फिट नहीं है। उन्होंने कहा, ल्मैं 100 प्रतिशत फिट महसूस नहीं कर रहा हूं, कोर्ट पर मूवमेंट के दौरान अभी भी संदेह बना रहता है, लेकिन काफी सुधार हुआ है और मैं सिक्स किंग्स स्लैम में अच्छा प्रदर्शन करने को तैयार हूं।

### खान मंत्रालय ने राज्य खनन तैयारी सूचकांक और राज्य रैंकिंग जारी की

**नई दिल्ली।** खान मंत्रालय ने गुरुवार को खनन क्षेत्र में सुधारों को बढ़ावा देने के लिए राज्य खनन तत्परता सूचकांक (एसएमआरआई) और राज्य रैंकिंग जारी की है। इसके लिए केंद्रीय बजट 2025-26 में घोषणा की गई थी। खान मंत्रालय के मुताबिक यह रैंकिंग राज्यों में खनन क्षेत्र में सुधारों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस सूचकांक को बनाने में नीलामी प्रदर्शन, शीघ्र खदान परिचालन, अन्वेषण पर जोर और गैर-कोयला खनिजों से संबंधित सतत खनन जैसे संकेतक शामिल किये गए हैं, जो खनन क्षेत्र में राज्य के प्रदर्शन को रेखांकित करने के लिए प्रासंगिक हैं। मंत्रालय के मुताबिक एसएमआरआई के तहत राज्यों को उनके खनिज भंडार के आधार पर तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। श्रेणी-ए में शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाले राज्य मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात हैं, जबकि श्रेणी बी में गोवा, उत्तर प्रदेश और असम शीर्ष तीन स्थान पर हैं। श्रेणी सी में पंजाब, उत्तराखंड और त्रिपुरा शीर्ष तीन स्थान पर हैं।


### जीएचसीएल को 6,500 करोड़ रुपये के 'सोडा ऐश' संयंत्र के लिए जमीन व मंजूरी मिली

**नयी दिल्ली।** भारत की दूसरी सबसे बड़ी 'सोडा ऐश' उत्पादक कंपनी जीएचसीएल लिमिटेड 2030 तक अपनी उत्पादन क्षमता को लगभग दोगुना यानी 23 लाख टन प्रति वर्ष करने के लिए तैयार है। इसके साथ ही गुजरात के कच्छ जिले में इसकी 6,500 करोड़ रुपये की नई परियोजना का निर्माण अगले छह से सात महीनों के भीतर शुरू होने की उम्मीद है। यह विस्तार ऐसे समय में हो रहा है जब कंपनी सस्ते चीनी आयात से जूझ रही है। साथ ही भारत के महत्वाकांक्षी 300 गीगावाट सौर ऊर्जा लक्ष्य के लिए एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में खुद को स्थापित कर रही है, जहां सोलर ग्लास विनिर्माण के लिए 'सोडा ऐश' एक महत्वपूर्ण कच्चा माल है। 'सोडा ऐश' एक सफ़ेद व पानी में घुलनशील पदार्थ है जिसका इस्तेमाल आमतौर पर सोलर ग्लास, कपड़े धाने का सर्फ, साबुन आदि बनाने के लिए किया जाता है। इसका रसायनिक नाम सोडियम कार्बोनेट है।


### बीएलएस इंटरनेशनल को चीन में भारतीय वीजा आवेदन केंद्र स्थापित करने का विदेश मंत्रालय से मिला ठेका

नयी दिल्ली, 16 अक्टूबर (भाषा) बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसे विदेश मंत्रालय (एमईए) से चीन में भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) स्थापित करने एवं संचालित करने का ठेका मिला है। यह ठेका 14 अक्टूबर, 2025 से तीन वर्ष की अवधि के लिए वैध होगा। समझौते की शर्तों के तहत, बीएलएस इंटरनेशनल बीजिंग, शंघाई और ग्वांगझाउ में आईवीएसी की स्थापना और प्रबंधन तथा वीजा सेवाएं प्रदान करने के लिए जिम्मेदार होगी। आईवीएसी उन्नत प्रौद्योगिकी से लैस होगा और वहां बहुभाषी कर्मचारी होंगे ताकि आवेदकों के लिए निर्बाध अनुभव सुनिश्चित किया जा सके। बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक शिखर अग्रवाल ने कहा, '' ३यह बीएलएस इंटरनेशनल के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। ये आईवीएसी विश्वसनीय एवं उपयोगकर्ता-केंद्रित वीजा सेवाओं को सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। भारत ने चीन

# आईएमएफ का वृद्धि अनुमान बढ़ाना भारत की आर्थिक मजबूती का प्रमाण: पीयूष गोयल

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) का चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के विकास दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.6 फीसदी करना देश की आर्थिक मजबूती और मजबूत बुनियादी ढांचे का प्रमाण है। आईएमएफ ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.4 फीसदी से बढ़ाकर 6.6 फीसदी कर दिया है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने नई दिल्ली में रसायन एवं पेट्रोरसायन उद्योग के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था ने 7.8 फीसदी की वृद्धि दर्ज की है, जो पिछले पांच तिमाहियों में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि यह वृद्धि देश में निवेश, उपभोक्ता खर्च में वृद्धि और जीएसटी में कटौती के कारण आर्थिक आत्मविश्वास को दर्शाती है। इसी महीने विश्व बैंक ने भी भारत के वृद्धि अनुमान को 6.3 फीसदी से बढ़ाकर 6.5 फीसदी किया था। गोयल ने उद्योग से वैश्विक निर्यात में भारत का हिस्सा बढ़ाकर अंतरराष्ट्रीय व्यापार में नेतृत्व करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कभी-कभी उद्योग मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) में मामूली रियायतों को लेकर अनावश्यक आपत्ति करता है, जो देश की कमजोर छवि पेश करता है। उन्होंने आपूर्ति शृंखला की मजबूती और विविधीकरण पर जोर देते हुए कहा कि एक ही आपूर्तिकर्ता या सीमित देशों पर निर्भरता से इस क्षेत्र में जोखिम उत्पन्न हो सकता है। वाणिज्?य मंत्री ने कहा कि कुछ उत्पादों के लिए घरेलू संरक्षण जरूरी हो सकता है लेकिन अन्य मामलों में उद्योग को वैश्विक बाजारों के साथ जुड़े रहकर अपनी दक्षता और प्रतिस्पर्धात्मकता बनाए रखनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''हम निश्चित रूप से अपनी आपूर्ति शृंखलाओं में किसी एक भौगोलिक क्षेत्र की कृपा पर नहीं रहना चाहते हैं जो किसी एक उद्योग को पंगु बना दे। हालांकि, कुछ ऐसे क्षेत्र हो सकते हैं, जिन्हें ठोस संरक्षण की जरूरत है।''उन्होंने उद्योग को सहयोगी नजरिया अपनाने, मूल्य निर्धारण, डंपिंग और गैर-शुल्क बाधाओं से उत्पन्न समस्याओं को साझा करने और मंत्रालय से समय पर उपाय सुनिश्चित करने का भी भरोसा दिलाया।

# राष्ट्रपति आज मध्य प्रदेश के इंदौर संभाग के पांच जिलों को करेंगी सम्मानित

एजेंसी

भोपाल। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मध्य प्रदेश के इंदौर संभाग के पांच जिले बड़वानी, धार, खंडवा, झाबुआ और बुरहानपुर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में शुक्रवार, 17 अक्टूबर को आयोजित एक सम्मारोह में सम्मानित करेंगी। इंदौर संभाग में संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने गुरुवार को बताया कि आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत संभाग ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। झाबुआ जिले को एक अलग उपलब्धि के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के समक्ष प्रस्तुतीकरण का अवसर मिला है।

उन्होंने बताया कि शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में झाबुआ कलेक्टर नेहा मीणा आदि कर्मयोगी अभियान और आदि कर्मयोगी पर्व पर अपना प्रस्तुतिकरण देंगी। साथ ही बुरहानपुर जिले को भी धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने के लिए चयनित किया गया है।



17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चले आदि कर्मयोगी पर्व में लक्ष्य किया हासिल

जनजातीय कार्य विभाग के डिप्टी कमिश्नर ब्रजेश पांडे ने बताया कि इंदौर संभाग में संभागायुक्त डॉ. खाड़े के निर्देशन में उत्कृष्ट कार्य हुए हैं। प्रदेशभर में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चले आदि कर्मयोगी पर्व के दौरान इंदौर संभाग में चिन्हित 3373 गांव का न सिर्फ चयन हुआ बल्कि कई निर्धारित मापदंडों में समय पर कार्य उपरांत पोर्टल पर इंट्री की जा चुकी है। इंदौर संभाग के 3373 जनजातीय गांवों की कार्ययोजना तैयार हो चुकी है। पर्व के दौरान तहसील और ग्राम स्तर तक प्रशिक्षण के बाद आदि सेवा केंद्रों की स्थापना और गांवों की मौलिक आवश्यकताओं के अनुरूप सर्वे कर रूपरेखा तैयार की गई है। इस तरह इंदौर संभाग के 8 जिलों में से 5 जिले शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा सम्मान पाएंगे।

स्वास्थ्य और पोषण क्षेत्र में झाबुआ को मिली उपलब्धि

उन्होंने बताया कि जनजातीय क्षेत्र झाबुआ को राष्ट्रपति के समक्ष जिले का प्रस्ताव प्रस्तुत करने का मौका मिला है। झाबुआ में कलेक्टर नेहा मीणा के द्वारा स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में ''मोटी आयी'' पर कार्य हुआ है, जिसे राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है। अब कलेक्टर अपने जिले के नवाचार को दिल्ली में देश की प्रथम नागरिक के सामने प्रस्तुत करेगी। झाबुआ जिले में 651 गांवों का प्रस्ताव तैयार किया गया है। प्रस्ताव में जिले में गैप और स्वास्थ्य पोषण के अलावा भी अन्य क्षेत्र में उन्नत कार्य योजना भी रखी जायेगी।

# केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने गुणवत्ता और संस्कृति पर ध्यान देते हुए समयसीमा पर कार्यपूर्ण करने के दिए निर्देश

जेंसी

गुना। केंद्रीय संचार एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री और क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को वर्चुअल माध्यम से गुना और अशोकनगर जिलों में चल रहे विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा बैठक ली। इसमें गुना और अशोकनगर शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर, सौंदर्यीकरण, ट्रैफिक सुधार, पर्यटन एवं हेरिटेज क्षेत्रों के विकास संबंधी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

गुना जिले की समीक्षा के दौरान केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि गुना शहर में संचालित प्रत्येक विकास कार्य का उद्देश्य नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना, यातायात व्यवस्था को सुगम करना तथा सांस्कृतिक एवं पर्यटन धरोहरों का संरक्षण सुनिश्चित करना होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और टिकाऊ सामग्री का उपयोग किया जाए तथा स्थानीय सांस्कृतिक पहचान को ध्यान में रखते हुए योजनाएं क्रियान्वित की जाएं। बैठक में शहर के प्रवेश द्वार, सड़क चौड़ीकरण, ऑक्सीजन पार्क, माधव वाटिका, सेल्फी प्वाइंट, गुनिया नदी विकास, पर्यटन एवं जलक्रीड़ा परियोजनाओं सहित अन्य प्रस्तावों पर चर्चा की गई।

सिंधिया ने निर्देश दिए नागरिक सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा सभी विकास कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा शहर के विकास में स्थानीय इतिहास, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत की झलक अवश्य परिलक्षित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता एवं जनसहभागिता अनिवार्य है। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से उन्होंने आग्रह किया जनता से संवाद बनाए रखें और प्राप्त सुझावों को योजनाओं में सम्मिलित करें। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य गुना को आधुनिक सुविधाओं से युक्त, साथ ही सांस्कृतिक एवं पर्यटन दृष्टि से आकर्षक बनाना है, यही हम सभी की साझा जिम्मेदारी है।



गुना जिले की बैठक में विधायक पन्नालाल शाक्य, नगर पालिका अध्यक्ष सविता गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, नगर पालिका उपाध्यक्ष धरम सोनी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सारिका लुंबा, पूर्व विधायक गोपीलाल जाटव, राजे?द्र सिंह सलूजा, सांसद प्रतिनिधि सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

अशोकनगर की वास्तुकला में झलकनी चाहिए मध्य प्रदेश की वीर गाथाएँ : सिंधिया

केंद्रीय संचार मंत्री सिंधिया ने आज अशोकनगर जिले की बैठक में शहर के प्रमुख तुलसी सरोवर के विकास, सौंदर्यीकरण और पर्यटन संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि अशोकनगर शहर में होने वाले प्रत्येक विकास कार्य का उद्देश्य नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना, शहर की सांस्कृतिक एवं पर्यटन धरोहरों का संरक्षण करना होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्यों में गुणवत्ता, टिकाऊ सामग्री और पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जाए। सिंधिया ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि तुलसी सरोवर को केवल एक जल निकाय नहीं, बल्कि अशोकनगर का महत्वपूर्ण पर्यटन आकर्षण केंद्र बनाया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने सरोवर पर आने वाले पर्यटकों और स्थानीय निवासियों की सुविधा के लिए सुनियोजित पार्किंग सुविधा और हॉकर जोन का निर्माण करने और लेक फ्रंट डेवलपमेंट में स्थानीय चंदेरी पत्थर का उपयोग करने पर के निर्देश दिए ताकि निर्माण में स्थानीय संस्कृति की झलक हो। साथ ही, सरोवर के सौंदर्य को बढ़ाने के लिए आधुनिक लाइटिंग के प्रयोग पर भी विशेष बल दिया।

अशोकनगर में दिखे मध्य प्रदेश के राजघरानों की वीर गाथाएँ

सिंधिया ने अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए कि सभी वास्तुकलाओं में ग्वालियर सहित मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक वीर गाथाओं की छवि दिखनी चाहिए। सौंदर्यीकरण में मध्य प्रदेश द्वारा विभिन्न काल खंडों में लड़ी गई लड़ाइयों, उनके संघर्षों और विजय गाथाओं की कहानी झलकनी चाहिए। इन कलाओं से स्पष्ट रूप से वीर योद्धाओं की महान गाथाओं को संदेश मिलने चाहिए। उन्होंने ग्वालियर के महान गायक बैजू बैवरा और महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने बैजू बावरा के संबंध में कहा कि महान गायक का इतिहास इस क्षेत्र से जुड़ा हुआ है और उनकी स्मृति में अशोकनगर में उनकी प्रतिमा स्थापित करना उनकी विरासत को अमर करेगा। सिंधिया ने विश्वास व्यक्त किया कि इन मूर्ति के कारण अशोकनगर को देशभर में एक विशिष्ट पर्यटन पहचान मिलेगी।

केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि विकास कार्यों में स्थानीय इतिहास, परंपरा और विरासत की झलक अवश्य परिलक्षित होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने हर प्रोजेक्ट के लिए टाइमलाइन सहित पूरा प्लान मांगा और साथ ही धनराशि का पूर्णत सही उपयोग करने की भी बात कही।

# पेज एक का शेष

## अब...

कि जब भी अवसर मिला तो महापुरुषों की प्रेरणा से उप्र में हमने नया करने का कार्य किया है। जयप्रकाश नारायण की जन्मभूमि (सिताबदियारा) का जिक्र किया और कहा कि हमने उनका पावन स्मारक बनाया। 2017 में हमारी सरकार आई तो उनकी पत्नी के नाम पर चिकित्सालय का नामकरण किया। प्रयागराज में डॉ. राजेंद्र प्रसाद के नाम पर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की स्थापना की। अयोध्या से सीतामढ़ी तक रामजानकी मार्ग के माध्यम से अयोध्या की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने का कार्य उप्र की डबल इंजन की भाजपा सरकार आपके साथ मिलकर रही है।

उन्होंने कहा कि बिहार के पास समृद्ध विरासत है। लोकतंत्र पर आंच आएगी तो बिहार से कोई जेपी इसे बचाने खड़ा हो जाएगा। बिहार ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद को जन्म दिया, जो देश के प्रथम राष्ट्रपति बने। स्वतंत्र भारत में सोमनाथ मंदिर के पुनरोद्धार की बात हुई। पं. जवाहर लाल नेहरू ने कहा कि नहीं जाना है, लेकिन उन्होंने कहा कि मैं जाऊंगा, क्योंकि भारत के सांस्कृतिक व नई आभा को वैश्विक जगत में प्रस्तुत करना है। कंाग्रेस भले ही विरोध करेगी, लेकिन राष्ट्रपति के कारण भारत की आस्था का सम्मान करना मेरा दायित्व है। राजेंद्र प्रसाद सोमनाथ की धरती पर गए। उन्होंने कहा कि भारत की आस्था का सम्मान और विरासत का संरक्षण होगा। विरासत ही विकास की नींव को पुख्ता करेगी।

## बिहार...

दिग्गजों के साथ भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार पवन सिंह, रवि किशन और दिनेशलाल यादव 'निरहुआ' को भी शामिल किया गया है।

इसके अतिरिक्त इस सूची में असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, स्मृति ईरानी के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का नाम भी स?टार प्रचारकों में है।

## विकास ...

चाहते थे, वे पलायन कर गए।

उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पिछले 20 वर्षों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने बिहार को उस कलंक से मुक्त करने के लिए प्रभावी ढंग से काम किया है। आज बिहार की डबल इंजन सरकार इसे और भी प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने की अपील करने फिर आई है। उत्तर प्रदेश और बिहार के बीच संबंधों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश और बिहार का रिश्ता सिर्फ एक रिश्ता नहीं है, यह एक साझी विरासत है। यह एक आत्मा का बंधन है, एक संस्कृति का बंधन है और एक संकल्प का भी बंधन है। यह रिश्ता भगवान राम और माता जानकी के बंधन जितना ही अटूट है।

योगी आदित्यनाथ ने आचार्य कौटिल्य, चंद्रगुप्त मौर्य और अशोक महान का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे महाप्रतापी राष्ट्र शिल्पियों को देने वाला हमारा यह राज्य गुरु गोविंद सिंह जी महाराज की पावन जन्मभूमि के लिए जाना जाता है। गुरु गोविंद सिंह को जब पटना साहिब से बाहर जाना हुआ था, तो पहला पड़ाव दानापुर ही बना था।

## राज्य...

इसे समाप्त करने के लिए हमें हर राज्य में ऐसा प्रकोष्ठ बनाना चाहिए जो अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करता हो।

गृह मंत्री ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध रेड कॉर्नर नोटिस जारी होते ही उसका पासपोर्ट तुरंत ज़ब्त या रद्द कर देना चाहिए ताकि वह देश छोड़ कर भाग न सके। उन्होंने कहा कि यदि पासपोर्ट जारी करने की प्रक्रिया में ही यह व्यवस्था जोड़ दी जाए तो भगोड़ों को वापस लाने में बहुत मदद मिलेगी। अमित शाह ने कहा कि भगोड़ों का एक वैज्ञानिक डेटाबेस तैयार किया जाना चाहिए, जिसे सभी राज्य पुलिस बलों के साथ साझा किया जा सके। इस भंडार में यह विवरण होना चाहिए कि भगोड़ा किस अपराध में फरार हुआ, उसका नेटवर्क कहां-कहां है और प्रत्यर्पण की प्रक्रिया किस चरण में रुकी है। उन्होंने सुझाव दिया कि नार्को, गैंगस्टर, वित्तीय और साइबर अपराधों के मामलों के लिए एक फोकस ग्रुप बनाया जाए, जिसे गुप्तचर ब्यूरो (आईबी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के मार्गदर्शन में मल्टी एजेंसी सेंटर के माध्यम से संचालित किया जाए।

गृह मंत्री ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 355 और 356 में ळअनुपस्थिति में मुकदमा (ट्रायल इन एब्सेंशिया)ङ्क का जो प्रावधान किया गया है, उसका राज्यों को अधिकाधिक प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा, ळयदि कोई व्यक्ति भगोड़ा घोषित हो जाता है तो उसकी अनुपस्थिति में भी अदालत मुकदमे की सुनवाई कर सकती है। एक बार जब वह सजायाफ्ता घोषित होता है तो अंतरराष्ट्रीय कानूनों में उसके दर्जे में बड़ा परिवर्तन आता है, जिससे प्रत्यर्पण आसान हो जाता है।ङ्क

अमित शाह ने बताया कि मोदी सरकार ने धनशोधन निवारण कानून (पीएमएलए) को और सशक्त बनाया है। पिछले चार वर्षों में दो अरब डॉलर की वसूली हुई है और 2014 से 2023 के बीच लगभग 12 अरब डॉलर मूल्य की संपत्तियां ज़ब्त की गई हैं। उन्होंने कहा कि साल 2018 में लाए गए भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम (फ्यूजिटिव इकोनॉमिक ऑफेंडर एक्ट) ने इस दिशा में सरकार को बड़ी कानूनी शक्ति दी है।

गृह मंत्री शाह ने कहा कि भारत की प्रत्यर्पण प्रणाली को मजबूत करने के लिए स्ट्रेटेजिक अप्रोच, ऑर्गनाइज्ड एग्जीक्यूशन और संचार के निर्बाध प्रवाह की दिशा में सुधार की आवश्यकता है। सीबीआई इस दिशा में नामित एजेंसी है और राज्यों को भी इसके सहयोग से अपने स्तर पर इकाइयां (यूनिट्स) स्थापित करनी चाहिए ताकि अपने-अपने राज्य से भागे भगोड़ों को वापस लाने के लिए प्रभावी तंत्र तैयार हो सके। अमित शाह ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में भारत की कानून व्यवस्था इतनी सशक्त होगी कि अपराध और अपराधी की चाल चाहे कितनी भी तेज़ क्यों न हो, न्याय की पहुंच उससे अधिक तेज़ होगी।

सम्मेलन में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के निदेशक प्रवीण सूद ने बताया कि इस वर्ष अब तक 35 भगोड़ों का प्रत्यर्पण भारत लाया जा चुका है, जबकि 338 प्रत्यर्पण प्रस्ताव विभिन्न देशों में लंबित हैं। जनवरी से सितंबर 2025 के बीच 189 नोटिस जारी किए गए, जिनमें 89 लाल कोने की सूचनाएं (रेड नोटिस) और 110 नीली सूचनाएं (ब्लू नोटिस) शामिल हैं- यह संख्या सीबीआई की स्थापना के बाद अब तक की सर्वाधिक है।

सूद ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन (इंटरपोल) ने अब तक भारतीय भगोड़ों के खिलाफ कुल 957 लाल सूचनाएं जारी की हैं, जिनमें 231 सीबीआई, 130 राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए), 21 प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), 12 नारकोटिक्स ब्यूरो (एनसीबी) और शेष राज्य पुलिस बलों से संबंधित हैं। इनमें से 189 आर्थिक अपराध, 254 उग्रवाद, 55 मादक पदार्थों, 21 वसूली तथा अन्य बलात्कार, हत्या जैसे अपराधों से जुड़े हैं।

सूद ने कहा कि इंटरपोल को प्रस्ताव भेजने में जो समय पहले औसतन 14 महीने लगता था, वह अब घटकर तीन महीने रह गया है। उन्होंने बताया कि हमारे पास अब केवल आठ प्रस्ताव लंबित हैं और इनमें सबसे पुराना भी मात्र एक माह पुराना है। सीबीआई प्रमुख ने बताया कि जनवरी 2025 में शुरू हुए भारतपोल पोर्टल और ऑपरेशन त्रिशूल के परिणामस्वरूप भगोड़ों को खोजने और नोटिस जारी करने की प्रक्रिया में काफी तेजी आई है। उन्होंने कहा कि यदि राज्य पुलिस बल भी इसका अधिक उपयोग करें तो परिणाम और बेहतर होंगे।

## दिल्ली...

बरकरार रहे, किसी भी प्रकार की प्रशासनिक या अन्य परेशानी न हो और वहां आने वाले दर्शक पूरा आनंद ले सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यों के लिए ळकॉन्सर्ट इकोनॉमीङ्क एक महत्वपूर्ण आर्थिक क्षेत्र है, जिस पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि एक समय था जब दिल्ली में बड़े-बड़े कॉन्सर्ट्स और कार्यक्रमों का आयोजन करने से आयोजक हिचकिचाते थे, क्योंकि उन्हें आवश्यक सुविधाएं और संस्थागत सहयोग नहीं मिल पाता था। इस चुनौती को समझते हुए सरकार ने यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है कि केंद्र और दिल्ली सरकार के अधीन सभी प्रमुख स्टेडियम जैसे जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, इंदिरा गांधी स्टेडियम, नेशनल स्टेडियम, त्यागराज स्टेडियम और छत्रसाल स्टेडियम के टैरिफ रेट कम किए जाएं और उनकी सुविधाओं को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उन्नत किया जाए।

मुख्यमंत्री ने बताया कि आयोजकों को अधिक सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से इवेंट परमिशन, सुरक्षा और लॉजिस्टिक्स की प्रक्रिया को सरल बनाते हुए 'सिंगल विंडो सिस्टम' लागू किया जा रहा है। इस प्रणाली का सफल उपयोग पहले कांवड़ यात्रा, रामलीला समितियों, दुर्गा पूजा और छठ पर्व के आयोजनों में किया जा चुका है। अब इसी मॉडल को इवेंट मैनेजमेंट सेक्टर में भी लागू किया जा रहा है ताकि दिल्ली 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में और आगे बढ़ सके। उन्होंने उल्लेख किया कि भारत में लगभग 150 अरब रुपये की लाइव एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में इस समय दिल्ली का शेयर करीब 2500 से 3000 करोड़ रुपये का है, जिसे आने वाले वर्षों में हासिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने दिल्लीवासियों से आग्रह किया कि वे आगामी सांस्कृतिक आयोजनों और सकारात्मक बदलावों के लिए तैयार रहें, क्योंकि अब दिल्ली देश और दुनिया से आने वाले मेहमानों का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने घोषणा की कि दिल्ली सरकार विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त नए इवेंट वेन्यू विकसित करेगी, जहां लाखों लोग एक साथ कॉन्सर्ट्स और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग ले सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि दिल्ली अब एक 'इवेंट-फ्रेंडली सिटी' के रूप में विकसित होगी, जहां न केवल लोगों का उत्साह बढ़ेगा, बल्कि वैश्विक समुदाय भी यहां आने को इच्छुक रहेगा। मुख्यमंत्री ने यह स्पष्ट किया कि दिल्ली सरकार 'विरासत भी-विकास भी' के मंत्र के साथ पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का यह विजन है कि दिल्ली को लाइव एंटरटेनमेंट और 'कंसर्ट इकॉनॉमी' का केंद्र बनाया जाए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस विज़न को दिल्ली में लागू करने के लिए एक ठोस और व्यावहारिक रोडमैप तैयार किया है। मिश्रा ने बताया कि इस परिवर्तन के पीछे एक विस्तृत और समर्पित प्रक्रिया रही है। दिल्ली सरकार ने फ़ेमा, फिक्की और इवेंट इंडस्ट्री से जुड़े 40 से अधिक प्रमुख प्रतिनिधियों के साथ एक राउंडटेबल मीटिंग की, जिसमें स्वयं मुख्यमंत्री ने सक्रिय रूप से भाग लिया और महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। इस चर्चा में यह स्पष्ट रूप से सामने आया कि दिल्ली में बड़े इवेंट्स न होने का एक मुख्य कारण हमारे कार्यक्रम स्थलों की दरें बहुत ज्यादा थीं। केंद्र सरकार ने एक महीने के भीतर दिल्ली के प्रमुख स्टेडियमों के टैरिफ दरों को घटाने का निर्णय लिया। जैसे ही यह निर्णय लागू हुआ, दिल्ली दोबारा बड़े और भव्य कार्यक्रमों का केंद्र बनने लगी। मिश्रा ने कहा कि यह तो केवल शुरुआत है। दिल्ली सरकार के पास इससे भी बड़ा रोडमैप है, जो प्रधानमंत्री के विजन और मुख्यमंत्री की दूरदर्शी योजना को मूर्त रूप देगा। यह रोडमैप दिल्ली को कला, संस्कृति, भाषा और पर्यटन के क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों तक ले जाने का कार्य करेगा।

## अफ़गानिस्तान...

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच संघर्ष 9 अक्टूबर को पाकिस्तानी हवाई हमलों से शुरू हुआ था। इसमें 12 से ज़्यादा नागरिक मारे गए थे। बुधवार से दोनों देशों के बीच 48 घंटे के युद्धविराम पर सहमति बनी।

ऑपरेशन...

करने में नहीं, बल्कि सामाजिक लाभ के लिए ज्ञान के सार्थक उपयोग में निहित है।

रक्षा मंत्री ने प्रौद्योगिकी में विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रभाव का उल्लेख करते हुए इस आशंका को निर्मूल बताया कि इससे नौकरी जाने और मानव श्रम की आवश्यकता समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस कभी मानव श्रम की जगह नहीं लेगा, बल्कि जो लोग एआई का उपयोग करते हैं, वे उन लोगों की जगह लेंगे जो इसका इस्तेमाल नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि तकनीक को मानवीय संवेदनशीलता, मूल्यों और नैतिकता का विकल्प नहीं, बल्कि साधन मात्र बनाए रखना चाहिए। राजनाथ सिंह ने युवाओं से तुलनाओं में उलझने की बजाय अपने सपनों को साकार करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के तहत राजनाथ सिंह और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्कूल ऑफ डिफेंस एंड एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्य सरकार के अन्य मंत्री और विश्वविद्यालय के कुलपति उपस्थित थे।

## एनडीए...

लाख रूपये भी दे सकते हैं।

पहलगाम की घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि घटना वाले दिन वे पहलगाम गए थे।जहां चोटी पर स्थित शंकराचार्य मंदिर वे पहुंचे।लेकिन भगवान की दया से वे बच गए,लेकिन पर्यटकों से आतंकवादियों ने कलमा पढ़ाया और कलमा नहीं पढ़ पाने वाले पर्यटकों की नृशंसतापूर्वक हत्या कर दी।आतंकवादियों ने देश को धर्म के नाम पर बांटने की साजिश रची थी।लेकिन विपक्ष के नेता चाहे वह कंाग्रेस के नेता हो या राजद या सपा के किन्हीं ने भी पाकिस्तान और नापाक इरादों वाले आतंकवादियों का विरोध नहीं जताया।आतंकवादियों ने धर्म के नाम पर बांटने का काम किया। उन्होंने विजय कुमार मंडल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगीजी के आशीर्वाद होने की बात कही। जनसभा को स्थानीय सांसद प्रदीप कुमार सिंह,विधायक सह प्रत्याशी विजय कुमार मंडल समेत स्थानीय एनडीए के नेताओं ने भी संबोधित किया।

## आंध्र...

नाइट विजन उपकरण, मिसाइल सेंसर और ड्रोन गार्ड सिस्टम तैयार किए जाएंगे, जिससे भारत रक्षा उत्पादन और निर्यात दोनों में आत्मनिर्भर बनेगा।

प्रधानमंत्री ने इस दौरान 'ऑपरेशन सिंदूर' का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन के दौरान भारतीय सेना ने पूरी दुनिया को भारत में बने आधुनिक उपकरणों की शक्ति दिखाई। मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में हमारे स्वदेशी ड्रोन, नाइट विजन और रक्षा तकनीक ने जो सफलता हासिल की, उस पर हर भारतीय को गर्व होना चाहिए। इससे साबित हुआ कि आत्मनिर्भर भारत की नीति केवल नारा नहीं, बल्कि भारत की वास्तविक ताकत बन चुकी है।

उन्होंने आंध्र प्रदेश की सरकार के कुरनूल को भारत का ड्रोन हब बनाने के संकल्प की सराहना की। उन्होंने कहा कि ड्रोन टेक्नोलॉजी भविष्य की औद्योगिक क्रांति की रीढ़ बनने वाली है। प्रधानमंत्री ने कहा, ळऑपरेशन सिंदूर में भारतीय ड्रोन की भूमिका ने पूरी दुनिया को अचंभित कर दिया। आने वाले समय में कुरनूल ड्रोन सेक्टर में देश की ताकत बनेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार का विजन नागरिक केंद्रित विकास पर आधारित है। उन्होंने कहा, ळहम लगातार सुधारों के जरिए नागरिकों के जीवन को आसान बना रहे हैं। अब 12 लाख रुपये तक की आय टैक्स फ्री है। सस्ती दवाइयां, सस्ता इलाज और आयुष्मान जैसी योजनाएं नागरिकों के जीवन में नई सहजता ला रही हैं।ङ्क

उन्होंने कहा कि नवरात्रि के पहले दिन से जीएसटी में भारी कटौती की गई है और आंध्र प्रदेश में लोग ळजीएसटी बचत उत्सव मना रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर बिजली, सड़क, रेलवे और औद्योगिक विकास से जुड़ी कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि देश की ऊर्जा सुरक्षा में आंध्र प्रदेश की बड़ी भूमिका है। आज बिजली क्षेत्र में तीन हजार करोड़ रुपये की ट्रांसमिशन परियोजना शुरू हुई है। इससे देश की ऊर्जा क्षमता में वृद्धि होगी।

उन्होंने याद दिलाया कि कंाग्रेस शासन के समय प्रति व्यक्ति बिजली खपत एक हजार यूनिट से भी कम थी और कई गांव अंधेरे में डूबे रहते थे। आज भारत हर गांव तक बिजली पहुंचा चुका है और प्रति व्यक्ति खपत 1,400 यूनिट तक बढ़ चुकी है। यह भारत की एनर्जी क्रांति है, जिसका बड़ा केंद्र आंध्र प्रदेश है।

मोदी ने श्रीकाकुलम-अनुगूल प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना और चित्तूर में एलपीजी बॉटलिंग प्लांट का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे लाखों घरों को गैस आपूर्ति और युवाओं को रोजगार मिलेगा।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार विकसित भारत के लक्ष्य को पाने के लिए मल्टीमॉडल इंफ्रास्ट्रक्चर पर तेजी से काम कर रही है। उन्होंने कहा, ळहमारा ध्यान गांवों से शहरों और शहरों से बंदरगाहों तक कनेक्टिविटी को मजबूत करने पर है। सब्बावरम-शीलानगर छह-लेन ग्रीनफील्ड राजमार्ग इसका उदाहरण है। रेलवे क्षेत्र में नई परियोजनाओं की शुरुआत का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि रेल फ्लाईओवर और नई लाइनें यात्रियों को सुविधा और उद्योगों को नई गति देंगी।

उन्होंने कहा कि पिछले 16 महीनों में आंध्र प्रदेश विकास की तेज़ राह पर अग्रसर हुआ है। उन्होंने कहा, ळडबल इंजन की सरकार की ताकत से दिल्ली और अमरावती मिलकर विकास को नई ऊंचाई पर ले जा रहे हैं। 2047 में जब आज़ादी के 100 वर्ष पूरे होंगे, तब भारत विकसित राष्ट्र बन चुका होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आंध्र प्रदेश गौरव, संस्कृति, विज्ञान और नवाचार की भूमि है। चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण के नेतृत्व में राज्य को सही दृष्टिकोण और केंद्र सरकार का समर्थन मिला है। अब आंध्र प्रदेश आत्मनिर्भर भारत की सफलता का प्रमुख केंद्र बन चुका है।

# बिहार विधानसभा चुनाव : भाजपा की राह पर बिहार में राजग के सहयोगी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**■ 183 उम्मीदवार में एक भी मुस्लिम चेहरा नहीं**

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों ने अब तक 182 उम्मीदवारों की सूची जारी की है। इनमें एक भी मुस्लिम नहीं है। अब तक घोषित उम्मीदवारों से साफ है कि राजग के घटक दल भी अब भाजपा की राह पर चल पड़े हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अपने कोटे के सभी 101 उम्मीदवारों के नामों की सूची जारी कर दी। भाजपा ने पहली लिस्ट में 71 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की थी। इसके बाद बुधवार को भाजपा ने 12 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी की और फिर बुधवार देररात शेष बचे 18 उम्मीदवारों के नामों की भी घोषणा कर दी। इसी तरह जदयू ने भी 57 उम्मीदवारों की सूची जारी की है, उनमें एक भी मुस्लिम चेहरा नहीं है। लोजपा-आर की 15, हम की 06 और उपेंद्र कुशवाहा की अगुवाई वाली आरएलएम 04 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। इनमें से एक एक भी सीट पर अल्पसंख्यक उम्मीदवार को तव्वजों नहीं दी गई है। भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की सूची में राजपूत, भूमिहार, ब्राह्मण और वैश्य वर्ग पर अपना राजनीतिक दांव लगाया है। अधिकांश स्थानों पर उम्मीदवार इन्हीं जातियों से चुने गए हैं, जबकि यादव समुदाय के कई नेताओं के टिकट इस बार कट गए हैं। यहां तक कि बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव तक को टिकट नहीं मिला। हालांकि, उसकी क्षतिपूर्ति दानापुर से पूर्व केंद्रीय मंत्री राम कृपाल यादव को टिकट देकर की गई है। भाजपा की सूची से यह साफ दिखाई देता है कि जहां-जहां सवर्ण जातियां सामाजिक और आर्थिक रूप से प्रभावशाली हैं, उन इलाकों में



पार्टी ने खुल कर उन्हीं को टिकट दिया है। इसका अर्थ स्पष्ट है कि भाजपा को विश्वास है कि नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सवर्ण उम्मीदवारों को अति पिछड़े वर्ग का समर्थन प्राप्त हो सकता है। यह वर्ग राज्य में लगभग 36 प्रतिशत मतों का हिस्सा रखता है और इन्हें अक्सर ल्लचुप्पा वोटरङ्क भी कहा जाता है। हालांकि मगध क्षेत्र में चंद्रवंशी समाज राजनीतिक रूप से मुखर है और उन्हें अपनी सक्रियता का लाभ भी मिलता आया है, लेकिन वह प्रभाव उस स्तर का नहीं है जो पिछड़े वर्ग में अग्रणी जातियों को प्राप्त होता है। जद (यू) की सूची अपेक्षाकृत मिश्रित है, परंतु दोनों दलों ने यादव उम्मीदवारों को सीमित अवसर दिए हैं। अब तक जद (यू) की सूची में एक भी मुस्लिम नेता को टिकट नहीं मिला है। यहां तक कि मंडल आयोग के जनक स्वर्गीय बीपी मंडल के पौत्र का भी टिकट काट दिया गया है। अति पिछड़े वर्ग के वोटों के सहारे मजबूत उम्मीदवार उतारने की रणनीति मूलतः नीतीश कुमार की रही है, जिसे भाजपा ने सन 2017 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पहली बार अपनाया और फिर योगी आदित्यनाथ ने यही फ़ॉर्मूला 2022 में भारी बहुमत के साथ दोहराया। जब दोनों दलों की संपूर्ण सूची जारी होगी, तब यह समझ पाना अधिक स्पष्ट हो सकेगा कि राजग इस बार चुनावी धारा को किस दिशा में मोड़ने की रणनीति बना रही है। उत्तर प्रदेश और बिहार दोनों राज्यों में चुनावी जीत का मुख्य आधार अति पिछड़ा वर्ग रहा है। सन 2005 के चुनाव से ही यह वर्ग नीतीश कुमार के साथ मजबूती से जुड़ा रहा है। इस वर्ग में सैकड़ों जातियां आती हैं, परंतु कर्पूरी ठाकुर के निधन के बाद इनका कोई राज्यस्तरीय नेता उभर नहीं पाया। नब्बे के दशक में लालू प्रसाद यादव ने भी इस वर्ग से किसी बड़े नेता को विकसित नहीं होने दिया, और नीतीश कुमार ने भी उसी राह पर चलकर किसी को आगे नहीं बढ़ने दिया।

## मोतिहारी विधानसभा से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगे दिव्यांशु भारद्वाज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




पूर्वी चंपारण। पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष रहे और पूर्व युवा जदयू प्रदेश अध्यक्ष दिव्यांशु भारद्वाज मोतिहारी विधानसभा से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने की घोषणा की है। मीडिया को इसकी जानकारी देते उन्होने कहा कि वे 17 अक्टूबर को निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन करेंगे। नामांकन के अवसर पर हवाई अड्डा मैदान, मोतिहारी में एक भव्य जनसभा आयोजित की जाएगी, जिसमें मोतिहारी शहर के सभी वार्डों और 22 पंचायतों से लगभग 10,000 लोग शामिल होंगे। दिव्यांशु भारद्वाज नें कहा कि यह चुनाव मेरे लिए सत्ता पाने का साधन नहीं, बल्कि जनता की आवाज़ को विधान सभा तक पहुंचाने का मिशन है। मैंने राजनीति को करियर नहीं, सेवा का माध्यम चुना है। मोतिहारी में आज भी बिना भवन के केंद्रीय विद्यालय,और केंद्रीय विश्वविद्यालय चल रहा है,आयुर्वेद कॉलेज को बंद कर दिया गया। पूरा जिला बेरोज़गारी, पलायन, टूटी सड़कों, उपेक्षित शिक्षा और कमजोर स्वास्थ्य व्यवस्था से जूझ रही है। ये ही मेरे असली चुनावी मुद्दे हैं,और मैं इन्हीं मुद्दो को लेकर जनता के बीच जाऊंगा। उन्होंने कहा कि मैं किसी पार्टी का नहीं, बल्कि मोतिहारी की जनता का उम्मीदवार बनकर मैदान में उतर रहा हूँ। मेरा विश्वास है कि जब जनता खुद अपनी राजनीति तय करती है, तभी सच्चे मायने में लोकतंत्र जीवित रहती है।

## मुख्यमंत्री धामी का स्वदेशी पर फोकस, खटीमा में खरीदे स्थानीय उत्पाद



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज कुमांऊ दौरे पर हैं। धामी का स्वदेशी पर विशेष फोकस है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि स्वदेशी वस्तुएं खरीदें। उन्होंने खटीमा में 'स्वदेशी अपनाओ' अभियान के तहत पारंपरिक दिया और स्थानीय उत्पादों की खरीदार कर वोकल फॉर लोकल का संदेश दिया। अपने गृह क्षेत्र खटीमा में 'स्वदेशी अपनाओ' का उन्होंने जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से अपील की कि दीपावली के पर्व पर स्थानीय कारीगरों, शिल्पकारों और स्वदेशी उत्पाद निर्माताओं को प्रोत्साहित करें, जिससे न केवल आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को बल मिलेगा, बल्कि गांवों और कस्बों की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली केवल रोशनी, उत्साह और आनंद का पर्व नहीं है, बल्कि यह आत्मनिर्भरता, सम्मान और स्वाभिमान का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा जब हम अपने गांव-कस्बों में बने दीये या अन्य स्वदेशी वस्तुएं खरीदते हैं, तो हम किसी परिवार की आजीविका, उसकी मेहनत और उसकी उम्मीद को सम्मान देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पादों की खरीद से स्थानीय शिल्प, कुटीर उद्योग और महिला स्वयं सहायता समूहों को भी सीधा लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड के कारीगरों की परंपरा और कौशल अत्यंत समृद्ध है। मिट्टी के दीये, हस्तनिर्मित सजावटी सामग्री, जैविक उत्पाद और पहाड़ी खाद्य पदार्थ न केवल स्थानीय स्तर पर लोकप्रिय हैं, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर नागरिक को यह संकल्प लेना चाहिए कि इस दीपावली वह स्वदेशी उत्पादों से ही अपने घरों को रोशन करें, ताकि किसी अन्य परिवार के घर में भी खुशियों के दीप जल सकें। इस दीपावली हम सब मिलकर आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करें। हमारी छोटी-छोटी खरीदारी किसी परिवार के जीवन में नई उम्मीद की किरण बन सकती है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दीपावली, धनतेरस और भैयादूज की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व सबके जीवन में खुशियां, समृद्धि और नई ऊर्जा लेकर आए।

# मुख्यमंत्री ने किया 20.89 करोड़ रुपये से सड़क पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को जनपद ऊधमसिंह नगर के खटीमाऽमेलाघाट राज्य मार्ग (राज्य मार्ग संख्या 107) के पुनर्निर्माण कार्यों का विधिवत पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया। इस परियोजना पर 20.89 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसके अंतर्गत 11.50 किलोमीटर लंबी सड़क का पुनर्निर्माण, केसी ड्रेनेज सिस्टम, सड़क सुरक्षा कार्य, रोड साइनएज की स्थापना तथा टीबीएम एवं बीसी के सुदृढ़ीकरण कार्य शामिल हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह सड़क केवल खटीमा क्षेत्र के विकास की धुरी नहीं है, बल्कि भारत-नेपाल सीमावर्ती संपर्क का भी महत्वपूर्ण मार्ग है। इस सड़क के सुधारीकरण से खटीमा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को न केवल सुगम



यातायात सुविधा मिलेगी, बल्कि सीमावर्ती व्यापार, पर्यटन और शिक्षा से जुड़े अवसरों को भी नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्यों के साथ-साथ भू-कटाव रोकने और स्थानीय जल निकासी व्यवस्था के सुधार पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि सड़क लंबे समय तक टिकाऊ और सुरक्षित बनी रहे। उन्होंने कहा कि खटीमा अब शिक्षा का हब बन चुका है, जहां से प्रदेश ही नहीं बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों के विद्यार्थी भी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि उत्तराखंड का हर क्षेत्र सुगम, सशक्त और समृद्ध बने। विकास की हर परियोजना जनता के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है। खटीमाऽमेलाघाट सड़क परियोजना भी इसी दृष्टि से एक मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कनेक्टिविटी ही विकास की रीढ़ के संकल्प को आगे बढ़ा रही है। इसी भावना के अनुरूप राज्य के प्रत्येक क्षेत्र में सड़कों का विस्तार और आधुनिकीकरण तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने सड़कों को गढ्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री ने सभी को दीपावली और अन्य त्योहारों की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पर्वों के अवसर पर राज्य की सुरक्षा, सौहार्द और स्वच्छता बनाए रखना हम सबकी साझा जिम्मेदारी है।

## वॉट्सएप स्टेटस पर हथियार के साथ फोटो डालनेवाला युवक गिरफ्तार

नवादा। सोशल मीडिया पर हथियार के साथ फोटो डालना नवादा जिले के सिरदला के एक युवक को भारी पड़ गया। थाना क्षेत्र के हाजीपुर गांव निवासी विपिन कुमार को गुरुवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस (8 एमएम) बरामद किया है। थाना अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि युवक द्वारा वॉट्सएप स्टेटस पर हथियार के साथ फोटो वायरल किए जाने की जानकारी मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई। इस पर उन्होंने एसआई संजीत कुमार को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस टीम ने गश्ती के दौरान युवक को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की। पूछताछ के क्रम में आरोपी ने हथियार के स्रोत की जानकारी दी, जिसके बाद डीआईयू नवादा की टीम की मदद से जांच को आगे बढ़ाया गया। जांच के दौरान आरोपी के घर के पास से एक चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि बरामद मोटरसाइकिल पर पुराने नंबर प्लेट लगे थे, जिससे यह अंदेशा है कि बाइक चोरी की है।

# करनदीप की सुरक्षित वापसी राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: धामी

**■ मुख्यमंत्री ने लापता नेवी मर्चेन्ट के करनदीप के पिता से फोन पर की बात विदेश मंत्रालय के संपर्क में है राज्य सरकार**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मर्चेंट नेवी में कार्यरत उत्तराखंड के करनदीप सिंह राणा के लापता होने पर चिंता जताई। मुख्यमंत्री ने करनदीप के पिता से दूरभाष पर बातचीत कर उन्हें हरसंभव सहायता और सहयोग का भरोसा दिया है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि करनदीप की



सुरक्षा और शीघ्र सुरक्षित वापसी राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य सरकार इस मामले में केंद्र सरकार और विदेश मंत्रालय के साथ निरंतर संपर्क में है। उन्होंने स्वयं विदेश मंत्रालय के अधिकारियों से इस विषय पर शीघ्र कार्रवाई और आवश्यक सहयोग के लिए वार्ता करने का निर्णय लिया है। धामी ने कहा कि राज्य सरकार, केंद्र सरकार और संबंधित एजेंसियां आपसी समन्वय के साथ हर आवश्यक कदम उठा रही हैं ताकि करनदीप का पता लगाया जा सके और उन्हें सुरक्षित स्वदेश वापस लाया जा सके। मुख्यमंत्री ने करनदीप सिंह राणा के परिजनों से धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि सरकार उनकी चिंता और पीड़ा को समझती है और इस दिशा में पूरी गंभीरता से प्रयासरत है। उल्लेखनीय है कि देहरादून के 22 वर्षीय करनदीप सिंह राणा मर्चेंट नेवी में सीनियर डेक कैडेट के पद पर तैनात थे और वे 20 सितंबर को एमटी फ्रंट प्रिंसेस शिप से गायब हैं। शिपिंग कंपनी या सरकार की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है। करनदीप की बहन सिमरन राणा के अनुसार करनदीप 18 अगस्त को सिंगापुर से शिप पर चढ़े थे और यह शिप इराक होते हुए चीन की ओर जा रहा था।

## आपसी रंजीश में मुस्लिम युवकों ने हिन्दू लड़कों के ऊपर की चाकुबाजी, आठ उपद्रवी गिरफ्तार

नालंदा। राजगीर थाना क्षेत्र के केशव आश्रम शारदा लॉज में मुस्लिम लड़कों ने हिन्दू लड़कों पर चाकू से हमला कर तीन को बुरी तरह घायल कर दिया। विवाद को लेकर जमकर मारपीट, पथराव और चाकूबाजी की घटना हुई। घटना में तीन व्यक्ति बुरी तरह जख्मी हो गये। जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना गुरुवार की सूबह की है। घटना कि सूचना मिलते हीं पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल कार्रवाई करते हुये आठ उपद्रवी को गिरफ्तार कर लिया है। जख्मी लोगों में जतानी मांझी के पुत्र परदेशी कुमार, संतोष मांझी के पुत्र राहुल कुमार और जतन मांझी के पुत्र जितेंद्र मांझी है। सभी बंगाली पाड़ा निवासी हैं। इस मामले में पुलिस के द्वारा की गयी छापेमारी में मध्य प्रदेश के उमडिया जिला के नारोजाबाद थाना के उमरिया गांव निवासी स्व शंभू वर्मन के पुत्र रोहित वर्मन, मधुबनी जिला के खुटॉना थाना के विशुनपुर गांव के आशिक अली के पुत्र आकिब अली, मधुबनी के खुटॉना थाना के एकहत्था के इकबाल अहमद के मो अजहर इकबाल, मधुबनी के खुटॉना थाना के राकहत्था गांव के नसीम अहमद के पुत्र सदाब अली, पश्चिम बंगाल के जीवनटोला जिला के लालबाजार थाना के मुखनी गांव के मो करीममुल्लाह के पुत्र मो अजीजुल मुल्लाह, पश्चिम बंगाल के जीवनटोला जिला के लाल बाजार थाना के मुखनी गांव के मो करीममुल्लाह के पुत्र मो अजीजुल मुल्लाह, मध्य प्रदेश के उमडिया जिला के नरोजाबाद थाना के लहंगी गांव के अफसर अली के पुत्र मो आरिफ और पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद के बोड़बा थाना के बोदुआ गांव के दिलबहार शेख के पुत्र रिजाउल शेख शामिल है।

# एआई को भारतीय ज्ञान परंपरा के साथ किया जाय विकसित : प्रो जोशी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




नई टिहरी। श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के सेंटर आफ एक्सलेंस एआई ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में नवीनतम रुझान विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का विधिवत समापन हुआ। समापन विवि के कुलपति प्रो एनके जोशी ने किया। विवि के स्वामी विवेकानंद सभागार में समापन हुये कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एनके जोशी ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि भारत में एआई का अर्थ केवल नहीं, बल्कि आविष्कार का आरंभ होना है। ज्ञान, विनम्रता और नैतिकता से प्रेरित मानव प्रगति का आरंभ। उन्होंने संस्कृत श्लोक विद्या ददाति विनयं का उल्लेख करते हुए कहा कि सच्चा ज्ञान तभी सार्थक है जब वह विनम्रता और समाज के कल्याण से जुड़ा हो। कुलपति प्रो जोशी ने अपने विस्तृत संबोधन में एआई की भूमिका को उत्तराखंड के सर्वांगीण विकास से जोड़ते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में एआई आधारित कृषि से किसानों की आय दुगुनी होगी। ड्रोन तकनीक भूस्खलन, बाढ़ और आपदाओं में राहत व बचाव का नया अध्याय लिखेगी। पर्यटन क्षेत्र में एआई आधारित स्मार्ट पर्यटन प्लेटफॉर्म न केवल पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करेंगे, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बनाएंगे। गृहिणियों और आम नागरिकों के लिए एआई डिजिटल सशक्तिकरण का माध्यम बन सकता है, विशेषकर जब यह स्थानीय भाषाओं जैसे गढ़वाली और कुमाऊँनी में उपलब्ध हो। स्वास्थ्य सेवाओं में टेलीमेडिसिन, रिमोट डायग्नोस्टिक्स और एआई-पावर्ड पोर्टेबल उपकरण पहाड़ी क्षेत्रों में उपचार को सुलभ और सस्ता बनाएंगे। शिक्षा और कौशल विकास में एआई प्रत्येक छात्र की सीखने की गति और क्षमता के अनुसार व्यक्तिगत अध्ययन अनुभव प्रदान करेगा। इस सम्मेलन में प्रो जोशी व प्रो एमके शर्मा व डा प्रशांत की संपादित पुस्तक एआई फार आल का विमोचन भी किया गया। संगोष्ठी में 120 से अधिक शोध पत्र प्राप्त हुए और लगभग 300 प्रतिनिधियों द्वारा इस सम्मेलन में प्रतिभाग किया गया। सम्मेलन के तकनीकी सत्रों में प्रो पीएम पाठक, प्रो आशुतोष भट्ट, प्रो हिमांशु गुप्ता, प्रो राकेश मोहन गुप्ता, प्रो एमके शर्मा, प्रो राम ज्वारी, प्रो मयंक अग्रवाल, डा गौरव वार्षणेय आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय पोषण माह का समापन समारोह शुक्रवार को देहरादून में

नई दिल्ली। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रीय पोषण माह का समापन समारोह शुक्रवार को देहरादून में होगा। मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय के मुताबिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर, उत्तराखंड की महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य और उत्तराखंड के ग्रामीण विकास मंत्री गणेश जोशी उपस्थित रहेंगे। समारोह में सामुदायिक प्रयास, क्षेत्रीय पहल और पोषण संबंधी गतिविधियों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ ही पोषण और मिशन शक्ति चैंपियनों को सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम सामूहिक कार्य को बढ़ावा देता है और सुपोषित एवं विकसित भारत के लिए जन आंदोलन को आगे बढ़ाता है। यह कार्यक्रम 17 सितंबर को मध्य प्रदेश के धार से शुरू किया गया था। यह आयोजन मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के अंतर्गत देशभर में पोषण जागरूकता और सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने और व्यवहार में बदलाव को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक महीने लंबे जन आंदोलन के समापन का प्रतीक है। कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और उत्तराखंड सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ही राज्यभर से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं भी भाग लेंगी।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063